रांची
गुरुवार
15.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 05
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-223 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

यदि आप दूसरों में खुशियां तलाशते हैं तो आप अकेले हो सकते हैं, पर इन्हें खुद में तलाशेंगे तो अकेले रहने पर भी आप खुश रह सकते हैं।

**कैबिनेट : राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मास्टर स्ट्रोक**

## 1932 खतियान आधारित होगी स्थानीय नीति

### झारखंड कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला : ओबीसी को मिलेगा अब 27 प्रतिशत आरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें राजनीतिक रूप से दो अत्यंत महत्वपूर्ण फैसलों को भी मंजूरी दी गयी, जिसमें 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव भी शामिल है। बैठक समाप्त होने के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राज्य में सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण प्रतिशत बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने का फैसला लिया गया है। इससे संबंधित विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी गयी। इसके तहत अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत ओबीसी अनुसूची-1 को 15, ओबीसी अनुसूची-2 को 12 प्रतिशत (अर्थात ओबीसी को 27 प्रतिशत) और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस बाबत प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जायेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने संबंधित एक विधेयक को भी मंजूरी प्रदान कर दी गयी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि इसके तहत राज्य में वैसे व्यक्ति को स्थानीय माना जायेगा, जिनके पूर्वज का नाम 1932 या पूर्व के सर्वे खतियान में होगा। उन्होंने बताया कि भूमिहीन और जिनका खतियान नहीं मिल पा रहा है, वैसे लोगों के संबंध में ग्रामसभा द्वारा निर्णय लिया जायेगा। इससे संबंधित प्रस्ताव भी विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जायेगा और इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जायेगा।

मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन एवं मानदेय नियमावली-2022 की स्वीकृति मिलने के बाद मंत्रालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत तथा आभार व्यक्त किया।

### 90 प्रतिशत अनुदान पर रबी फसल के लिए बीज

**झारखंड** कैबिनेट द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। सुखाड़ के मद्देनजर किसानों को अब 90 प्रतिशत अनुदान पर रबी फसल के लिए बीज देने का निर्णय लिया गया। पहले 50 फीसदी अनुदान पर रबी फसल के लिए बीज देने का निर्णय लिया गया। मंत्रियों के स्कॉट वाहन के लिए 4 करोड़, 86 प्रखंडों में आवासी परिसर निर्माण के लिए 468 करोड़, आंगनबाड़ी केंद्रों में एलपीजी सिलेंडर और कनेक्शन के दर में बढ़ोत्तरी, स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को दो दिन की जगह अब पांच दिन अंडा-फल और दूध देने का निर्णय लिया गया। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को प्रति वर्ष दो गर्म पोषाक दिया जायेगा। प्रति स्वेटर पर दो सौ रुपये खर्च किये जायेंगे। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के लिए रांची के इटकी में 120 से 150 करोड़ रुपये भूमि 99 साल लीज पर देने का निर्णय लिया गया। कंपनी की ओर से तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई को संविधान संशोधन की दी मंजूरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बीसीसीआई के कूलिंग ऑफ पीरियड में बदलाव को मंजूरी दे दी। इस फैसले के बाद अब कोई पदाधिकारी स्टेट बॉडी में तीन साल से ज्यादा और बीसीसीआई में लगातार दो बार यानी छह साल तक पद पर बना रहेगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह को मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अब राज्य क्रिकेट एसोसिएशन और बीसीसीआई के कार्यकाल को एक साथ नहीं माना जायेगा। ऐसे में कोई अधिकारी राज्य क्रिकेट में छह साल काम करने के बाद बीसीसीआई में भी छह साल काम कर सकता है। बीसीसीआई में लगातार छह साल पूरे होने के बाद तीन साल तक कोई भी पद पर नहीं रह सकता है। दरअसल, बीसीसीआई ने 2019 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर तीन साल के कूलिंग ऑफ पीरियड के प्रावधान को खत्म करने की इजाजत मांगी थी। इस मामले में बीसीसीआई का कहना है कि कूलिंग ऑफ पीरियड किसी सदस्य के एक ही स्थान पर लगातार छह साल तक पद संभालने के बाद आना चाहिए, न कि स्टेट फेडरेशन या बीसीसीआई दोनों को मिलाकर।

## अधिवक्ता राजीव कुमार पर दर्ज केस की सीआईडी करेगी जांच

### रांची पुलिस ने सीआईडी अनुसंधान का प्रस्ताव भेजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार पर रांची के एसटी-एसपी थाने में दर्ज केस की जांच सीआईडी करेगी। रांची पुलिस ने विवादित अधिवक्ता पर 19 अगस्त को दर्ज केस की सीआईडी जांच का प्रस्ताव सीआईडी मुख्यालय को भेजा है। सीआईडी जल्द ही इस मामले में अनुसंधान टेकओवर करेगी। इस मामले में इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को जांच पदाधिकारी बनाया जायेगा। कोलकाता पुलिस के द्वारा शेल कंपनियों से जुड़े केस में पैसे मांगने के आरोप में अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी के बाद दीपक कच्छप नाम के व्यक्ति ने एसटी-एससी थाना में अधिवक्ता पर मामला दर्ज कराया था।

गौरतलब है कि कोलकाता में दर्ज केस में राजीव कुमार को जमानत मिल गयी है, लेकिन ईडी के द्वारा मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी बनाये जाने के कारण उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

**क्या है मामला**

**राजीव** कुमार समेत पांच लोगों पर आदिवासी जमीन को षड्यंत्र कर धोखाधड़ी कर बेचने और विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग व जान से मारने की धमकी देने का आरोप दीपक कच्छप ने लगाया था। दीपक के द्वारा एसटी-एससी थाना में दर्ज कराये गये मामले में कहा गया था कि हेहल अंचल अंतर्गत मौजा भीठा थाना संख्या 187 के खाता संख्या-6 प्लॉट संख्या 926 रकवा 1 एकड़ 41 डिसमिल भूमि और खाता संख्या 84 के प्लॉट संख्या 611, रकवा 89 डिसमिल कुल रकबा 2 एकड़ 20 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी-शाह ने हिंदी दिवस पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी दिवस पर लोगों को बधाई देते हुए बुधवार को कहा कि भारत की राजभाषा ने देश को विश्वभर में एक विशिष्ट स्थान दिलाया है। श्री मोदी ने ट्विटर पर एक संदेश में कहा कि हिंदी की सरलता, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस पर मैं उन सभी लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में अपना अथक योगदान दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिंदी दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोती है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। मोदी सरकार हिंदी सहित सभी स्थानीय भाषाओं के समानांतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद कैदी की मौत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के बैरक नंबर नौ में बंद एक कैदी की मौत हो गयी। बुधवार को उसका शव बैरक से बरामद किया गया। मृतक का नाम संजय महतो है और वह मांडर थाना क्षेत्र का रहनेवाला था। जेलर के अनुसार बीते मंगलवार की रात सवा आठ बजे संजय खाना खाने के बाद अपने बैरक में सोने के लिए चला गया। सुबह में जब कैदियों की गिनती शुरू हुई तब वह नदारत था। कुछ कैदी जब उसे बैरक में उठाने के लिए गये तो देखा कि वह अचेत पड़ा है। खबर मिलने के बाद जेल प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कैदी को जेल अस्पताल के बाद आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जेलर ने आशंका जतायी है कि कैदी की हार्ट अटैक से मौत हुई है। हालांकि, संजय के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिया गया।

## पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव को ईडी ने दिया आखिरी मौका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन से जुड़े मामले में पंकज मिश्रा का करीबी दाहू यादव उपस्थित नहीं

- ▸▸ आज उपस्थित नहीं हुए तो वारंट व संपत्ति जब्ती की होगी कार्रवाई
- ▸▸ तीन बार नोटिस मिलने के बाद भी उपस्थित नहीं हुआ दाहू यादव

हो रहा। ईडी ने चौथी व अंतिम बार नोटिस देकर दाहू यादव को उपस्थित होने का नोटिस दिया है। 15 सितम्बर को रांची जोनल ऑफिस में उसे आने का नोटिस ईडी ने साहिबगंज स्थित आवास पर दिया है। ईडी के समक्ष अनुपस्थित होने पर ईडी अब दाहू यादव के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट लेगी। वहीं, अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी। आठ जुलाई को ईडी ने पंकज मिश्रा, दाहू यादव समेत कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद 12 से 18 जुलाई तक दाहू ईडी के समक्ष हाजिर हुआ था, लेकिन बाद में अपनी मां की तबीयत खराब होने की बात कह दाहू ने ईडी से वक्त मांगा, इसके बाद अंडरग्राउंड हो गया। ईडी ने दाहू यादव की तलाश में कई बार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हिंदी हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हिंदी दिवस के दिन

- ▸▸ हिंदी दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यवासियों को दीं शुभकामनाएं
- ▸▸ मुख्यमंत्री हेमंत बोले - हिंदी भाषा तिरंगा जैसी, सभी ने अपनाया

हम सभी को यह बात समझनी चाहिए कि भाषा मनुष्य जीवन में बहुत ही अहम भूमिका अदा करती है। किसी भी व्यक्ति के लिए धन-दौलत से भी बड़ा उसकी भाषा है। हमारा देश बहुभाषी देश है, परंतु एक देशवासी होने के नाते हम सभी लोगों को हिंदी भाषा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने, उसे जीवित रखने के संकल्प के साथ हिंदी दिवस को मनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में विभिन्न भाषा-संस्कृति के लोगों ने तिरंगे झंडे को अपनाने का काम किया है, उसी प्रकार सभी लोग हिंदी भाषा को अपनाने का काम करें। तिरंगा सिर्फ एक ही भाषा बोलता है कि हम भारतीय हैं। जिस प्रकार तिरंगा देश की पहचान है वैसे ही हिंदी भाषा भी देश की पहचान होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कहीं न कहीं देश और दुनिया में प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भाषाओं पर बहुत बड़ा आघात पहुंच रहा है। लोग अपने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### वैश्विक स्तर पर हिंदी की बढ़ी स्वीकार्यता : मुख्य सचिव

**मुख्य** सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की स्वीकार्यता बढ़ी है। हमारे देश के वैसे नागरिक जो अन्य देशों में रह रहे हैं वे हमारी हिंदी भाषा को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परंपराओं को एक धागे में पिरोने का काम करती है। हिंदी हमारे देश का ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। मुख्य सचिव ने कहा कि आजादी की लड़ाई के महानुभावों ने भी हिंदी भाषा की वकालत की थी। प्रशासनिक तथा न्यायालय से संबंधित कार्यों में भी हिंदी भाषा का प्रयोग करना आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक प्रियदर्शी एवं युवा कवयित्री जसिंता केरकेट्टा ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा के महत्व पर पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**भाजपा का ममता सरकार पर हमला, कहा -**

## पश्चिम बंगाल में कानून का राज खत्म हाईकोर्ट ने राज्य गृह सचिव से मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कोलकाता मे बीजेपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये हमले को लेकर टीएमसी पर हमला बोला है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ममता जी सीपीएम की सरकार ने आपके उपर भी लाठी चलायी थी क्या आप भूल गयीं। ममता बनर्जी बंगाल की सरहद के बाहर लोकतंत्र को बचाने की बात करती हैं और बंगाल के अंदर लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन में सारी सरहदें पार कर दी है।

**कोलकाता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट :** कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के

गृह सचिव से इस आरोप पर रिपोर्ट मांगी है, बीजेपी समर्थकों को उनके नबन्ना कार्यक्रम में जाने से बलपूर्वक रोका। पीठ ने राज्य के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई अनावश्यक गिरफ्तारी न हो और रैली के सिलसिले में किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से हिरासत में न लिया जाये। हाईकोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को 19 सितम्बर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

**टीएमसी ने भी भाजपा पर लगाया आरोप :** टीएमसी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का पाखंड उजागर हो गया है। क्या हमारे पुलिसकर्मी इसी के लायक है? बारिश हो या धूप वे अपनी सीमा के आगे जाकर लोगों की रक्षा करते हैं। वे हमें हर समय सुरक्षित रखते हैं। राखी पर, बंगाल भाजपा के नेता ने पश्चिम बंगाल के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और तस्वीरें खिंचवाईं और अन्य दिन पथराव करते हैं।

## नीतीश से बात नहीं बनने से बेचैन पवन व प्रशांत

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जब पीके यानि प्रशांत किशोर पांडेय जदयू में आये थे और कुछ ही दिनों में नीतीश के अति प्रिय हो गये थे, तो उनकी रामचंद्र प्रसाद सिंह (आरसीपी) से 36 का आंकड़ा हो गया। क्योंकि, आरसीपी खुद कुर्मी जाति का होने के चलते नीतीश का उत्तराधिकारी व जदयू का सर्वेसर्वा होना चाहते थे। जबकि पीके पांडेय अपने को आधुनिक चाणक्य व नीतीश का अति विश्वास पात्र मानने के कारण नीतीश के बाद जदयू पर अपनी पूरी पकड़ का ख्वाब देखने लगे थे, लेकिन उस दौरान आरसीपी बनाम पीके की सौतिया डाह में आरसीपी ने बाजी मार ली। पीके को जदयू उपाध्यक्ष पद छोड़कर जाना पड़ा। बाद में आरसीपी जदयू अध्यक्ष बना दिये गये, लेकिन मामला तब बिगड़ा जब आरसीपी अंदर-अंदर भाजपा के केंद्रीय सत्ताधारी सर्वोच्च द्वय से घनिष्ठता बढ़ाकर केंद्र में मंत्री बन गये। चर्चा होने लगी कि महाराष्ट्र ऑपरेशन के पहले आरसीपी के मार्फत बिहार ऑपरेशन होना था, लेकिन राज्य खुफिया एजेंसियों से इसकी सूचना

मिलने के बाद नीतीश सतर्क हो गये और उन्होंने आरसीपी को पहले तो जदयू अध्यक्ष पद से हटाया, उसके बाद राज्यसभा का तीसरा टर्म नहीं दिये। जिसके कारण उनका राज्यसभा का टर्म खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री को उनको केंद्रीय मंत्री पद से हटाना पड़ा। उसके बाद तो जदयू ने आरसीपी को पार्टी से भी निकाल दिया। फिर भाजपा से गठबंधन तोड़ राजद के साथ सरकार बना ली। इस तरह से नीतीश ऐसा दाव चले जिससे आरसीपी बिहार का शिंदे नहीं बन पाये और भाजपा का लोटस अभियान बिहार में फुस्स हो गया। जिस आरसीपी से सौतिया डाह के चलते पीके को जदयू से हटाया गया था, उस आरसीपी को तो जदयू ने अब किनारे लगा दिया है। ऐसे में पीके को लग रहा है कि अब यदि नीतीश बुला लें, तो मौका अच्छा है। लेकिन नीतीश व उनके लोगों को लगता है कि पीके और आरसीपी दोनों के तार अंदर-अंदर भाजपा के सुपर हुक्मरान से जुड़े हुए हैं। ऐसे में इन दोनों पर किसी भी तरह से विश्वास करना धोखा खाने की तरह होगा। हालांकि, पवन वर्मा जो जदयू से जाने के बाद टीएमसी में थे, लेकिन वहां राज्यसभा में नहीं भेजे जाने से उसे अलविदा कह दिये हैं, और आकर पटना में मुख्यमंत्री नीतीश से मिले थे। उसके बाद वह अपने मित्र पीके से मिलने गये थे। जिस पर कुछ राजनीतिक कहने लगे हैं कि पवन और पीके को एक मजबूत सहारे की तलाश है। लेकिन नीतीश कुमार दोनों को अच्छी तरह जान चुके हैं। ऐसे में वे दोनों यदि नीतीश व जदयू के लिए बिना बड़ा पद के काम करने की इच्छा से आते हैं, तब तो नीतीश दोनों को एक और मौका दे सकते हैं। नहीं, तो जो करना हो करते रहें।

## पांच राज्यों की 15 जातियां अनुसूचित जनजाति में शामिल

### केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला ○ उत्तर प्रदेश के रविदास नगर का नाम भी बदला गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को पांच राज्यों की 15 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। गोंड-भारिया जैसी जातियों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। कैबिनेट ने पांच राज्यों छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में करीब 15 जनजातीय समुदायों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह जानकारी दी। इस फैसले के बाद देश में अनुसूचित जनजातियों की

संख्या 705 से बढ़कर 720 हो गयी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में एसटी की जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो देश की कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत है। कैबिनेट की बैठक के दौरान यूपी के रविदास नगर का नाम बदलकर भदोही कर दिया गया है। गोंड जाति की पांच उपजातियों, धूरिया, नायक, ओझा, पठारी, राजगोंड को भी अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया है।

**राज्यसभा में पारित नहीं हो सका था विधेयक :** सरकार ने मार्च में इस मुद्दे से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पेश किया था। जिसमें उत्तर प्रदेश की गोंड, धुरिया, नायक, ओझा पठारी और राजगोंड जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। हालांकि, तब राज्यसभा में यह बिल पास नहीं हो सका है। ऐसे में केंद्रीय मंत्रिमंडल में इसे पारित करने का फैसला लिया गया।

### जनजातियों को होगा फायदा : अर्जुन मुंडा

**केंद्रीय** जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद मीडिया से कहा कि यह प्रस्ताव कई वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मूल रूप से वर्तनी की त्रुटियों और कई समुदायों के समान लगनेवाले नामों के कारण, इन्हें बहुत लंबे समय तक एसटी श्रेणी में नहीं लाया जा सका। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस फैसले से हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के ट्रांस-गिरी एरिया में बसे हट्टी समुदाय के लगभग 1.60 लाख लोगों को फायदा होगा। छत्तीसगढ़ में बिरजिया समुदाय और तमिलनाडु की पहाड़ियों में रहनेवाले सबसे वंचित और कमजोर समुदायों में से एक नारिकुरावर भी लाभान्वित होंगे।

### इन्हें अनुसूचित जनजाति में किया गया है शामिल

**छत्तीसगढ़ :** भूईंया, भूया, पंडो, धनुहार, गदबा, गोंड, कोंध, कोडाकू, नगेसिया, धांगड़, सौंरा, बिंझिया।
**हिमाचल :** हट्टी।
**तमिलनाडु :** कुरुविक्करन।
**कर्नाटक :** बेट्टा कुरुबा।
**उत्तर प्रदेश :** गोंड, उपजाति-धुरिया, नायक, ओझा, पठारी, राजगोंड।

## गोवा में कांग्रेस को बड़ा झटका आठ विधायक भाजपा में शामिल

**पणजी (एजेंसी)।** गोवा में कांग्रेस के 11 विधायकों में से आठ बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गये। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि कांग्रेस के विधायक बिना किसी शर्त के भाजपा में आये हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि गोवा से कांग्रेस छोड़ो यात्रा शुरू हो गयी है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंत शेत तानावड़े के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सावंत ने कहा कि आठ विधायकों के आने के बाद 40 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के

सदस्यों की संख्या बढ़कर 28 हो गयी है। सावंत ने कहा, 'आज के घटनाक्रम के साथ ही भाजपा के पास 33 विधायकों (महाराष्ट्र गोमांतक पार्टी के दो और तीन निर्दलीय विधायकों समेत) का समर्थन हो गया है। गौर हो कि साल 2019 में इसी तरह कांग्रेस के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गये थे।

## न्यूज गैलरी

### झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मेलन आज सिल्ली में, 16 को चंदवा में होगा

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रांची जिला के तत्वावधान में 15 सितंबर को पंच परगना क्षेत्र व 16 सितंबर को लातेहार जिला के चंदवा धूमकु डिया भवन में आंदोलनकारियों का सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन के माध्यम से झारखंड आंदोलनकारियों के मान-सम्मान ,पहचान नियोजन व पेंशन के सवालों को लेकर जागृति पैदा करना। आंदोलनकारियों के अधिकार, सम्मान एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए एक और संघर्ष करने का आह्वान करना है। इस कार्यक्रम में बातौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो सिल्ली में भाग लेंगे। उक्त जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने दी।

### 105 दिव्यांग बच्चों के बीच व्हीलचेयर का वितरण किया गया

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी भवन में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस शिविर के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर रोलेटर पीपी चेयर स्मार्ट पेन एम आई एसबी मोर बैरल मोर एल्बो कैचेज आदि सामानों का वितरण प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उपप्रमुख आरती देवी जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी के द्वारा 105 बच्चों के बीच किया गया एवं 80 बच्चों का जांच भी किया गया। इस मौके पर शिक्षा पदाधिकारी विमल कांत झा, जिला प्रतिनिधि विनय कश्यप, बीपीओ कृष्णा हेमरम, मनोज कुमार, सुरेश चौधरी, शोभा सिंह आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### धनबाद मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

रांची। डीजीपी नीरज सिन्हा ने बुधवार को धनबाद के बैंक मोड़ थानेदार प्रमोद कुमार सिंह, आरक्षी गौतम कुमार व उत्तम कुमार को सम्मानित किया। 6 सितंबर को बैंकमोड़ के मुथूट फिनकार्प में डाका डालने आए अपराधियों के साथ मुठभेड़ में एक अपराधी मारा गया था। जांबाजी दिखाते हुए पुलिसकर्मियों ने फाइनेंस कंपनी में डाका की घटना को भी असफल किया। पुलिस के साहसिक काम के लिए डीजीपी नीरज सिन्हा ने बैंकमोड़ थानेदार प्रमोद कुमार सिंह को 25 हजार व आरक्षी गौतम व उत्तम को दस - दस हजार का चेक देकर पुरस्कृत किया। मौके पर एडीजी अभियान, एडीजी रेल, आईजी मानवाधिकार, आईजी अभियान समेत मुख्यालय के कई अधिकारी मौजूद थे।

### खरसीदाग में मिला महिला का शव

नामकुम। खरसीदाग ओपी क्षेत्र के मांगूबांध में पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान गांव के स्व माडी मुण्डा की पत्नी लुकमणी मुंडाईन 28 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवा दिया। ओपी प्रभारी बैजनाथ कुमार ने बताया कि मामले में गांव के सीवील मुण्डा को गिरफ्तार किया है। ओपी प्रभारी ने बताया कि मंगलवार रात गांव में नाच गाना हो रहा था, लुकमणी वहां पर सीवील के साथ गयी थी। देर रात त कवह वहीं पर थी। सुबह उसका शव घर के पीछे पाया गया कमामले की जानकारी लोगों ने नामकुम पुलिस को दी। जिसके बाद सूचना मिलते ही थानेदार सुनील कुमार तिवारी और ओपी प्रभारी बैजनाथ कुमार मौके पर पहुंचे और शव को जब्त कर रिम्स भिजवाया। मृतका लुकमणी के गले में पड़े निशान को देखकर आशेका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या गला दबाकर की गयी होगी। इधर ग्रामीणों के अनुसार लुकमणी के पति माडी ने भी सीवील के साथ संबंध को लेकर आत्महत्या कर ली थी।

## विवादों में चैंबर चुनावः सदस्य बोले-चुनाव अपारदर्शी व गलतीयुक्त

# चेयरमैन ने कहा, परिस्थिति के अनुसार लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चैंबर चुनाव को संपन्न हुए महज तीन दिन हुए है। इन तीन दिनों के भीतर चैंबर चुनाव कमेटी ने संथाल परगना के आयोजित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव को रद्द कर दिया। जिसका कारण बताया गया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार प्रतीम गाड़िया और संजीत कुमार सिंह ने पत्र के माध्यम से चुनाव के प्रति असंतोष व्यक्त किया। वहीं, अब कार्यकारिणी चुनाव के लिये खड़े उम्मीदवार भी चैंबर चुनाव पर सवाल खड़ा करने लगे है। एक अन्य प्रत्याशी ने चैंबर चुनाव कमेटी के चेयरमैन ललित केडिया और को चेयरमैन पवन शर्मा के नाम पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि चैंबर को अब जागने की जरूरत है। चैंबर की ऑफिस व्यवस्था, मेंबरशिप अपडेट बिल्कुल असंतोषजनक है। यहां तक कि चुनाव पद्धति बिल्कुल अपारदर्शी है।

**क्षेत्रीय चुनाव गलतियों से परिपूर्णः** पत्र में लिखा गया है कि संताल परगना क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव गलतियों से परिपूर्ण, अपारदर्शी और मिस मैनेजमेंट के साथ संपन्न हुआ। यह घोर निंदनीय है। इस पत्र में चुनाव पदाधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल खड़े किये है। जिसमें बताया गया है कि गलतियों के बावजूद दोनों चुनाव पदाधिकारियों ने परिणाम घोषित करने में मनमानी किया। क्षेत्रीय उम्मीदवारों को पदाधिकारी संतुष्ट नहीं कर पायें और जबरन उम्मीदवारों को संतुष्ट करने के बदले चुनाव को ही रद्द कर दिया।

**चुनाव रद्द करने का क्या विशेषाधिकारः** इस पत्र में चुनाव रद्द करने को लेकर चुनाव पदाधिकारियों के विशेषाधिकार पर भी सवाल खड़े किये गये है। पत्र में जिक्र है कि सुदूर संताल क्षेत्र से 43 लोग वोट देने आयें। सबका समय और पैसा बर्बाद हुआ और चैंबर ने मनमाना रवैया दिखा चुनाव रद्द कर दिया। चुनाव रद्द करने का कारण क्या कमेटी के विशेषाधिकार में है। क्या मतदाताओं और उम्मीदवारों का अपने मतों और उसकी गिनती के बारे में जानने का अधिकार नहीं है। आखिर वे चुनाव रद्द करने से पहले दोनों प्रत्याशियों के ऑब्जेक्शन का जवाब क्यों नहीं दे रहे। कुल पड़े मतों की संख्या में अंतर और मतों की गिनती में अपने मन से कुछ मतों को बाहर कर देने का फैसला चुनाव पदाधिकारी कैसे ले सकते हैं। ऐसे चुनाव की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये।

**असंतोषजनक व्यवहार से बचें चैंबरः** पत्र में लिखा है कि चैंबर को ऐसे व्यवहार से बचना चाहिये। क्षेत्रीय उपाध्यक्षों में जिलों के चैंबर और एफिलिएटेड संगठनों के साथ असंतोषजनक व्यवहार और फरमान जारी करने से फेडरेशन को बचना चाहिए। चैंबर को इस मामले में एकता बनाने की जरूरत है।

## गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी कर भारी मात्रा में सरकारी पोषाहार बरामद किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** मुरी ओपी ने गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी कर भारी मात्रा में सरकारी पोषाहार बरामद किया। यह पोषाहार आंगनबाड़ी के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों के बीच निशुल्क वितरण किया जाता है। जो सिल्ली स्टेडियम के पीछे कृष्णा कोइरी के खटाल में पशुओं को खिलाने का काम आ रहा है। सरकार यह पोषाहार का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर यह योजना चला रही है। ताकि गरीब बच्चे को पौस्टिक आहार मिल सके। जिससे बच्चों का कुपोषण दूर हो सके! लेकिन कहीं ना कहीं विभाग कर्मियों की मिलीभगत से निशुल्क बांटने वाला पोषाहार कालाबाजारी के माध्यम से खटाल पहुंच गया। जिसे देखकर लगता है की बच्चों के निवाले को पशुओं का चारा बना दिया गया है! कुछ पैसों के खातिर कर्मचारियों ने ऐसा काम किया है जो माफी के लायक नहीं है। जानकारी के अनुसार मुरी ओपी अंतर्गत ऊपरी चट्टानी स्थित कृष्णा कोईरी के खटाल से अवैध तरीके से बच्चों को दिए जाने वाला सरकारी पोषाहार रखा गया है। गुप्त सूचना मिलने पर मुरी ओपी एवं बाल विकास पदाधिकारी आभा चौधरी ने खटाल पर छापेमारी किया। जहां दो सौ सील पैक पोषाहार की बोरिया एवं कुछ खुली बोरिया के अलावे 400 पैकेट के लगभग दलिया छापामारी के दौरान बरामद हुआ। सभी पोषाहार बोरिया को मुरी ओपी ने जप्त कर थाना ले गए। वहीं बाल विकास पदाधिकारी आभा चौधरी से पूछने पर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। 24 घंटा होने के बावजूद भी अभी तक इस संबंध में मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

## बच्चा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस को सौंपा

# पुलिस ने पूछताछ के बाद थाने से छोड़ा

नवीन मेल संवाददाता

रांची/रातू। राजधानी रांची में बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैल रही है। इसी अफवाह के कारण रांची के रातू थाना इलाके के सिमलिया, नया टोली में बुधवार को ग्रामीणों ने दो महिलाओं को बंधक बना लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि महिलाएं दवा बेचने के नाम पर घर-घर घूम रही हैं और बच्चों को नशीली दवाई सूंघा कर उन्हें बेहोश कर देती हैं और अपने साथ लेकर भाग जाती हैं। मुहल्लेवासियों द्वारा उक्त महिलाओं के लोकल निवास स्थान के बारे में पूछे जाने पर महिलाओं ने अपना पता नया सराय बताया। इसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के चुंगल से महिलाओं को छुड़ाकर थाने ले गयी। थाने में पुलिसिया पूछताछ में महिलाओं ने जानकारी दी कि वे राजस्थान के रहनेवाले हैं और हर साल झारखंड में जड़ी-बूटी बेचने आतीं हैं। उन्होंने अपना ठिकाना नया सराय में बनाया है। वे लोग गांव-गांव जाकर जड़ी-बूटी बेचा करती हैं। बुधवार को भी जड़ी-बूटी बेचने ही निकले थे तभी गांववालों ने उन्हें पकड़ लिया। इधर, मुहल्लेवासी घटना के बाबत जांच से सबंधित जानकारी लेने रातू थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे। थाना प्रभारी ने सारी स्थितियों की जानकारी मुहल्लेवासियों को दी। इसके बाद थाना प्रभारी ने उक्त महिलाओं के खिलाफ साक्ष्य नहीं मिलने के कारण चेतावनी देते हुए उन्हें थाना से जाने की इजाजत दे दी। थाना प्रभारी से मिलनेवालों में राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के साथ रौशन कुमार, पंकज शर्मा, प्रफुल सिंह, मंतोष कुमार आदि थे।

### मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा का सेमिफाईनल आज से

**नामकुम।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा फुटबाल टुर्नामेंट का लीग मैच बुधवार को समाप्त हो गया। गुरुवार से सेमिफाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। सेमिफाईनल का पहला मैच एफसी हुलहुण्डु वर्सेस एफसी कोलाद के बीच खेला जाएगा। वहीं दुसरा मैच एफसी तीनघरवा और एफसी मुनन ब्रदर्श के बीच खेला जाएगा।

# खलारी में 5 घंटे की बारिश, नदियां उफनाई, घर-खदानों में भरा पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खलारी में बीती रात 12 बजे से लगातार 5 घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस कारण दामोदर और सपही नदी में पानी पूरे उफान पर बहने लगा। बारिश के कारण महावीर नगर और मोहन नगर के निचले हिस्से में पानी भर गया। कई घरों में पानी घूस जाने लोग परेशान रहे। तेज बारिश के कारण खुली खदानों में पानी भर गया है। इससे कामकाज पर असर पड़ रहा है। बारिश के कारण केडीएच सब स्टेशन में पानी घूस जाने के कारण दो स्वीच खराब हो गया, जिसके कारण रात 12:30 से दोपहर 3 बजे तक करीब 13 घंटे तक सीसीएल की सभी कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति ठप रही। खिलानधौड़ा के बंद पोखरिया खदान का जलस्तर बढ़ने से रोहिणी और करकट्टा कॉलोनी के लिए पानी सप्लाई के लिए लगा पंप डूब गया। जिसे बुधवार दोपहर भारी मशीन के सहारे निकाला गया। पंप डूब जाने के कारण इन दोनों ही इलाकों में पानी की सप्लाई बंद हो गई है। तेज बारिश के कारण सीसीएल के कई जर्जर आवासों की छतों से पानी टपकने लगा। इसका असर सीसीएल के जर्जर कार्यालय पर भी देखा गया। केडीएच परियोजना कार्यालय की जर्जर छतों से पानी टपकने के कारण कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा। कोयला खदानों में बारिश से पहले मशीनों को ऊपर में लगा देने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ।

### वेटनरी कॉलेज में एफएमडी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में बुधवार को खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) जागरूकता अभियान के अधीन जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश के चतरा, बोकारो, धनबाद, देवघर एवं गिरिडीह जिले के 57 मैत्री प्रशिक्षाणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने किया। मौके पर उन्होंने एफएमडी रोग से होने वाले आर्थिक हानि तथा इस रोग के नियंत्रण में जागरूकता एवं पशुपालकों की महत्वपूर्ण सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सलाह दी कि सही समय पर टीकाकरण तथा जैव सुरक्षा के उपायों से इस रोग से होने वाली आर्थिक हानि को काफी कम किया जा सकता है।

## काकद्वीप में छात्रों ने खारे जल में मछली पालन तकनीक को जाना

# 6 दिवसीय प्रशिक्षण में तकनीकों से रूबरू हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम के छात्रों के दल का 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्रीय खारा जल जीव अनुसंधान केंद्र (सीबा), काकद्वीप, पश्चिम बंगाल में मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरा हुआ। केंद्र प्रभारी डॉ देवाशीष डे और प्रशिक्षण संचालक डॉ प्रेम कुमार ने छात्रों को खारे पानी में मछलियों और झींगा की संस्कृति, जीवित जल जीवों की खाद्य संस्कृति, खारे पानी में सजावटी मछलियों की संस्कृति, खारे जल में मछलियों का पालन, मत्स्य की बीमारी एवं रखरखाव, झींगा का भोजन निर्माण, झींगा के रोगों का निदान और मछली पालन में उपयोगी जैव प्रौद्योगिकी उपकरणों की व्यावहारिक जानकारी दी। छात्रों के दल ने काकद्वीप स्थित मछली बाजार और गंगा सागर क्षेत्र का भ्रमण के दौरान जलीय जंतुओं के नमूनों का संग्रह भी किया। कॉलेज के 28 छात्र-छात्राओं का यह दल 24 दिवसीय एजुकेशनल टूर पर कोलकत्ता एवं काकद्वीप के दौरे पर है। छात्रों को कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार मार्गदर्शन दे रहे है। एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि सभी छात्र आईसीएआर,नई दिल्ली द्वारा अनिवार्य किये गये रेडी प्रोग्राम में रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस (रावे) कार्यक्रम के तहत एजुकेशनल टूर पर है। काकद्वीप में प्रशिक्षण के बाद छात्रों का दल सेंट्रल फिशरीज साइंस इंस्टिट्यूट, कोलकत्ता में 15 दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होंगे। यह दल दीघा स्थित विभिन्न सरकारी फिशरीज फार्म के भ्रमण के दौरान व्यावहारिक जानकारी भी हासिल करेंगे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

**अज्ञात अभियुक्त**

उपरोक्त तीन अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा सोने का चैन छिन लिया गया है। जिसके संबंध में बरियातु थाना काण्ड सं0–54/2022, दिनांक–04.03.2022, धारा–356/382 भा0द0वि0 कर अज्ञात अभियुक्तों की खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त तीनों अभियुक्त आपके क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते हैं तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित प्रतीत होता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि तीनों अभियुक्त कहीं मिलते/ दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर, रांची। – 9431102090

थाना प्रभारी, बरियातु, रांची – 9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 277769 Police (22-23)_D



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची**
**शिक्षा विभाग परिसर, पो०-कोर्ट कम्पाउण्ड,**
**राँची–834001, फोन– 2215544, ईमेल न०– rmsaranchi0651@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

**जिले के +2 उच्च विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक (Surplus) शिक्षकों का विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के संबंध में आवश्यक सूचना :–**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के +2 उच्च विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक (Surplus) शिक्षकों का विद्यालयवार विवरण जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर प्रकाशित करते हुए संबंधित शिक्षकों एवं अन्य से संबंधित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मांग की जाती है। सभी संबंधित शिक्षक एवं अन्य इसके संबंध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 के माध्यम से दिनांक 22.09.2022 तक हार्ड कॉपी में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपति मान्य नहीं होगा।

सभी संबंधित विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 प्रकाशित सूची में से अपने विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा संबंधित सूची की जांच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को लिखित रूप से निर्धारित अवधि के अंदर सूचित करेंगे।

त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

| आपत्ति कर्त्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का साक्ष्य सहित विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

उल्लेखनीय है कि PR No. 277293 HRD 22-23D द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति में माध्यमिक विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की प्रकाशित विवरण में विहित प्रपत्र में दावा–आपत्ति करने की अन्तिम तिथि 30.09.2022 निर्धारित की गई थी, को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए अन्तिम तिथि 22.09.2022 निर्धारित की जाती है।

आपत्ति कर्त्ता का हस्ताक्षर

विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 का हस्ताक्षर

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

PR.NO.277785 Human Resource Developement(22-23):D



**जिला पशुपालन कार्यालय, राँची**

**Lumpy Skin Disease (LSD) या लम्पी त्वचा रोग से बचाव हेतु आवश्यक सूचना**

वर्त्तमान में मवेशीयों में हो रही Lumpy Skin Disease (LSD) या लम्पी त्वचा रोग से बचाव एवं रोकथाम हेतु सुझाव :–

➢ Lumpy Skin Diseases (LSD) (गाँठदार त्वचा रोग) से संबंधित सूचनाएँ –

- यह एक विषाणुजनित छुआछूत संक्रामक बीमारी है।
- LSD मुख्यतः गो जाति एवं भैंस जाति को संक्रमित करने वाला विषाणुजनित रोग है।
- यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित मक्खियों, मच्छरों, एवं चमोकन के काटने से होता है।
- बीमार पशु के नाक, मुख के श्राव एवं घावों से भी इस बीमारी का प्रसार होता है।
- बीमार दुधारू गाय/ भैंस के थन में घाव हो जाने के कारण दुध पीने वाला बाछा/बाछियों में यह बीमारी फैल जाती है।
- गाभिन गाय/भैंस यदि इस रोग से संक्रमित हो गई है, तो उससे जन्म लेने वाले बाछा/बाछियों में भी यह बीमारी जन्म से आ जाती है।
- संक्रमित सांढ़/भैंसा से पाल दिलाने पर अथवा संक्रमित सीमेन द्वारा AI कराने पर भी यह रोग फैलता है।

➢ संक्रमित पशुओं में बीमारी के लक्षण –

- आरम्भ में पशुओं के संक्रमित होने पर आँख एवं नाक से श्राव शुरू होता है।
- तेज बुखार।
- दुग्ध उत्पादन में गिरावट।
- संक्रमित पशुओं के चमड़ी पर गाँठदार घाव उभर जाते है।
- लगभग पूरे शरीर के त्वचा पर 10–50 mm तक के गोलाकार गाँठ का उभरना जो कुछ समय पश्चात खोंटिदार घाव में परिवर्तित हो जाता है।
- कभी–कभी संक्रमित पशुओं में निमोनिया का लक्षण भी पाया जाता है।
- आम तौर पर मादा पशुओं में थनैला हो जाना आम बात है।
- इस बीमारी से मृत्यु दर लगभग 10 प्रतिशत तक है।

➢ बीमारी के बचाव एवं रोकथाम –

- समय–समय पर स्वस्थ पशुओं को टीका लगवायें।
- पशुओं में इस रोग के लक्षण पाये जाने पर इसकी सूचना अविलम्ब अपने नजदीकी पशु चिकित्सक को दें।
- साफ–सफाई का पूरा ध्यान दें।
- बीमार पशु को अलग रखें।
- मच्छर, मक्खी एवं चमोकन पर नियंत्रण हेतु कारगर उपाय करना यथा गोहाल/गौशाला के पास जल जमाव नहीं होने दें। नालियों को साफ रखें। बाह्य परिजीवी नियंत्रण हेतु दवा का उपयोग करें।
- संक्रमित पशुओं को बाहर चारागाह में चरने हेतु नहीं भेजें।
- संक्रमण के दौरान पशुओं का क्रय विक्रय न करें।
- गौशाला में आवाजाही पर कड़ा नियंत्रण रखें।
- संक्रमित मृत पशुओं के शव को लगभग एक मीटर गड्ढ़े में नमक एवं चुना के साथ गाड़ दें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
राँची

PR 277717 Animal Husbandry (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### आरयू के एचआरडीसी में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय, यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में बुधवार को 13वें फैकल्टी इंडक्शन के साथ-साथ हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखे। वहीं, प्रतिभागियों ने हिन्दी के प्रतिष्ठित कवियों की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ एसके साहू, संयोजक डॉ ऊषा किरण समेत अलग-अलग राज्यों के 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### किसान कॉल सेंटर की सेवाओं को और प्रभावी बनाने में लगा कृषि विभाग, सावन कुमार को बनाया नोडल अफसर

रांची। राज्य सरकार ने किसान कॉल सेंटर (1800-123-1136) की सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने की पहल की है। इस सेंटर के जरिये किसानों को कृषि संबंधी सामान्य जानकारी उपलब्ध कराने के अलावे कृषि संबंधी समस्याओं के निदान में मदद दी जाती है। इस सेंटर के और बेहतर संचालन, प्रचार-प्रसार, अनुश्रवण एवं इससे संबंधित सभी तरह के कार्यों के लिये कृषि विभाग के सहायक निदेशक सावन कुमार को नोडल अफसर बनाया गया है। इसके अलावा कृषि निदेशालय ने जिला स्तर पर किसान कॉल सेंटर के निमित्त सभी चौबीसों जिलों में जिला स्तरीय नोडल अफसरों को भी नियुक्त किया है। कृषि निदेशक निशा उरांव ने नोडल अफसरों को नियुक्त किये जाने के अलावा उनके लिए कई जिम्मेवारी भी तय की है। सेंटर के प्रचार-प्रसार हेतु उस पर आवश्यक कार्रवाई के अलावा कृषक गोष्ठी, कृषक मेला एवं अन्य माध्यमों से अधिक से अधिक किसानों को किसान कॉल सेंटर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। राज्य स्तर पर कॉल सेंटर के लिए नोडल अफसर बनाए गये सावन कुमार प्रत्येक पखवाड़े में सभी जिला स्तरीय नोडल अफसरों एवं नोडल एजेंसी के साथ किसान कॉल सेंटर की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इस संबंध में तैयार प्रतिवेदन कृषि निदेशक को देंगे।

### एक्सआईएसएस में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित करेगा

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी), अपने वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत यौन शोषण और दुर्व्यवहार के खिलाफ रोकथाम-शिक्षा, जागरूकता और शिकायत प्रक्रिया, पर दो दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन कर रही है। कार्यशाला का आयोजन 15-16 सितंबर 2022 तक संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों के लिए फा माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे ऑडिटोरियम, एक्सआईएसएस, रांची में किया जा रहा है। वर्कशॉप की रिसोर्स पर्सन, एडवोकेट नवमल्लिका गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली हैं, जिन्हें इससे संबंधित मुद्दों पर विशेषज्ञता हासिल है।

### 14 सितंबर को देश में हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया

रांची। हर वर्ष 14 सितंबर को देश में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हिंदी भाषा के महत्व को पहचानने और युवा पीढ़ी को इसके अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। दुनिया भर में लगभग 120 मिलियन लोग दूसरी भाषा के रूप में हिंदी बोलते हैं, और 420 मिलियन से अधिक लोग इसे अपनी मातृभाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी साहित्य का सम्मान करने और हिंदी भाषा के प्रति सम्मान दिखाने के लिए इस दिन देश भर में कई सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किए जाते हैं। हिंदी दिवस पर, मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और नागरिकों को हिंदी भाषा में उनके योगदान के लिए राजभाषा कीर्ति और राजभाषा गौरव जैसे पुरस्कार भी दिए जाते हैं। देवनागरी लिपि में लिखी गई इंडो-आर्यन भाषा हिंदी को 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। यह भारतीय गणराज्य की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है।

## पोषण अभियान अन्तर्गत नेत्रहीन छात्रों को मंत्री ने मन लगाकर पढ़ने की दी सलाह, कहा

# सरकारी के स्तर से हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण माह 2022 के उपलक्ष्य में जोबा माझी, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड द्वारा राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय, हरमू, राँची प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। मंत्री द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित छात्रों को मन लगाकर अध्ययन करने का सलाह देते हुए सरकार के स्तर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को पोषण माह का आयोजन सरकार द्वारा निर्गत मार्ग-निर्देश के आलोक में करते हुए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए भोजन के प्रति पौष्टिकता से संबंधित जानकारी भी जन-जन तक पहुँचाने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित

अतिथियों का स्वागत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती द्वारा किया गया। जबकि जिला प्रशासन की ओर से मंत्री महोदया का स्वागत अपर समाहर्त्ता, राँची श्री राजेश कुमार बरवार द्वारा किया गया एवं सभा को भी संबोधित किया गया। मंत्री का आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं स्थानीय गीतों के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गान के माध्यम से उपस्थित अतिथिगणों का स्वागत किया गया। मंत्री के विद्यालय में आगमन पर सभी छात्रों में उत्साह देखा गया। माननीया मंत्री द्वारा भी उपस्थित छात्रों से उनके पढ़ाई एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्कूल के सुसज्जिकरण हेतु ज्ञापन सौंपा

> मंत्री के विद्यालय में आगमन पर सभी छात्रों में उत्साह देखा गया। माननीया मंत्री द्वारा भी उपस्थित छात्रों से उनके पढ़ाई एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

गया। जिसपर माननीया मंत्री द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा उपस्थित अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन करते हुए अंग वस्त्र से सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्त्ता, रांची राजेश कुमार बरवार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्वेता भारती जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, महिला पर्यवेक्षिकाएं, स्कूल के शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

## एक युवक ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांटाटोली रविदास मोहल्ला के रहने वाले एक युवक ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को उसका शव घर के कमरे से बरामद किया है। मृतक का नाम सुनील कुमार उर्फ हबलू है और वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रविदास मोहल्ला में रहता था। वह कोकर स्थित एक बाइक शोरूम में काम करता था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में ही सुनील ने आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार मृतक की कुछ ही दिनों पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसके घर में पारिवारिक कलह चल रहा था। उसी दौरान उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गयी। तब से वह अकेला ही रह रहा था। काम से आने के बाद वह शराब के नशे में चूर रहता था। पत्नी के मायके जाने से वह काफी परेशन रहता था। बीते मंगलवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह में काफी देर तक जब उसके घर का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोग परेशान हो गए। उसे उठाने का प्रयास किया। मगर भीतर से कोई आवाज नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर आसपास व परिजन घुसे तो देखा कि सुनील पंखा में फंदा लगाकर झूल रहा है। घटना आनन-फानन में पास के अस्पताल में उसे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोअर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स दी। मामले यूडी केस दर्ज किया गया।

## द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ शिविर का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग की ओर से हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के. निराला की अध्यक्षता में बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय जरंगा, प्रखंड अड़की, जिला खूंटी में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस इस मौके पर मुख्य अतिथि लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ के अध्यक्ष युवराज पासवान एवं क्लब के डायरेक्टर आरती गुप्ता, छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक सतीश सिंह, रवि पासवान, हरिनाथ साहू, महेश चंद्रा आदि मौजूद थे। मौके पर डॉ. एस.के. निराला ने कहा गरीब जरूरतमंदों एवं लाचार मरीजों को हॉस्पिटल द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। सामाजिक दायित्व के तहत हर लोगों का इलाज किया जायेगा। गरीबी के अभाव में किसी का इलाज रुकना नहीं चाहिए। इस मौके पर फिजिशियन डॉक्टर डॉ. गणेश कुमार सिंह उनके टीम के द्वारा लगभग

80 जरूरतमंद ग्रामीणों की ईलाज की गई। साथ ही खान-पान, रहन-सहन एवं मौसमी बीमारियों से बचने की सलाह भी दी गई। मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीणों को हरी साग सब्जी, कैल्शियम के लिए दूध पीने एवं योगा करने की भी सलाह दी गई। कैंप को सफल बनाने बनाने में मुख्यरूप से डॉ. गणेश कुमार सिंह, सिस्टर सुषमा कुमारी, प्रमिला हंसदा, पी. आर.ओ. दिवा पासवान, सोनाली खलखो, सुलेखा टूटी, पुष्पा लिंडा आदि की अहम योगदान रही। अतिथियों द्वारा ग्रामीणों के बीच मास्क, सैनिटाइजर, डिटॉल, बैंडेज कॉटन आदि सुरक्षा किट वितरण कर कार्यक्रम की समापन की गई।

## नाली निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाकर पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्य किया बंद

**रांची।** अनगड़ा-हुण्डरू मार्ग में महेशपुर ढलान के समीप बनाये जा रहे नाली निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाकर पंचायत प्रतिनिधियों ने बुधवार को काम बंद करा दिया। इसका नेतृत्व समाजसेवी साहेबराम महतो और मुखिया रौशनलाल मुण्डा ने किया। बाद में विभागीय अभियंताओं द्वारा काम में सुधार करने का आश्वासन दिये जाने पर काम शुरू हुआ। महेशपुर के पास करीब तीन सौ फीट लंबी नाली का निर्माण किया जा रहा है। साहेबराम महतो ने बताया की नाली के पानी को बगैर हटाये ढ़लाई की जा रही थी। जिससे गंदा पानी के साथ-साथ ढलाई की सामग्री भी बह जा रही थी। इससे गुणवत्ता लगातार कमजोर हो रही थी। इस मौके पर शिवचरण मुण्डा, अजीत महतो, राजेश महतो, प्रदीप उरांव आदि उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

# विभिन्न जिलों के 500 कैडेट्स ने शिविर में लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जूनियर डिविजन एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेटों का विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-8 का समापन बुधवार को हो गया। शिविर का आयोजन 19 झारखंड बटालियन एनसीसी, रांची द्वारा बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, होटवार, रांची में किया गया था। 7 से 14 सितंबर 2022 तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर में रांची, बोकारो, तेनुघाट, मुरहू और मांडर के विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। कमांडिंग अफसर एचके पाठक ने बताया कि इस शिविर में ए प्रमाण पत्र परीक्षा 2023 में भाग लेने वाले कैडेटों को विशेष तैयारी करायी

गयी। 19 झारखंड बटालियन के प्रशासी पदाधिकारी कर्नल सुकान्त बहेरा की देखरेख मंई पीआई स्टाफ एवं विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी पदाधिकारियों द्वारा तैयारी करायी गयी। साथ ही कैडेटों को एनडीआरएफ, अग्निशमन, ट्रैफिक कंट्रोल, प्राथमिक उपचार, ट्रैफिक पुलिस, ट्रैफिक नियम के संबंध में जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। इस दौरान वृक्ष संवर्धन एवं राफ्टिंग की जानकारी भी दी गयी। वहीं रांची जिला पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था की विशेष जानकारी शिक्षण एवं प्रदर्शन के माध्यम से दी गई। कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया।

## पीएम आवास (ग्रामीण) : 12.83 लाख आवास योजना हुई पूरी, तीन लाख से अधिक लंबित

**रांची।** झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से स्वीकृत आवासों में 80 फीसदी आवास बनकर तैयार हो गये। इन आवासों पर कई में गृह प्रवेश भी हो गया। केंद्र प्रायोजित इस योजना से झारखंड में अब

तक 15।83 लाख से अधिक आवास योजना स्वीकृत की गयी है, जिसमें से अब तक 12।75 लाख से अधिक आवास बनकर तैयार हो गये हैं। वहीं, तीन लाख से अधिक आवास अब तक लंबित हैं। हालांकि, इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में लंबित आवासों की संख्या के चलते केंद्र ने नये आवास योजना की स्वीकृति नहीं दी है। केंद्र ने पहले लंबित आवास पूर्ण करने को कहा है। ग्रामीण विकास विभाग करीब छह लाख से अधिक आवासों की स्वीकृति की जरूरत और बतायी है, पर केंद्र की मंजूरी नहीं मिलने के कारण नये लाभुकों को आवास योजना स्वीकृत नहीं हो पा रही है। सारी स्थिति समीक्षा आला स्तर पर की गयी है और अब तक की उपलब्धि पर संतोष जताया गया है, लेकिन नये आवास योजना की स्वीकृति के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया है।

## निगम हर रूट पर सिटी बस चलाए : महासंघ

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने शहर में निर्धारित नियम व शर्तों के साथ सिटी राइड बसें चलाने की मांग की है। सड़कों से जहां-तहां सवारी उठाने का कड़ा विरोध किया है। शहर के हर रूट पर सिटी बसों का परिचालन करने की बात कही है। अगर महासंघ की मांगें नहीं सुनी गईं तो वह इसके लिए हाईकोर्ट भी जाने से नहीं कतराएगा। इसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। सिटी बसों को चलाने संबंधी दिशा-निर्देश की जानकारी प्राप्त करने के लिए महासंघ ने सूचना के अधिकार के तहत डीटीओ, आरटीए और रांची नगर निगम में आवेदन भी दिया है। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि यह आवेदन 13 सितंबर को दिया गया है। यदि नियम के विपरीत सिटी बसों का परिचालन हो रहा है तो महासंघ कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

# रांची पुलिस की मनचलों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के स्कूल-कॉलेज गेट के बाहर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में छात्राओं के साथ अक्सर छेड़छाड़ व फब्तियां कसना आम बात हो गई है। रांची पुलिस ऐसे मनचलों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत पुलिस ने एक प्लान तैयार किया है। रांची पुलिस की ओर से शहर के सभी स्कूल-कॉलेजों में होर्डिंग्स लगाया जाएगा। इस होर्डिंग्स में संबंधित इलाके के डीएसपी, थानेदार, शक्ति कमांडो, टाइगर मोबाइल और पीसीआर पुलिस का नंबर अंकित रहेगा। होर्डिंग्स में यह भी अंकित किया जाएगा कि अगर कोई बदमाश परेशान करता है तो होर्डिंग्स में दिए गए नंबर पर तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। निश्चित रूप से कुछ ही देर में शक्ति कमांडो की टीम पीसीआर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचेगी और छेड़खानी करने वाले मनचले को पकड़कर न सिर्फ थाने लाएगी, बल्कि उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भी भेजेगी। एसएसपी किशोर कौशल ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जल्द ही पुलिस होर्डिंग्स लगाने की दिशा में कार्रवाई करेगी।

तीन साल पहले इस योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया था जो आगे चलकर बंद हो गयी। इस में कहा गया था कि छेड़खानी की शिकायतें व्हाट्सएप व फेसबुक पर देना अनिवार्य होगा तभी पुलिस पर पूरी तरह से कार्रवाई कर सकती है। छात्राओं को महिला थाना प्रभारी के नंबर पर शिकायत करने की अपील की गई थी। शक्ति एप बनायी गई थी, जिसमें शिकायत दर्ज होने पर कार्रवाई होने की बात कही गई थी। स्कूल-कॉलेजों के बाहर शक्ति कमांडो की तैनाती भी की गई थी। छात्राओं से आग्रह किया गया था कि वह महिला थाना में जाकर शिकायत कर सकती हैं। अब इस तरह की शिकायत आने पर उन मनचलों पर त्वरित करवाई कर उसे सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

कोट

स्कूल-कॉलेज के इलाकों में शक्ति कमांडों को सघन गश्त लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कॉलेजों में होर्डिंग्स लगाया जाएगा। जिसमें अंकित नंबर पर छात्राएं शिकायत कर सकती हैं। उस पर तुरंत कार्रवाई होगी। पुलिस इसे अभियान के रूप में ली है।

**किशोर कौशल, एसएसपी रांची**

### स्कूल कॉलेजों के बाहर तैनात रहेंगे शक्ति कमांडो

शक्ति कमाडों में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। तैनात महिला पुलिसकर्मियों को निर्धारित स्कूल व कॉलेज में सघन गश्ती लगाने का निर्देश दिया गया है। उनसे कहा गया है कि परेशानी होने पर पीसीआर पुलिस की भी मदद लें। एसएसपी ने सभी शक्ति कमाडों का क्षेत्र भी निर्धारित कर दिया है। एसएसपी ने तैनात पुलिसकर्मियों से कहा है कि वे स्कूल कॉलेज के वक्त गश्ती में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरते। अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**दुकानों में लगता है जमावड़ा :** शहर के सभी कॉलेजों के सौ मीटर के दायरे में दर्जनों दुकानें हैं, जहां मजनुओं और मनचलों को जमावड़ा लगता है। कॉलेज के इर्द-गिर्द ही चाय-सिगरेट की कई दुकाने हैं, जहां बैठकर युवा नशा पान करते हैं और आने-जाने वाली लड़कियों पर कमेंट पास करते हैं। रांची वीमेंस कॉलेज के आस-पास भी कई ऐसे दुकाने हैं, जहां मनचले बैठकर स्मोकिंग करते हैं। जबकि कोटपा एक्ट के तहत शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास किसी तरह के नशे की दुकानों होना गैरकानूनी है। प्रशासन और नगर निगम की लापरवाही का नतीजा है कि बेखौफ ऐसी दुकानें शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास संचालित हो रही है।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की

# योजनाओं में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त रांची विशाल सागर, डीआरडीए निदेशक रामवृक्ष महतो, निदेशक एनईपी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रभारी उप समाहर्त्ता विकास शाखा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी पुराने लंबित मनरेगा योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्य प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की गयी। उपायुक्त द्वारा आवास निर्माण ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं की स्वीकृति करा कर उन्हें पूर्ण कराने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना, और बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत हर पंचायत में कम से कम एक योजना स्वीकृत कर कार्य ससमय पूरा करायें। सर्वजन पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर पेंशन स्वीकृति की गति में तेजी लाने का

> डीसी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना आदि की समीक्षा की।

निर्देश दिया गया। डोर टू डोर सर्वे कर पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ देने के लिए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन भी जल्द से जल्द करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। अन्य योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार के तहत प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।

## चार माह पहले चोरी हुई गाड़ी को पुलिस ने पंडरा से किया बरामद

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने कांटाटोली से चोरी हुआ चार पहिया वाहन को पांच माह बाद पंडरा से बरामद कर लिया है। हालांकि चोरी का आरोपी हजारीबाग जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार कांटाटोली से विपिन कुमार सिंह नामक व्यक्ति की चार पहिया वाहन अप्रैल माह में चोरी हो गयी थी। मामले में विपिन ने लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने जब मामले की तफ्दीश की तो पता चला कि विपिन की गाड़ी पंडरा इलाके में है। बुधवार को पुलिस की टीम पंडरा स्थित सचिन के घर पहुंची। गाड़ी के बारे में पूछताछ की। तब सचिन ने बताया कि उसे राजेश सोनी नामक व्यक्ति ने बेचा था। पुलिस ने सचिन से गाड़ी ली। पुलिस को पता चला कि राजेश गाड़ी चोरी के मामले में हजारीबाग जेल में बंद है। पुलिस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

# अपनी भाषा को कभी हीन ना समझें : सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी कपिलदेव विद्यालय में बुधवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने इस अवसर पर सबों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा, अपने देश, अपने राज्य, अपने माता-पिता सब पर गर्व करना चाहिए और कभी भी उन्हें हीन नहीं समझना चाहिए जो अपनी भाषा का सम्मान नहीं कर सकता वह दूसरे का सम्मान भी नहीं कर सकता। श्री सिन्हा ने कहा कि जब जापान, रूस, जर्मनी, फ्रांस के लोग अपनी भाषा के माध्यम से विकास कर सकते हैं तो भारत के लोग हिंदी के माध्यम से क्यों नहीं विकसित हो सकते। उन्होंने इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी किताबों का हिंदी में अनुवाद किये पर जोर दिया तथा कहा कि इन पुस्तकों के हिंदी में आ जाने पर हिंदी का विकास और तेजी से हो सकेगा। श्री सिन्हा ने लॉर्ड मैकाले

के उदाहरण के माध्यम से बतलाया कि भारतीय संस्कृति को समाप्त करने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन भारत की भाषा और संस्कृति इतनी मजबूत है कि उसे समाप्त नहीं किया जा सका। उन्होंने गुरुकुल के उदाहरण भी दिए। इस अवसर पर बच्चों ने भी कविता और भाषण के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आज जिन बच्चों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए उनमें रितिका, गीतिका, श्री राधा, आर्यन, रुद्रांश, मयंक काव्या चौहान, पल्लवी सरकार और माही सिंह शामिल हैं। सभा का संचालन आलोक क इंद्र गुरु ने किया। धन्यवाद ज्ञापन साधना शर्मा ने किया। मौके पर विद्यालय में हिंदी पढ़ाने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाएं समेत अशोक कुमार सिंह, त्रिपुरारि कुमार मिश्र, विजय कुमार सिंह पशुपति नाथ झा समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### किसान उत्पादक संगठन के तत्वावधान में किसानों की हुई बैठक

**चतरा/गिद्धौर।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय सिथत पंचायत सचिवालय में किसान उत्पादक संगठन के तत्वाधान में किसानों की बैठक हुई। जिसमें मुखिया निर्मला देवी मुख्य रूप से उपस्थित थी। बैठक में उपस्थित किसानों ने खाध, बीज व दवा से सम्बंधित शिकायत की। वहीं मुखिया ने कहा कि प्रखंड परिसर में बागेश्वरी प्रोड्यूसर कम्पनी के तहत किसान उत्पादक संगठन संचालित है। जो किसानों को बेहतर खाध, दवा व बीज उचित मूल्य पर देती है। साथ ही डुप्लीकेट समाग्री किसानों को नही देने की हिदायत दी। बैठक में उप मुखिया मंजू देवी, उपेंद्र दांगी, कामदेव प्रसाद मेहता, किसान उत्पादक संगठन कर्मी व किसान उपस्थित थे।

### सर्प दंश से एक की हुई मौत

**कुंदा(चतरा)।** जिले के कुंदा प्रखंड अंतर्गत सिकीदाग पंचायत अंतर्गत बूटकुइया गांव निवासी बंगाली गंझू की मौत सर्पदंश के उरांत इलाज के दौरान हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन पूर्व वह खेत में काम करने गया था की, कैरत सांप ने डस लिया तो आनन-फानन में उसे प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम कर बुधवार को परिजनों को सौंप दिया गया।

### मूसलाधार बारिश से गरीब का गिरा घर

**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम दीपाटोली मूसलाधार बारिश के वजह से जुलेखा बीवी का घर गिर कर ध्वस्त हो गया है। उसकी जानकारी देते हुए जुलेखा बीवी ने बताया कि रात भर लगातार बारिश हो रही थी। जिसके के वजह से दीवार में पानी प्रवेश कर गया और सुबह तक दिवार धंस गई और मेरा घर गिर कर ध्वस्त हो गया। बारिश को देखते हुए मैं उस घर में नहीं रह रही थी मुझे आशंका थी कि कहीं कुछ अनहोनी ना हो जाए जिसके कारण रात को दूसरे घर में सोई थी। घर ध्वस्त हो जाने के बाद जुलेखा बीवी ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### तेजस्विनी परियोजना द्वारा हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**लातेहार।** तेजस्विनी परियोजना के बैनर तले हेरहंज प्रखण्ड के मोहनपुर गांव में 14 सितम्बर (बुधवार) को तेजस्विनी क्लब की किशोरियों एवम युवतियों और स्कूल के बच्चों के साथ हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। तेजस्विनी क्लस्टर कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार राम के द्वारा हिंदी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया।मौके पर युवा उत्प्रेरक खुशबू कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार गोस्वामी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं क्लब की किशोरियाँ मौजूद थीं।

### कामा आयुर्वेदा ने रांची में अपना पहला स्टोर खोला

**रांची।** भारत का प्रमुख लग्जरी ब्यूटी और वेलनेस ब्रांड, कामा आयुर्वेदा ने झारखंड राज्य के सांस्कृतिक परंपराओं में रचे-बसे शहर रांची में अपने पहले आउटलेट की शुरूआत की है और अब ब्रांड राज्य के ग्राहकों के लिए आसानी से उपलब्ध है। अपने खास आकर्षण और अपने प्रसिद्ध झरनों, हरी-भरी पहाड़ियों और जंगल के लिए प्रसिद्ध शहर रांची में कामा आयुवेर्दा का स्टोर न्यूक्लियस मॉल, सर्कुलर रोड, लालपुर में स्थित है। रांची में यह नया स्टोर 529 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जिसकी दीवारें आईवरी से पेंट की गई ईंटों से बनी हैं और फर्श चेकरबोर्ड मार्बल से बना है। सागौन और रैट्टन से बनी अलमारियाँ फिनियल-टॉप वाले पीतल और लोहे की शेल्विंग के साथ मौजूद हैं, जो उपभोक्ता को शानदार अहसास प्रदान करते हैं। ग्राहक अपनी त्वचा और बालों की पसंदीदा देखरेख के लिए रांची स्थित स्टोर पर व्यक्तिगत तौर पर परामर्श लेने के लिए आ सकते हैं, जहां आयुर्वेदिक विशेषज्ञ उनके सवालों का समाधान प्रदान करेंगे।

### हिंदी दिवस पर इंदिरा गांधी में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में हिंदी दिवस पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों तीन ग्रुप में बांटा गया था। प्रथम ग्रुप में निबंध, द्वितीय में स्लोगन एवं वर्ग 5 एवं सिक्स के लिए हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका आनंद, द्वितीय देवराज कुमार राम व राकेश कुमार, जबकि तृतीय स्थान के लिए बुलबुल कुमारी एवं नारायणी खुशी को चुना गया। जबकि स्लोगन के लिए प्रथम इशिका कुमारी एवं एकता कुमारी, द्वितीय सौरभ राज एवं सौरभ पांडेय, जबकि तृतीय स्थान पर जितेंद्र कुमार एवं प्रिंस कुमार, जूनियर सेक्शन में सुलेख में प्रथम गायत्री कुमारी और सुजाता कुमारी, द्वितीय श्वेता एवं दीपिका कुमारी एवं तृतीय स्थान पर अंबे कुमारी और बबलू कुमार रहे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बताया कि सन 1949 में जब हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए वोटिंग हो रहा था, तो उस समय महर्षि टंडन ने अपना वोट देकर हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलवाया था। अंग्रेजों के जाने के बाद भारत में हिंदी को संभालने का जिम्मा सभी की थी।

---

बैंक डकैती और व्यवसायी से लूटकांड का खुलासा

# दो गिरफ्तार, कंटेनर और दो बाइक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिहार के गैंग ने ही जमशेदपुर के मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र डिमना रोड के बैंक आफ इंडिया में 18 अगस्त को 34 लाख रुपये नगद और करीब सवा करोड़ की सोने की डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस गिरोह के दो सदस्य बिहार के वैशाली जिले के निवासी भागवत ठाकुर और दरभंगा जिले के खगेन्द्र नारायण सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है जबकि एक रिंकू सिंह को पुलिस 27 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन सोना और रुपये बरामद नही हो पाया है। इसकी बरामदगी के प्रयास हो रहे है। इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो बाइक और एक कंटेनर बरामद किए गए है। बैंक डकैती के बाद सभी अपराधी भागवत

ठाकुर के कंटेनर में छुपकर भाग निकले थे। कंटनेर बंगाल से पंजीकृत है।

#### बिष्टुपुर कैनरा बैंक लूट में भी शामिल था गिरोह

बिष्टुपुर कैनरा बैंक की गेट के पास 14 फरवरी को 32 लाख की लूट मामले में भी भागवत व खगेंद्र के गिरोह का ही हाथ है। यह गिरोह बंगाल, ओडिशा, राजस्थान के अलबर, गुजरात समेत कई क्षेत्र में बैंक डकैती को अंजाम दे चुके है। गिरोह अंतरराज्यीय है। धनबाद में डकैती के प्रयास के पकड़े गया आसिफ बिहार के समस्तीपुर जिले के चकनूर और गुंजन उर्फ राहुल कुमार उर्फ मछली लखीसराय जिला के बड़हिया प्रखंड के बीरूपुर थाना क्षेत्र शायरबीघा का निवासी है। दोनों से पूछताछ में कई जानकारी जमशेदपुर पुलिस को मिली थी। गिरोह का मास्टर माइंड बिहार के बेउर जेल में बंद राजीव सिंह उर्फ पुल्लु है। घटना में लूटी हुई राशि के साथ तीन अपराधी भारत देश छोड़ चुके हैं। उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किए जा रहे है।

### जीप पलटने से 2 यात्रियों की मौत, 3 अन्य घायल

डालटनगंज। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चराई पंचायत के केरकी मोड़ पर मुगडा के समीप एक अनियंत्रित जीप के पलटने से उस पर सवार 2 यात्रियों की घटनास्थल पर मौत हो गई है जबकि लगभग 3 घायल हो गए है। घटना बुधवार सुबह 9.30 बजे छतरपुर-पाटन रोड की है। मृतकों की पहचान खैरादोहर निवासी अंसार हुसैन की 50 वर्षीय पत्नी रुकसाना बीवी और गम्हरियाडीह निवासी बिरजू भुइंया के 35 वर्षीय पुत्र बिनेश्वर भुइयां के रूप में की गई है। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि जीप प्रतिदिन खैरादोहर से 9 बजे पाटन के लिए प्रस्थान करती थी और इस रूट में प्रतिदिन जीप का आना जाना लगा रहता था। वही घटनास्थल पर पहुंचे छतरपुर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार रमायनी लोगों की मदद से जीप से दबे दोनों लोगों के शव को निकाल कर छतरपुर थाने ले आये हैं। मामले की छानबीन की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चहारदिवारी व अधूरे भवन को एसएमसी अध्यक्ष ने पूर्ण कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के गरबांध ग्राम स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष ने जिले के उपायुक्त रमेश घोलप व जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी को आवेदन देकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय गरबांध में चारदीवारी तथा अधूरे भवन को पूर्ण कराने की मांग किया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा गया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरबांध के पुराने भवन में वर्ग 1 से 8 तक कक्षा का संचालन किया जाता है। विद्यालय में कुल नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या 554 है। इस विद्यालय में भवनों की संख्या 18 है जिसमें 10 अर्ध निर्मित भवन है। छात्र अनुपात में भवन की संख्या कम होने के कारण वर्ग का संचालन एक एवं दो को एक कक्षा में तथा तीन एवं चार को एक कक्षा में पढ़ाना पड़ता है। साथ ही विद्यालय की भूमि का सीमांकन

नहीं होने के कारण कुछ ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय भूमि का सीमांकन कराते हुए चारदीवारी निर्माण कराकर भूमि को सुरक्षित करने का अनुरोध किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद पासवान ने कहा है कि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही आपकी समस्या का समाधान किया जायेगा। आवेदन देने वालों में रीना देवी, आशा देवी,नरेश यादव, हीरा साव, फूलवन्ती देवी, अमरावती देवी, लखन सिंह सहित अन्य लोगों का नाम शामिल हैं।

## उपायुक्त ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने बुधवार को नगर परिषद् विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि जो वार्ड कार्य के मामले में पीछे है, उन वार्डों में ज्यादा काम करने का निर्देश दिया। सभी वार्डों में योजना का क्रियान्वयन समान रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सामुदायिक शौचालय सहित शहर स्थित शौचालय की साफ-सफाई कराने की बात कही। राजस्व संग्रहण, पेयजल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, होल्डींग टेक्स, रेन वाटर हारवेस्टींग सिस्टम सहित योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा की गई। स्वच्छ अमृत महोत्सव पर चर्चा की गई। 17 सितम्बर से 2 अक्टुबर 2022 तक स्वच्छ अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार एवं सीटी मैनेजर अकाश डेविड सिंह उपस्थित थें।

हिंदी दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## हिंदी हमारी राष्ट्र और मातृभाषा भी है: कैलाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के बीच शिक्षा का महत्व,हिन्दी भाषा और हमारा देश भारत, में से किसी एक विषय पर दो सौ शब्दों में निबंध लेखन और भाषण का प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें निबंध लेखन में कक्षा पांचवी से नव्या राज और जाहरा परवीन कक्षा छः से संजीत उरांव और माही कुमारी, कक्षा सातवीं से पूजा कुमारी और निशा उरांव कक्षा आठवीं से प्रियांशी कुमारी और पूजा कुमारी, कक्षा नवीं से जूनी परवीन का चयन किया गया। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

माही कुमारी, दूसरा स्थान देवराज केशरी और तीसरा स्थान साक्षी सिंह ने प्राप्त किया। सभी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्र और मातृ भाषा भी है। दुनिया में यह तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है परंतु धीरे धीरे इसे कम महत्व देने लगे हैं। परंतु हमें अपनी भाषा को जीवित रखना है इसी से हमारी पहचान है। हमें अन्य भाषाओं का ज्ञान रखनी चाहिए। हमे हिंदी भाषा को महत्व देनी होगी। हमें हिंदी बोलने और लिखने में कभी संकोच नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह हमारी मातृभाषा है। वहीं इसे सफल बनाने में हिंदी शिक्षिका सावित्री देवी, सविता कुमारी गुप्ता व तारा देवी समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

### भारी बारिश से महिला का गिरा घर

**बिशुनपुरा/गढ़वा।** लगातार दो दिन से हो रही बारिश से मंगलवार को बिशुनपुरा पंचायत के पोखरा चौक स्थित कलावती देवी पति फेकू ठाकुर का प्लास्टिक से बना घर बारिश के वजह से पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया। बताते चले की कलावती देवी आज 3 बर्षो से बिना घर के एक झोपडी मे किसी तरह से पूरे परिवार के साथ गुजर बसर कर रहे थी। लेकिन आज तक किसी भी प्रशाशन का का ध्यान इस तरफ नही गया। जहाँ प्रधान मंत्री जी का सपना सबको घर प्रदान करना है वही पर कलावती देवी इस इंतजार मे है की कब इनका घर बने और कब सपना पूरा है। ये घर प्रखंड कार्यालय से महज 300 मीटर के दूरी पर है। और खास बात यह भी सामने आया कि इनका प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में नाम दर्ज है लेकिन किसी प्रशासनिक पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि का ध्यान इनके घर की ओर नही गया।

चिनियां में बच्चा चोर की अफवाहों पर थाना प्रभारी ने कहा -

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

बच्चा चोर का हंगामा कर व अफवाह फैलाने वालों को भी शिनाख्त कर रही है पुलिस : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड में बच्चा चोर की अफवाहों पर चिनिया थाना प्रभारी विरेंद्र हांसदा ने आम ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि अफवाह फैलाने वालों पर हर हाल में कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही चिनिया पुलिस थाना क्षेत्र में बच्चा चोर का हंगामा कर व अफवाह फैलाने वालों को भी शिनाख्त कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा है कि झूठा अफवाह पर किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ मारपीट करना एक जघन्य अपराध के तुल्य है ऐसा करने वालों को पुलिस गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी । साथ ही उन्होंने बताया

कि बच्चा चोर के नाम पर अफवाह फैलाकर बेवजह किसी भी अनजान व्यक्ति को बंधक बनाकर पिटाई करना इस तरह का कुकृत्य बड़ा अपराध है ऐसा करने वालों पर चिड़िया पुलिस कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजेगी । साथ ही थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी आम ग्रामीण गणमान्य गणमान्य लोग जनप्रतिनिधि व सामाजिक सरोकार रखने वाले समाज के जागरूक व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चा चोर के नाम पर अफवाह फैलाने वालों पर सब लोग मिलकर रोक लगाए साथ ही थाना प्रभारी ने यह भी कहा है क झूठा अफवाह फैला कर किसी भी अनजान वह बेकसूर पर बच्चा चोर का झूठा आरोप या दोष मढ़कर या कानून को अपने हाथ में लेकर पिटाई करेंगे या बंधक बनाएंगे तो पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करेगी । चिनिया पुलिस आम जनों की रक्षा के लिए सदैव 24 घंटे तत्पर है तथा कोई भी गलत या संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल इसकी सूचना थाना को दे किसी भी हालत में कानून अपने हाथ में नहीं लें साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील किया है कि बच्चा चोर का अफवाह प्रखंड क्षेत्र में ना फैलाएं।

### हंगामा का भेंट चढ़ा ग्राम सभा, नही हुआ सहिया का चयन

**भवनाथपुर।** बुका गांव में सहिया चुनाव भारी हंगामे के कारण बुधवार को हंगामा का भेट चढ़ गया। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि जिस पोषण क्षेत्र से पूर्व सहिया ने त्यागपत्र दी है उसी पोषण क्षेत्र से सहिया का चयन किया जाए। जब कि कुछ ग्रामीण का कहना था कि गांव से किसी को भी चयन होना चाहिए । जिसको लेकर ग्रामीणों में दो गुट में बंट गए और जम कर हंगामा किए जिसके बाद चयन करने गए पदाधिकारी एवं मुखिया ने ग्रामीणों के बीच आपसी सहमति नही बनता देख ग्रामसभा को रद कर दिया। चुनाव में 6लोगों का नाम आया था। चुनाव कराने वालो में डॉक्टर निशंक निश्रम, बीटीटी ब्रजमोहन राम, बीटीटी अनुज कुमार, एमपीडब्ल्यू गुप्तेश्वर प्रसाद, मुखिया बेबी देवी, उपमुखिया समलेश रावत उपस्तिथ थे ।

## मूलवासी सदान मोर्चा की मुहिम और लड़ाई पर लगी मुहर : राजेन्द्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 1932 का खतियान लागु करने और पिछड़ी जातियों के लिए 36% आरक्षण की मांग को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ईमानदारी पूर्वक लगातार आंदोलन और संघर्ष करते रहा था। जिसका परिणाम है कि आज झारखंडी जन भावना के सामने सरकार को भी मानना पड़ा और 1932 का खतियान लागू करने के साथ ही पिछड़ी जातियों को भी 27% आरक्षण देने के लिए विवश होना पड़ा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व झारखण्ड आंदोलनकारी राजेन्द्र प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद ने 1932 का खतियान लागू करने और पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मोर्चा की ओर से आभार प्रकट किया है । प्रसाद ने कहा कि 1932

का खतियान आधारित नियोजन नीति का लाभ हर हाल में झारखण्डी को मिले। साथ ही साथ पिछड़ों को भी 27%आरक्षण का लाभ मिले । प्रसाद ने सरकार के इस निर्णय को इतिहासिक बताया है। निर्णय का स्वागत करने वालों में मोर्चा के सलाहकार क्षितीश कुमार राय ,मोर्चा के प्रवक्ता डॉ अनिल मिश्रा डॉ सुदेश कुमार साहू अमित साहू विशाल सिंह आदि ने भी स्वागत किया है मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

अग्रवाल व मारवाड़ी समाज के लोगों ने माता महालक्ष्मी की आरती उतारी, किया प्रसाद वितरण

## कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा पहुंची लोहरदगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अग्रोहा शक्तिपीठ से आरंभ होकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा आज लोहरदगा पहुंची। अग्रसेन भवन में अग्रवाल एवं मारवाड़ी समाज के काफी महिलाएं एवं पुरुषों ने रथ का भव्य स्वागत किए एवं सामूहिक रूप से सभी ने महालक्ष्मी जी का आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया। उसके उपरांत काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने अपने हाथों में झंडे पताके लेकर एवं लक्ष्मी जी की जयकारा करते हुए शोभायात्रा निकली,जो कि राणा चौक,महावीर चौक,अप्पर बाजार होते हुए गुदरी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पहुंच कर समापन किया गया,रथ के साथ चल रहे राष्ट्रीय उप महामंत्री एवं संयोजक सह प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि यह कुलदेवी महालक्ष्मी जी का रथ देश के हर राज्य में भ्रमण करेगी। इस

निमित्त झारखंड राज्य में 13 सितंबर से 2 अक्टूबर तक करीबन सभी जिलों में जाएगी। सभी जगहों में रथ का भव्य स्वागत किया जा रहा है। रथ के साथ में नंदलाल साईं वाले, प्रभाकर अग्रवाल,सांवरमल अग्रवाल,रथ के सारथी ओम प्रकाश,पुजारी उमेश सिंह आदि चल रहे हैं, रात्रि मे ही लोहरदगा पहुंचकर विश्राम किए। बुधवार सुबह से ही महालक्ष्मी जी के दर्शन हेतु लोहरदगा के भक्तजनों के उत्साह देखते बन रहा था। इस शोभायात्रा पर लोहरदगा जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल,जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद राजगढ़िया,युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष चंदन गोयल,पवन पोद्दार, किशोर बंका, राम प्रकाश मोदी, अशोक अग्रवाल, शिव प्रसाद पोद्दार, देवाशीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संदीप पोद्दार,वार्ड पार्षद अनीता अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, नमृता अग्रवाल, राखी अग्रवाल, सोनाली अग्रवाल, बबली अग्रवाल, अनु अग्रवाल, डोली अग्रवाल, जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अध्यक्ष ममता बंका, शकुंतला राजगढ़िया,अनीता पोद्दार, आदि थे।

## एमईडीपी का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** नाबार्ड प्रदत्त व स्वंयसेवी संस्था आदर्श पथ द्वारा संचालित एमईडीपी का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन हो गया। कार्यक्रम के तहत चतरा प्रखंड के महिला समूह के तीस महिलाओं को च्यवनप्राश, आचार, टोमैटो सॉस और चिली सॉस आदि बनाने का विसतृत प्रशिक्षण दिया गया। सभी महिलाओं को उक्त प्रशिक्षण से भविष्य में काफी लाभ होगा। वो अब इन खाद्य पदार्थों को स्वयं बना कर बेच सकती हैं या संस्था द्वारा ही चयन किये गए एक मार्केटिंग एजेंसी महिलाओं द्वारा तैयार सामग्री को उचित मूल्य से खरीदकर बाजार में बेचने का काम करेगी। बताया गया कि एजेंसी द्वारा तय किये गए क्वालिटी के आधार पर सामग्री ली जायेगी। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मृत्युंजय बक्शी द्वारा किया गया। साथ ही समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रुप में संध्या प्रधान और वीरेंद्र तिवारी शामिल थे।

# पुलिस ने अमित बक्शी हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी भरत पांडेय को किया गिरफ्तार

## 4 पिस्टल, 4 जिंदा गोली, दो मोबाइल और एक डोंगल बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के अमित बक्शी हत्याकांड में मामले में रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने कांड के मुख्य आरोपी भरत पांडेय पिता प्रदीप पांडेय उर्फ गुजू पांडेय जयनगर पतरातू को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 13 सितंबर को गुप्त सूचना के आधार पर टोकीसूद स्टेशन के पास से भरत पांडेय को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए 14 सितंबर को एसपी पीयूष पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेस ने बताया कि बाते आठ अगस्त को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा में अमित बक्शी पिता अभय बक्शी की हत्या कर दी गई थी। मामले में 9 सितंबर को पतरातू (भुरकुंडा) थाना में कांड संख्या 151/2022 के तहत भादवि की धारा 302/34 और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि कांड को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने सीसीएल सौंदा निवासी बीरबल राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । एसपी ने बताया कि बीरबल के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कांड में प्रयोग सफेद रंग की अपाची बाइक बरामद कर ली गई। बताया कि अपने बयान में बीरबल ने भरत पांडेय को मुख्य आरोपी बताया। इधर पुलिस की गिरफ्त में आये भरत पांडेय के पास से पुलिस को चार पिस्टल, चार जिंदा गोली, दो मोबाइल और एक डोंगल बरामद हुआ है। बताया कि भरत पांडेय का आपराधिक इतिहास रहा है। पतरातू थाना में भरत पांडेय पर पहले से चार मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दूबे, पुअनि मयंक प्रसाद, तकनीकी शाखा की टीम सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# अवैध बालू परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस प्रशासन ने किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पर कार्रवाई होने से बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार अहले सुबह को बंडासिंगा इचाक मार्ग में पड़ने वाले डूमरडीहा पक्की सड़क के समीप दो बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया । इस क्रम में अंचल अधिकारी श्री कांत लाल माँझी व थाना प्रभारी विक्रम कुमार समेत सशस्त्र पुलिस बल ने संयुक्त कार्रवाई की। मामले को लेकर बरकट्ठा थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त घटना की जानकारी दी। विदित हो कि झारखंड में 15 अक्तूबर तक नदी से बालू का उठाव पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई हैं। इसके बावजूद भी बालू कारोबारी नदी से उठाव कर बेच रहे हैं। दो दिन पूर्व खनन विभाग, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी ने चिप्स लदा 1हाइवा और बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा था। लगातार पुलिसिया कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप का माहौल

बना हुआ है। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 156/22 के तहत पकड़े गए दोनों ट्रैक्टर के चालक एंव मालिक के विरुद्ध प्राथमिक अंकित किया गया। मौके पर दोनों ट्रैक्टर के चालक फरार होने में सफल हुए।

# राधा गोविन्द विवि में हिन्दी दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ में 14 सितंबर को काव्य पाठ, भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ममता ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनमीत कौर ने किया। साथ ही विभाग के सहायक व्याख्याता डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा एवं डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नातकोत्तर की छात्रा सुरभी कुमारी, द्वितीय स्थान मंजू कुमारी एवं तृतीय स्थान पार्वती कुमारी व फूल कुमारी

को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गुड़िया कुमारी, द्वितीय स्थान अमित राम तथा तृतीय स्थान रिया यादव व पार्वती कुमारी को प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विष्णु, द्वितीय स्थान रिया एवं तृतीय स्थान अमित राम व सुरभी को प्राप्त हुआ।

# राज इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस मना, दी गयी कई जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में हिंदी दिवस धूम धाम से मनाई गई। कक्षा तीसरी और पांचवी के बच्चों ने इस बार अपनी प्रतिभा से सबको अवगत कराया। इस अवसर पर बच्चों ने संक्षिप्त भाषण, कविता और एक गीत भी प्रस्तुत किया। लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों ने यह भी बताया कि हमें अपनी मातृभाषा में भी सीखने का अवसर मिलना चाहिए क्योंकि अगर शिक्षक सिर्फ अंग्रेजी बोलेंगे तो हमे समझने में परेशानी निश्चित रूप से होगी। बच्चों को हिंदी दिवस की महत्वपूर्ण जानकारी रामलखन सिंह ने दिया और आजादी के पहले से कैसे हिंदी को राजभाषा बनाया गया यह भी बताया। श्रीमती सम्पा सिंह ने बताया कि कब और कैसे हिंदी दिवस की

शुरूआत हुई। उन्होंने इस मौके पर एक खूबसूरत कविता के जरिए मातृभाषा के महत्व को समझाया। विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह जी ने बच्चों के द्वारा किये गए प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य संजीव मिश्रा ने सबका धन्यवाद किया। कार्यक्रम की जिम्मेवारी हिंदी विभाग की अनिता सिंह तथा अन्य शिक्षकों शिक्षकाओं में नंदिता, शिवानी, सीमा राणा और मोहम्मद इकबाल के हाथों में थी और इन्होंने इसे बखूबी निभाया।

## फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 739 स्वास्थ्य कर्मी लेंगे भाग

# दो लाख लोगों को खिलाया जायेगा फाइलेरिया रोधी दवा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड में फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 739 स्वास्थ्य कर्मी को फलेरिया मुक्त अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की जिम्मेवारी सौंपी है। इसके लिए उन्होंने 72 पर्यवेक्षक को भी तैनात किया है। कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड के 29 पंचायत के 129 गांव में 202 बूथ बनाया गया है जिसमें दो लाख 16 हजार 488 लोगों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के तहत डीईसी दवा चार लाख 75 हजार 713 और एल्बेंडाजोल एक लाख 90 हजार 323 गोली दवा खपत होगी। उन्होंने बताया कि कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड से मलेरिया और टीबी मुक्त बनाने के लिए 16 से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर दवा

खिलाने का काम करेंगे। इसके लिए उन्हें 43 हजार 329 घरों में विजिट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रभारी ने बताया कि दो से पांच वर्ष के आयु वाले 26109 बच्चे को दवा पिलानी है, जिसमें 13401 मेल और 12708 फीमेल हैं। वहीं छह से 14 वर्ष आयु वालों में 51939 लोग हैं, जिसमें 26451 मेल और 25288 फीमेल शामिल हैं। वहीं 15 से ऊपर एक लाख 38 हजार 440 लोग शामिल हैं जिसमें मेल 71 हजार 49 और फीमेल 67 हजार 391 शामिल हैं। प्रभारी ने बताया कि फलेरिया एक गंभीर बीमारी है। इसका लक्षण हाथीपांव हो जाना है। ऐसे लक्षण होने पर आदमी एक जगह से दूसरे जगह नहीं चल सकता। बचाओ इसका उपचार है। उन्होंने कहा कि दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीसी की सौ मिलीग्राम की एक गोली साथ ही एक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना है। जबकि छह से 14 वर्ष आयु समूह के लोगों को डीसी की दो गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली देनी है। वहीं 15 से ऊपर के लोगों को डीईसी की तीन गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली दिया जाएगा। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूषण राणा ने ने बताया कि दो वर्ष से नीचे एवं गर्भवती तथा गंभीर रूप से बीमार लोगों को डीएसई की गोली नहीं खिलाया जाएगा।

## पीजीटी एवं प्रयोगशाला प्रतियोगिता परीक्षा का बैच शुरू

**हजारीबाग।** एसफोर एंड एसथ्री इंस्टीट्यूट में पीजीटी बायोलॉजी एवं केमिस्ट्री के साथ प्रयोगशाला सहायक के लिए भी बैच प्रारंभ किया गया है। अंतिम बैच 20 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। संस्थान में सभी कोर्स के लिए नामांकन जारी है। संस्थान के संस्थापक शिक्षक शिव सुमन सौरभ सिंह ने बताया कि प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को कंप्यूटराइज्ड असाइनमेंट, डीपीपी, डाउट क्लास, रिवीजन क्लास,लाइब्रेरी की सुविधा एवं साप्ताहिक, मासिक टेस्ट बिल्कुल निःशुल्क दिया जा रहा है। संस्थान में साइंस की 11वीं एवं 12वीं का अंतिम मैच भी 25 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है।

## उपायुक्त नैंसी सहाय ने किया सदर अंचल और प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने और कार्यों में गुणात्मक सुधार के दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने कर्मियों की संख्या एवं कार्य प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने एवं कार्यों में गुणात्मक सुधार के निर्देश दिए। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गई। जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली को और बेहतर बनाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीओ और बीडीओ से कार्यालय में कर्मियों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। इस पर सीओ ने उपायुक्त को बताया वर्तमान में 7 कर्मचारी, 11 हल्का कर्मचारी व 2 खास महाल के हल्का कर्मचारी समेत, चार लिपिक वर्तमान में कार्यरत है। इस पर उपायुक्त ने कर्मियों की कमी को जल्द पूर्ण करने की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कंप्यूटर ऑपरेटर की संख्या एवं उनकी कार्य कुशलता की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सीओ एवं बीडीओ को नियमित कर्मियों के साथ बैठक करने एवं क्षेत्र भ्रमण कर तत्संबंधी कार्यों की रिर्पोट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इस दौरान अंचल अधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन सिन्हा सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### हिंदी भारतीयों के बीच आत्मीयता प्रदान करती है : डीसी

**हिंदी** हम सभी भारतीयों के बीच हमारे संबंधों में आत्मीयता प्रदान करती है। हिंदी से हिंद, हिंदी हमारी शान है। यह बात उपायुक्त नैंसी सहाय ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं विश्व में हमारी पहचान है। हमारा सम्मान एवं स्वाभिमान है। हिंदी की गिनती विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा में होती है। इसमें हमारी संस्कृति झलकती है व संस्कार दिखते हैं। उन्होने कहा कि हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए जन जन को सहयोग करना होगा। हमे राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्र गान की तरह हिन्दी भाषा का भी सम्मान करना होगा। हिंदी विश्व की प्राचीनम भाषा है। हिन्दी का समृद्ध व्याकरण, सहज सुबोध शैली, विशाल शब्दकोष और उपलब्ध दुर्लभ साहित्य इसकी जड़ों को मजबूती प्रदान करता है।

## अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट रक्षा गोस्वामी का विधायक ने किया स्वागत

**बरकट्ठा।** कुछ दिनों पूर्व दक्षिणी कोरिया में आयोजित ओपेन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने पैतृक निवास ग्राम बंडासिंगा लौटी बरकट्ठा की बेटी रक्षा गोस्वामी का विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने रक्षा गोस्वामी को पगड़ी बांधकर,शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया एवं भविष्य में होने वाले इंटरनेशनल ताइक्वांडो गेम के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। विधायक ने बताया कि रक्षा गोस्वामी ने ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो गेम जो दक्षिण कोरिया में आयोजित की गई थी ,में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम रौशन किया है। कहा की पूरा प्रखंड क्षेत्र इस बच्ची की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। रक्षा गोस्वामी को विष्णुगढ़ स्थित उनके चाचा के निवास स्थान से स्वागत करते हुए बगोदर,अटका एवं बंडासिंघा मोड़ पर भव्य स्वागत कर उन्हें अपना पैतृक गांव बंडासिंगा पहुंचाया गया। मौके पर विधायक के साथ में बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जिप सदस्या कुमकुम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव जी, बगोदर प्रमुख, बरकट्ठा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष टुकलाल नायक, रवि गोस्वामी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जीएम महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर सेमिनार सह भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**इचाक।** जीएम महाविद्यालय, इचाक में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर सेमिनार सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव विनय कुमार ने की। साल 1947 में जब भारत आजाद हुआ तब देश के सामने एक राजभाषा चुनाव को लेकर सबसे बड़ा सवाल था। क्योंकि भारत में हजारों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में चुना गया। भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है। हिंदी को भारत की मातृभाषा बनाने की मांग काफी समय से उठती रही है। यह दिवस केवल लोगों को अपनी जड़ों याद रखने के लिए ही प्रोत्साहित नहीं करता है बल्कि हिंदी भाषा को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान सचिव शंभू कुमार ने कहा कि हिंदी दिवस हमें यह एहसास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि हिंदी भाषा पूरी दुनिया में सबसे पुरानी सबसे प्राचीन एवं प्रभावशाली भाषाओं में से एक है और ऐसे में हमे अपनी मातृभाषा यानि हिंदी भाषा बोलने में गर्व महसूस करना चाहिए। हिंदी दिवस 2022 के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हिंदी में अपना सभी काम काज करते हुए हिंदी का मान सम्मान में वृद्धि को अपना लक्ष्य बनाएं। मौके पर शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, दीपक प्रसाद, रियाज अहमद,अजय उरांव, आशीष पांडे, अजीत हंसदा, संगम कुमारी, गायत्री शर्मा, विनोद कुमार मेहता, राजकुमार सिन्हा, कृष्ण कुमार मेहता, संजय प्रजापति, सुनीता टोप्पो, ललिता देवी का सराहनीय योगदान रहा।

## वैक्सीनेशन के बाद छात्र पड़ा बीमार,पिता ने थाने में दर्ज कराया मामला

**बरकट्ठा।** विद्यालय में कोविड-19 वैक्सीन लेने बाद एक छात्र की स्थिति बिगड़ी और गंभीर होती चली गई। मामले को लेकर पीड़ित छात्र आयुष कुमार वर्ग सप्तम के पिता मदन साव ने बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज कर दोषी स्वास्थ्य कर्मी पर कार्रवाई की मांग की हैं। आवेदन में कहा है कि मेरा पुत्र आयुष कुमार 13वर्ष जो राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। प्रत्येक दिन भांति 18 अगस्त 2022 को विद्यालय गया था। विद्यालय में उसे

कोविड वैक्सीन की टीका लगाया गया। जिसके बाद विद्यालय से घर आने के दौरान बच्चे की स्थिति गंभीर हो गई। आनन फानन में सीएचसी बरकट्ठा लाया जहां चिकिस्तकों ने गंभीर हालात को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दी। बाद में सदर अस्पताल के चिकिस्तकों ने रिम्स रेफर कर दिया है। जहां बच्चे के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है।कहा कि मेरा पुत्र अब जिंदगी और मौत से लड़ाई लड़ रहा है। कहा कि मैंने जमीन बेचकर और लोगों से कर्ज लेकर महावीर मेडिका रॉची में इलाज करवा रहा हूं। इलाज में अत्यधिक खर्च के कारण स्थिति दयनीय हो गई है। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना में एसडीई नंबर 12/2022हैं। मदन साव लोंगो से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने मदद हेतु आयुष कुमार खाता संख्या 456718210021475 जारी कर लोगों से मदद की अपील की है।

## न्यूज गैलरी

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में 14 सितंबर को हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार, आशुतोष गौतम, शिक्षक सुनील पाठक, मनोज कुमार सिंह और सुमित साव ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद बच्चों ने हिंदी की दशा, दिशा एवं भविष्य पर अपनी बातों को रखा। जहां एक और बच्चों ने देश में हिंदी की स्थिति को लेकर चिंता जताई वहीं कुछ बच्चों ने इसके उज्ज्वल भविष्य की आशा और उम्मीद भी बताई। बच्चों ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की संस्कृति और पहचान भी है। प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि आज हम लोग मानसिक रूप से अंग्रेजी के गुलाम हो गए हैं। इसलिए हिंदी पिछड़ी हुई सी महसूस होती है। हिंदी के विकास के लिए हमें अपनी सोच और मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बच्चों में सोनम गुप्ता, मानसी कुमारी, शैली कुमारी, सौम्या कुमारी राम, अब्दुल अहमद फैज, अभिलाषा कुमारी और सुनिधि कुमारी ने अपने विचार रखे। शिक्षकों की ओर से सुनील पाठक और मनोज सिंह ने हिंदी दिवस पर अपनी बातों को रखा। आयोजन को सफल बनाने में प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, रजनी बाला, राहुल कुमार, जुनैद हबीब, जेपी सिंह, विशाल आनंद, अनमोल रतन, चन्दन पांडेय, संजय कुमार समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

### हिंदी के माध्यम से हिंदुस्तान का गौरव बढ़ा : अभिषेक जैन

**कोडरमा।** श्री दिगंबर जैन विद्यालय में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के हिंदी शिक्षक अभिषेक जैन शास्त्री ने हिंदी दिवस के बारे मै बताया कि दो सौ साल की ब्रिटिश राज की गुलामी से आजाद होने के बाद भारतीयों ने सपना देखा था, कि एक दिन पूरे देश की एक ही भाषा होगी, जिसके जरिए देश के कोने-कोने में वाद-संवाद होगा। संविधान निमार्ताओं ने देवनगरी में लिखी हिन्दी भाषा को देश की भाषा के रूप में स्वीकार किया। हिंदी भाषा हमारी मातृभाषा है और इस भाषा से हम अपने दैनिक जीवन में एवं व्यवहारिक जीवन में प्रयोगात्मक प्रयासों से जीवन को बेहतर बना सकते हैं। हिंदी के माध्यम से हिंदुस्तान का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है जिसमें रविंद्र नाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद आदि महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के संयोजक सुनील कुमार छाबड़ा ने भी सभी शिक्षकों को एवं विद्यालय के सभी बच्चों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के प्राचार्य झा सर ने भी हिंदी के विषय को बताते हुए छात्रों को हिंदी की अनेक विशेषताएं बताएं साथ ही शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सुपरवाइजर मुरारी ने भी सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी मौके पर विद्यालय के शिक्षक अनिल सर, सूरज सर, साहिल, वर्तिका, सुप्रिया गौरव, राजदेव, मानसी, रितिका, शुभम, कोमल, शिवानी, अर्चना, सतीश, प्रतीक्षा, ऋचा, वसंत मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर नवनिर्माण को लेकर बनी ग्रामीण कमेटी

**इचाक।** मंगुरा में दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता तालो महतो ने की, जबकि संचालन महेश मेहता ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण को लेकर कोष संग्रह पर चर्चा की गई। लोगों ने मंदिर निर्माण में सहयोग करने की बात कही। वहीं राशि संग्रह की गति को तेज करने के लिए ग्रामीण स्तर पर समिति का गठन किया गया। जिसमें बुद्धदेव मेहता को अध्यक्ष, वीरेंद्र मेहता और डेगलाल मेहता को उपाध्यक्ष, सुनील मेहता सचिव, वासुदेव राम सह सचिव, तालो महतो को कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र शर्मा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वह कई लोगों को सदस्य बनाया गया है। जिसमें दिनेश्वर प्रसाद मेहता, महेंद्र प्रसाद मेहता, चतर्गुन प्रसाद मेहता, अर्जुन मेहता, सोनू कुमार, विजय मेहता, निर्मल कुमार, नारायण महतो, संजय मेहता, कालेश्वर प्रसाद मेहता, मुरली प्रसाद मेहता, केदार प्रसाद मेहता, विनय प्रसाद मेहता, संचित राणा, राजेंद्र प्रसाद मेहता, दिलीप ठाकुर, भोला सिंह, प्रभु राम, प्रयाग राम, कॉलेश्वर राम, जागेश्वर राम, कृष्णा राम, सूर्यनारायण मेहता, गोपाल मेहता, दिनेश्वर राणा, केवल प्रसाद मेहता, इंद्रजीत कुमार मेहता, राजेंद्र प्रसाद मेहता, इंदर राणा, प्रवेश राणा और मुंशी प्रसाद मेहता शामिल हैं। बैठक में उपस्थित तदर्थ कमेटी के संरक्षक रामलखन मेहता और संयोजक नागेश्वर प्रसाद मेहता ने लोगों को दुर्गा मंदिर नवनिर्माण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

### खोड़ाहार हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं ने की विज्ञान और कला की प्रदर्शनी, पत्रिका का लोकार्पण

बरही। उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार के छात्र -छात्राओं ने विज्ञान और कला की प्रदर्शनी की। वहीं छात्र-छात्राओं की लिखी पत्रिका का लोकार्पण और पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ। विज्ञान और कला की प्रदर्शनी और बच्चों की स्वलिखित पत्रिका को देखकर अतिथि और अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में नव स्थापित पुस्तकालय के उद्घाटन के साथ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव और सरपंच कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पुस्तकालय के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुस्तकालय में सभी तरह की पाठ्य पुस्तक, ज्ञानवर्धक पुस्तक और पत्र पत्रिकाएं मौजूद हैं। इसे और अधिक समुन्नत करने का प्रयास है। विद्यालय का पुस्तकालय छात्र छात्राओं के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। कला और विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजिका रश्मि द्विवेदी ने बताया कि छात्र छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता से पर्यावरण और आधुनिक तकनीक से जुड़ी कला के 60 और विज्ञान के 30 मॉडल बनाएं हैं। हिंदी दिवस पर छात्र छात्राओं की स्वलिखित विद्यालय की वार्षिक पत्रिका सृजन का लोकार्पण किया गया। पत्रिका का संपादन कक्षा 10 की छात्राओं ने किया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है और बच्चों में अधिगम क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक फयाज आलम, सुधा रश्मि, पूनम मुर्मू, रश्मि टोप्पो, विजय कुमार दास, विक्रम प्रजापति, दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी, संजू देवी और आरती देवी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष महेश सिंह, श्याम राम,मुद्रिका देवी, ऋतुराज सिंह, संतोष यादव मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### एसके सेवन स्टार्स अकादमी में मनाया गया हिंदी दिवस

**भंडरा/लोहरदगा।** स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नंदन कुमार व सभी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को हिन्दी विषय की महत्ता बताया गया। वही विद्यालय के बच्चों द्वारा हिंदी विषय पर कविता, चुटकुला, कहानी एवं नाटक का आयोजन किया गया। कविता में आंचल, कनिष्क एवं माही ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए तथा चुटकुला में नविका, ममता, लक्की, नीतू, लक्ष्मी, निधि, शम्भवी ने सर्वश्रेष्ठ रहे एवं ममता, नन्दिनी, साक्षी, अंजली, खुशबू, मनीष, रूपा, आर्यन, अरबिन्द ने नाटक से सभी का मन मोह लिया। मौके पर प्रधानाचार्य नंदन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हमे बोलचाल में मातृभाषा का ही उपयोग करना चाहिए। हिंदी की पहचान भारत में ही नही बल्कि विदेशों में भी है। विदेशों में भी हिंदी भाषी लोग रहते हैं जो हिंदी भाषा मे ही एक दूसरे से बातचीत करते हैं।

### 21 अप्रैल को सांयपुर में युवक पर जानलेवा हमला, मामले में एक को भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने 21 अप्रैल कि रात को सांयपुर में एक युवक के ऊपर बंदूक से जानलेवा हमला करने मामले में शामिल आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। युवक की पहचान सांयपुर निवासी चरका साव के रूप में हुई। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है ।जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने बताया कि इस संबंध में सिमडेगा थाना 59/22 के तहत मामला दर्ज था ।मिली जानकारी के अनुसार सांयपुर निवासी राजू साव उर्फ.धूंधा अपने किसी परिजन के घर जन्मदिन कार्यक्रम में पहुंचा था। इस दौरान घर के बाहर बैठा था इसी दौरान राजू के अनुसार 4 लोग आए और उसके कनपटी पर पिस्तौल सटाया और मारने की कोशिश की इसी दौरान बीच-बचाव में गोली चली और उसके हाथ पर लगा जैसे ही गोली चलने की आवाज हुई उसके बाद अपराधी भाग खड़े हुए और आसपास के लोगों ने तत्काल उसे घायल अवस्था में इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब हो राजू साव उर्फ धूंधा पूर्व में भी अपराधिक गतिविधि में शामिल होने के कारण जेल जा चुका है।

### यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल सेरेंगहातू लोहरदगा में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शशि भूषण शर्मा उपस्थित थे। मौके पर शशि भूषण ने हिंदी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना है। उन्होंने बताया कि हिन्दी विश्व में 4 प्रमुख भाषाओं मे से एक है। उन्होंने हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के बारे में बताया। कहा कि उन्हें हिन्दी साहित्य क्षेत्र के ध्रुवतारा कहा जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. बालाजिनप्पा ने हिन्दी दिवस के बारे में बताया। विद्यार्थियो के द्वारा विभिन्न कवियों द्वारा लिखित कविता का पाठ किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा नारा दिया गया। शान हमारी हिन्दी जान हमारी हिन्दी , सबको करती एक समान, हिन्दी भाषा बड़ी महान, देश की सेवा मेरी भक्ति है हिन्दी भाषा मेरी शक्ति है, बढ़ा रही यह मेरी शान हिन्दी ही है मेरी पहचान। इस अवसर पर सामी बालाजिनप्पा, निर्मला देवी, राहत प्रवीण, सिन्नी ठाकुर, सरहा जहां, जैनब प्रवीण, बसंती देवी, कलीम आलम अनिरुद्ध महली, शिवधन साहु आदि लोग उपस्थित थे।

### जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में हिंदी दिवस पर इंटर क्लास प्रतियोगिता आयोजित

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में बुधवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष पर बच्चों के बीच इंटर क्लास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या एवं वरिष्ठ शिक्षिका के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने हिंदी भाषा मेंकविता, कहानी, मुहावरा, लोकोक्ति एवं गीत की प्रस्तुति की ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्या ने बताया कि आज के ही दिन हिंदी भाषा को संविधान सभा ने आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दी और प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया ।आज का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है हमारा भारत देश सांस्कृतिक विविधताओं से भरे होने के कारण आज का दिन बहुत ज्यादा अहमियत रखता है ।कार्यक्रम के सफल प्रतिभागी के रूप में अनमोल अग्रवाल, स्वीटी कुमारी, सुरोजित महतो और अमिलिया कुजूर को उनकी प्रस्तुति के लिएश्रेष्ठतम प्रतिभागी के रूप में चयनित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी से कक्षा 5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका लता कुजूर ने सभी बच्चों को धन्यवाद देकर किया।

### लोहरदगा में 17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का होगा भव्य आयोजन

**लोहरदगा।** आगामी 17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान और सड़क सुरक्षा को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित है। इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि लोहरदगा में मानव सेवा को संकल्पित और ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में सक्रिय इमरजेंसी केयर के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाया जाएगा। महादेव लाल खेमराज स्मृति भवन गुदरी बाजार में शिविर लगाया जाएगा। आयोजन को भव्य और सफल बनाने में इमरजेंसी केयर के सभी सदस्य लगातार प्रयासरत हैं। लोहरदगा क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा लगातार रक्तदान की अपील की जा रही है। रक्तदान को लेकर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, चिकित्सक डॉ. शंभू नाथ चौधरी, गोल्ड मेडलिस्ट बबीता फोगाट, इमरजेंसी केयर अध्यक्ष विक्रम चौहान, कला, साहित्य ,खेलकूद आदि क्षेत्रों से जुड़े हुए लोग सहित अन्य प्रबुद्ध लोगों ने अपील की है। इमरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल ने कहा की कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने को लेकर हेलमेट दिया जाएगा। इसके अलावे जो भी मोटीवेटर ज्यादा से ज्यादा डोनर को प्रोत्साहित कर कैंप में लेकर आएंगे उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इमरजेंसी केयर के एसआर हेड और कोषाध्यक्ष सजल कुमार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। अमित कुमार, पारस साहू, निलेश गुप्ता, सोमनाथ दत्ता, रोहित कुमार, जितेंद्र सिंह, कौशल मित्तल,आशीष कुमार सहित इमरजेंसी केयर परिवार के सभी सदस्य शिविर के आयोजन की तैयारी में लगे हैं।

## जिला प्रशासन ने मानव तस्करी पर विशेष अभियान की शुरूआत की

# तस्करी को खत्म करना जरूरी, बच्चें घर-परिवार व देश के भविष्य : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में पुलिस प्रशासन के द्वारा मानव तस्करी पर विशेष अभियान की शुरूआत की गई। मानव तस्करी जैसी जटली समस्या से मुक्त करने की दिशा में पुलिस प्रशासन के द्वारा जागरूकता के अनेकों आयामों को प्रदर्शित किया जा रहा है। महिला, पुरूष, युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं हर वर्ग के लोगों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सुदरवर्ती क्षेत्र से भी मानव तस्करी करने की हिमाकत कोई न कर सके, इस ओर पुरी मेहनत एवं लगन के साथ सभी थाना स्तर पर कार्य किया जा रहा है। नगर भवन में मानव तस्करी जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन के द्वारा एक ओर मानव तस्करी, बालश्रम एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार के विरूद्ध जागरूकता अभियान

चलाया जा रहा है, वहीं छात्र-छात्राओं के बौद्धिक ज्ञान के अभिरूचि को जागृत करने का भी कार्य किया जा रहा है। प्रखण्डों से चयनित होकर जिला स्तर पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लिए छात्रों से बारी-बारी सामान्य ज्ञान के प्रश्न पुछे गए। कई प्रश्नों के उत्तर छात्रों ने दिया तो कई प्रश्नों के जवाब ऑडियनस दे दिया। मानव तस्करी पर नाट्क का मंचन किया गया। मानव तस्करी के आपबिती पर प्रकाश डाला गया। उपायुक्त आर. रॉनीटा ने पुलिस प्रशासन के द्वारा मानव तस्करी के प्रति सफल प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा मानव तस्करी पर नुक्कड़ नाट्क किया गया, विद्यालय के बच्चों को दिखाया गया कि मानव तस्करी कितनी जटली समस्या है। अबतक मानव तस्करी पर किए गए जागरूक कार्यक्रम से आप सभी ने जाना-समझा है, कि गांव-समाज के लिए मानव तस्करी को जड़ से खत्म करना क्यूं जरूरी है। उन्होने कहा कि बच्चें घर-परिवार, गांव-समाज एवं देश के भविष्य है। पीढ़ी के कुप्रथाओं को भविष्य की पीढ़ी से दूर रखना है। जिला प्रशासन के द्वारा बच्चें के साथ जागरूकता अभियान को ज्यादा महत्व दिया जाता है, क्यूंकि बच्चे स्वंय के साथ-साथ अभिभावक को भी बताएं, आने वाले सोसाईटी में जब आप 18 प्लस के हो जाएं, तब आप वो गलतियां न करें, जिससे घर, परिवार, गांव, समाज को नुकसान हो। अब की तुलना में पहले साक्षरता दर कम थी। जिसके कारण भी मानव तस्करी को पनपने में बल मिला। मानव तस्करी को जागरूकता अभियान के साथ-साथ इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से कम किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन के द्वारा मानव तस्करी पर ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई की जाए। उन्होने बच्चों से कहा कि जो आपने इस कार्यक्रम के माध्यम से सिखा उस मैसेज को गांव-समाज में औरों को बताएं। जो आउट ऑफ स्कूल हो उन्हे विद्यालय से जोड़े। आप अपने गांव-समाज के रोल मॉडल बनें।

पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि कई ऐसी कुरीतियां है, जो गांव-समाज से निकल कर आ रहीं है। मानव तस्करी, बालश्रम एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा ये सब कहीं न कहीं सामाजिक कुरीतियां है। कुरीतियों का हीं परिणाम है कि ये सब समाज में पनप रहें, फैल रहें। इन सब कुरीतियों को खत्म करने के लिए कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज को भी आगे आना होगा। समाज को आगे बढ़ाने में अगर किसी का सबसे बड़ा योगदान है तो बच्चों का होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को मुख्य रूप से आगे लाया गया है। आज के बच्चें कल का भविष्य है। बच्चे तय करेंगे कि आगे घर, परिवार, गांव-समाज, जिला, राज्य एवं देश किस दिशा में जाएगा। यह बच्चें तय करेंगें अभिभावक नही। अगर आपमें से कोई बच्चा अच्छा करता है तो उस घर-परिवार की जो स्थिति है वो बदल जाएगी। आए दिन देखने को मिलता है किसी ने शिक्षा में, नौकरी में या अन्य आयामों में अच्छा किया, ये कहीं न कही स्वंय के साथ-साथ घर की सफलता है हीं, लेकिन सिमडेगा जिला का भी नाम उससे रोशन होता है। यह बहुत बड़ी बात है कि हमारे जिले के बच्चे अच्छे कर रहें है। शिक्षा के साथ-साथ समाज में फैली कुरीतियों के प्रति भी आपको जागरूक होना जरूरी है। क्विज प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मोमेन्ट एवं विजेता कप देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनोज कुमार सिन्हा ने किया ।कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, एसबीआई बैंक के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं, विद्यालय के बच्चे व अन्य उपस्थित थें।

## यूथ कांग्रेस का यूथ जोड़ो-बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन, यूथ कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में यूथ कांग्रेस का यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन यूथ जिलाध्यक्ष आकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रदेश सह प्रभारी दीनबंधु शर्मा, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पूर्व राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित थे। मौके पर शहर में पदयात्रा भी निकाली गई। इसके बाद होटल अपर्णा पैलेस में सभा का आयोजन किया गया। अभिजीत राज एवं दीनबंधु शर्मा ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं को यूथ कांग्रेस में जुड़ने का आह्वान किया। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को शिखर पर पहुंचाने में युवाओं का अहम योगदान होता है। हमें प्रसन्नता है कि जिले में युवा मोर्चा की टीम काफी मजबूत है और अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही है। जीवन के हर क्षेत्र में पीढ़ियों का परिवर्तन हमेशा मुश्किल होता है। इसके लिए साहसिक पहल की जरूरत होती है। भारत आज विश्व में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। इतनी युवा आबादी किसी देश के पास नहीं हैं। लेकिन भाजपा सरकार के राज में हर क्षेत्र में युवाओं की अनदेखी की जा रही है। दलील दी जाती है कि उनके पास अनुभव की कमी है। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को मौका दिया है। कॉंग्रेस भली भांति जानती है कि किसी युवा नेता को किसी पद की जिम्मेदारी देने से न केवल पीढ़ियों का अंतर हो जाता है, बल्कि सोचने के तौर तरीके में भी बदलाव आ जाता है। युवाओं में कुछ कर दिखाने का जज्बा होता है। जोसिमा ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को यूथ कांग्रेस से जोड़ें। क्योंकि आप जैसे नौजवान ही हैं जो किसी भी देश की राजनीतिक में और देश के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। भाजपा सरकार के राज में देश मे फैली नशाखोरी और बेरोजगारी से तंग हुआ नौजवान 2024 में भाजपा का सफाया करके देश मे कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। पार्टी में युवाओं की संख्या अधिक हो इसके लिए अभी से ही जुट जाएं। ताकि पार्टी एवं संगठन को मजबूती मिले। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद, प्रदेश सचिव लक्ष्मी, चंदन कुमार सिंह, अंचल केरकेट्टा, संदीप नायक सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## 50 दिनों से लगातार धरना पर बैठे नव चयनित होमगार्ड, किसी ने नहीं ली सुध

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के नव चयनित होमगार्ड लगातार 25 जुलाई से नगर परिषद सिमडेगा के समीप अनिश्चितकालीन अपनी विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं फिर भी अभी तक सरकार की ओर से किसी प्रकार की उनकी मांगों को सुना नहीं गया है 50 वा दिन भी रात भारी वर्षा के बीच वे लोग डटे हुए हैं उनकी मांग है कि अन्य जिले के तर्ज पर उनकी बुनियादी प्रशिक्षण कराई जाये ताकि उन्हें नौकरी मिले और उनसे उनका परिवार का गुजारा हो सके उन्होंने कहा कि जब हमारी सभी प्रकार की नियम के तहत बहाली की गई तो उसके बावजूद अभी तक हमें बुनियादी प्रशिक्षण नहीं दी गई

जिसके कारण आज परिवार में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई सिमडेगा जिला प्रशासन एवं विधायक सिर्फ केवल आश्वासन दिया लेकिन अभी तक किसी प्रकार का कोई ठोस जवाब नहीं मिला जिससे कि हमें तसल्ली हो सके राज्य में आदिवासी हित की सरकार कहने वाले राज्य के मुख्यमंत्री की ओर से भी किसी प्रकार की कोई सटीक कदर नहीं उठाई गई आदिवासी बहुल जिला सिमडेगा में सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। और कहा कि 1 सप्ताह के अंदर सरकार की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिलती है तो ठोस कदम सभी उठाने के लिए तैयार है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से कौशल्या कुमारी, लवली नवरंगी गौतम चीक बड़ाईक, रिंकी कुमारी शोभा कुमारी असरिता कुमारी वरदानी हैरेंज, डमरूधर पाइक, निराला कुल्लू, गीता बिलुंग बिसरानी सुरीन प्रभा केरकेट्टा, किरण बड़ाईक, शांति देवी, रोशनी डुंगडुंग, कांति देवी, कुलदीप टोप्पो, दसरू भोय, अल्बर्ट मुंडू, एवं सभी प्रखंडों के नवचयनित होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों के बीच हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल के देख- रेख में राज्यकृत मध्य विद्यालय, किस्को में 14 सितंबर को लीगल लिटरेसी क्लब के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, पैनल अधिवक्ता देवाशीष कार, प्रवीण भारती, पीएलवी जयपाल उरांव, दिलीप साहू व रोहित कुमार उपस्थित रहे। छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कानून से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमेशा जागरूक रहें। साथ ही किसी भी समस्या के हल के लिए अपने मस्तिष्क का इस्तेमाल करें । सभी को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार के बारे में जानना चाहिए। उन्होंने कहा की टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करें । वहीं उन्होंने लैंगिक अपराध के बढ़ते घटनाओं के मद्देनजर उपस्थित छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से बताया । साथ ही उन्होंने डालसा द्वारा किए जाने वाले कार्य के बारे बताया। अधिवक्ता प्रवीण भारती ने कहा कि प्रखंड के सभी ब्लॉक में पीएलवी नियुक्त किए गए है। जिनसे कानून से संबंधित जानकारी और सहायता ले सकते है। उन्होंने कहा कि सभी को कानून की जानकारी होनी चाहिए। अधिवक्ता देवाशीष कार ने विद्यार्थियों को एफआईआर यानी प्रथम सूचना रिपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कोई जागरूक बने। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें। वहीं पीएलवी दिलीप कुमार साहू ने कैसे स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है इस विषय पर प्रकाश डाला। उपस्थित छात्र- छात्राओं को बाल श्रम, डायन विषाही एवं मानव तस्करी के विभिन्न विधाई पहलुओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानाचार्य मो0.असलम, वसुधा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कई दिनों से हो रही बारिश से कच्चा मकान गिरा, परिवार के समक्ष आशियाना की परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/ लोहरदगा।** बीते कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश व मंगलवार रात्रि रातभर हुई बारिश से प्रखण्ड के गितिलगढ़ निवासी असगर अंसारी का घर भरभरा कर गिर गई । गनीमत रही कि किसी को कोई जान माल की हानि नही हुई। घर गिरने से आर्थिक नुकसान हुई है जिससे भरी बरसात में परिवार वालो को रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घर गिरने से पडोसी टेले उरांव का दीवार में भी दरार पड़ गई है। असगर अंसारी का कहना है कि उसका परिवार एक अत्यंत गरीब परिवार है अभी घर बनाने में असमर्थ हैं।घर गिरने की सूचना पाकर कैरो प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर जायजा लिया और संतावना देते हुए कहा कि इस सबंध में वरीय पदाधिकारियों से बात की जाएगी वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी से बातचीत कर सरकारी प्रावधान के अनुरूप मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर संजू कुमार शुक्ला, रेयाज अंसारी आदि समिल थे।

### एनएच 143ए पथ पर पेड़ गिरने से घंटो यातायात जाम

**सेन्हा-लोहरदगा।** बारिश व तूफान के कहर से पेड़ गिरने से घंटो एनएच 143 ए पथ देर रात तक हुआ जाम, लोहरदगा गुमला मुख्य पथ बाधित होने से मरीज वाहन फंसा रहा। प्रशासन के पहल से हुआ वाहन का परिचालन। सेन्हा थाना से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर देर रात बारिश व तूफान के कारण विशाल पेड़ गिरने से लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर यातायात घंटो बाधित रहा। इतना ही नही पेड़ के गिरने से बिजली ट्रांसफार्मर एवं खम्भा क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रहा। इसके अलावे वाहन से मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन एन एच 143 ए पथ पर पेड़ गिरे रहने से घंटो मरीज वाहन फंसा रहा। जिसकी सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही त्वरित कारवाई हेतु सहयोगी पुलिस पदाधिकारी स0आ0नि0 जमशेद खान को शस्त्र बल के साथ घटना स्थल भेजा गया। घटना स्थल पर पहुंच जमशेद खान पथ से पेड़ को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटवा कर यातायात परिचालन कराया गया। जिससे मरीज वाहन समय से अस्पताल पहुंच मरीज को कराया भर्ती वहीं पेड़ गिरने से बिजली ट्रांसफार्मर एवं बिजली खम्भा क्षतिग्रस्त हो गया जिससे क्षेत्र में बिजली बाधित हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पथ परिचालन के अनुसार एवं यातायात को देखते हुए बताया जाता है कि रात्रि के समय में पेड़ गिरने से बड़ी हादसा टल गई है।

## सेन्हा में वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र को क्राइम मुक्त बनाने के दिशा में प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार सेन्हा थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना के समीप स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के सहयोग से चार पहिया सहित बाइक वाहन का संबंधित कागजात की जांच किया गया। एंटी क्राइम के तहत आपत्तिजनक सामान का भी जांच किया गया। जिसमें नशीला पदार्थ एवं हथियार की जांच किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच के दौरान चार पहिया,टेम्प और बाइक का डिक्की तथा वाहन से संबंधित कागजात लाइसेन्स इंश्योरेंस पेपर,सहित वाहन का अन्य कागजातों का जाँच किया गया। मौके पर पुलिस बल का जवान मौजूद थे।

### लोहरदगा व सेन्हा में 16 से 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

# घर-घर लोगों को खिलाया जायेगा डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां : सीएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। सीएस ने लोगो से फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सजग होकर दवा खाने की अपील किया। कहा कि हाथी पांव के साथ जिंदगी जीने की विवशता को मात देने की जरूरत है। डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। कहा कि जिले को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा. इस कार्य मे आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम चिन्हित बूथ पर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। छूटे हुए लाभार्थियों को डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि 16

से 30 सितंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। पहले दो दिन बूथ स्तर पर एव डोर टू डोर कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सजग है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना तैयार किया गया है। सरकार के निदेर्शानुसार सभी लोगो को दो तरह की दवाएं खिलाई जाएगी। लोगो को डीईसी एक गोली 100 मिलीग्राम की एव एल्बेंडाजोल एक गोली 400 मिलीग्राम की गोली खिलाई जानी है। आयु वर्ग 1-2 के बच्चों को डीईसी नही देना है जबकि एल्बेंडाजोल की आधा गोली खिलाना है। 2-5 आयु वर्ग के बच्चों को एक गोली डीईसी व एक गोली एल्बेंडाजोल खिलाना है। 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को 2 गोली डीईसी व एक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी जबकि 15 साल से बड़े सभी लोगो को डीईसी की 3 गोली व एल्बेंडाजोल की 01 गोली खिलाई जाएगी। कहा कि एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से ग्रसित रोगों वाले व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगो को दो तरह की गोलियां खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि खाली पेट दवा नहीं लेना है, उम्र वार दवा लेना है, दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। सीएस ने कहा सेन्हा व लोहरदगा में कुल 30 एचएससी, 130 गांव, 274 बूथ, 41 सुपरवाइजर है। जिले के दो प्रखंडों में दवा खिलाने का लक्ष्य 181602 है। मौके पर मलेरिया निरीक्षण अनुज कुमार, सच्चिदानंद शाहदेव, रजनी लकड़ा, विक्की कुमार दत्ता, डब्ल्यूएचओ के जेवियर हेमंत कुजूर, अंकित शर्मा, निखिल तिर्की, संजय प्रसाद समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## क्रूस विजय पर्व के मौके पर रचाकोना टोंगरी में धूमधाम से मनाया गया पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर के जामपानी पल्ली अंतर्गत राचाकोना मण्डली में बुधवार को क्रूस विजय पर्व मनाया गया। इस अवसर पर राचाकोना क्रूस टोंगरी में मिस्सा पूजा धर्म विधि का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अधिष्ठिता विशप हाउस के चांसलर फा. फाबियन डूंगडूंग, सहायक अधिष्ठता सलंगापुस भिखारिएट के डीन फा. थॉमस सोरेंग और फा. संदीप खेस्स थे। राचाकोना क्रूसटोंगरी में क्रूस विजय पर्व का यह सातवां है। अपने उपदेश में फा. फाबियन ने कहा क्रूस हमारी आस्था और साहस का प्रतिक है क्रूस विजय पर्व मनाने की शुरूआत चौथी शताब्दी में हुई तब से हम लोग क्रूस विजय पर्व मना रहे है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था क्रूस विजय पर्व को मनाने के लिए जामपानी पल्ली के कैथोलिक विश्वासी भारी संख्या में आये थे ' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राचाकोना के भाई बहनो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर झामुमो नेता सफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, संजीव डांग, बिपिन कुल्लू, अमलेन समद, बिजय सोरेंग, अरविन्द सोरेंग, रसाल डूंगडूंग, जामपानी पल्ली के सभी प्रचारक, उरसूलाइन कोन्वेंट जामपानी की धर्म बहने उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### पलामू एसपी ने गंभीर बीमारी के मरीज को रक्त उपलब्ध कराया

**मेदिनीनगर।** ग्राम- नामुदाग थाना- नौडीहा बाजार निवासी रंजीत कुमार सिंह ने 14 सितंबर को दूरभाष के माध्यम से पुलिस अधीक्षक पलामू से रक्त मुहैया कराने हेतु संपर्क किया। उन्होंने बताया की मेरी पुत्री प्रिया सिंह गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जिसका हीमोग्लोबिन मात्र 4ˇ है। जिसे रक्त चढ़ाना अति आवश्यक है और कहीं भी रक्त नहीं मिल रहा है । ऐसे स्थिति में सिर्फ आप ही पर उम्मीद टिकी है। पुलिस अधीक्षक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नौडीहा थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव से संपर्क स्थापित कर रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । तदनुसार पुलिस अधीक्षक की बात जब जवानों को बताएं तो झासपु-07 के पदमा हजारीबाग कैंप नौडीहा बाजार थाना पलामू के आरक्षी न. 394 रंजीत कुमार तैयार हो गए और रक्तदान कर प्रिया सिंह की जान बचायी। पलामू पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा के संकल्प से पलामू जिला में कोई भी व्यक्ति रक्त के कमी से अपनों को नहीं खोयेगा।

### बिजली करंट की चपेट में आकर 35 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको में मोबाइल चार्ज करने के दौरान एक महिला करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस घटना के बारे में बताया जाता है की नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी शौकत अंसारी की पत्नी अफसाना बीबी उम्र 35 वर्ष बुधवार की सुबह अपने घर में मोबाइल चार्ज कर रही थी । इसी दौरान वह बिजली करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### आइसा ने छात्रों की मदद के लिए जीएलए कॉलेज में लगाया हेल्पडेस्क

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन (आइसा) ने दूसरे दिन भी जीएलए कॉलेज में छात्रों के सुविधा के लिए हेल्प डेस्क लगाया। मालूम हों कि नये सत्र में नामांकन लेने के लिए सुदूर एवं दूर से आने वाले छात्रों को कॉलेज के विभाग व कई महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं होती है । जिसके कारण छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । उपरोक्त संदर्भ में आइसा ने छात्रों की मदद के लिए हर साल हेल्प डेस्क लगाती है । इस वर्ष भी छात्रों के लिए लगाया गया हैं। जिसका नेतृव आइसा जिला सचिव गौतम कुमार दांगी, जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह दांगी कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित नवीन दांगी, मनिष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सहोदया स्कूल कांप्लेक्स का गठन ऐतिहासिक व क्रांतिकारिक कदम:सज्जन

**मेदिनीनगर।** सभी संबद्धता प्राप्त सीबीएसई स्कूलों की संयुक्त बैठक मंगलवार को मेदिनीनगर एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई । मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट सेक्रेटरी सीबीएसई पटना जोन के सज्जन कुमार उपस्थित रहें । साथ ही उन्होंने सभी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । मौके पर संगठन के लोगों का डिजटलि लोकार्पण किया गया। सभी स्कूलों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया । बच्चों के बेहतर विकास हेतु पीजीएल सहोदया स्कूल कांप्लेक्स का गठन किया गया। सर्वसमिति से एमके डीएवी स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान को संगठन का अध्यक्ष , एमडीएन जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य पी पी गुप्ता को उपाध्यक्ष, रोटरी स्कूल के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडे को सचिव, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ए के सिंह को कोषाध्यक्ष, ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह को आईटी सेल सचिव सह कार्यक्रम समन्वयक, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एमडी नईम को संयुक्त कोषाध्यक्ष , आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एस के खन्ना को संयुक्त सचिव तथा संत मरियम स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श को जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया। मौके पर अपने संबोधन में संगठन के जनसम्पर्क अधिकारी कुमार आदर्श ने कहा कि सभी स्कूल नियमित तौर पर अपने विद्यालयों में समय-समय पर इनहाउस ट्रेनिंग का आयोजन करते रहे हैं।

### ऑफलाइन रसीद काटने का निर्देश देकर भ्रष्टाचार पर रोक लगाये हेमन्त सरकार: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने 14 सितंबर को प्रेस बयान जारी कर हेमन्त सोरेन सरकार से राज्य में पूर्व की भांति ऑनलाइन जमीनों के लगान रसीद काटने के बदले ऑफलाइन रसीद काटने का निर्देश देकर भीषण भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व सरकारी राजस्व बढ़ाने की मांग की है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि तकरीबन हर सरकार में राजस्व सेवा के कर्मचारियों से लेकर पदाधिकारियों तक ने अलग राज्य बनने से पहले से लेकर आज तक अपनी भ्रष्ट कार्यशैली में तनिक भी सुधार नहीं कर जमीनों के ऑनलाइन लगान रसीद काटने, दाखिल-खारिज करने समेत अन्य भू-अभिलेखों के संधारण के नाम पर भीषण लूट व आतंक का राज कायम कर दिया है,जो अतिशय निंदनीय है।

### अभाविप ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** अभाविप के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के द्वारा नगर मंत्री रामा शंकर पासवान के नेतृत्व में नीलाम्बर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक अराजकता हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से यह बाताया गया कि मनोविज्ञान विषय सहित कई विषयों के प्राध्यापक के द्वारा योगदान तिथि से लेकर आज तक एक भी कक्षाएं संचालित नहीं की गई है और बच्चों के साथ उनका व्यवहार भी तानाशाही रवैया है। वहीं जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के द्वारा प्रो. बनार्ड टोप्पो को परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। जो महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक बनने की किसी भी योग्यता को पूरा नहीं करते हैं । ऐसी स्थिति में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रश्न चिन्ह उठाया कि उन्हें किस नियम और परिनियम के तहत परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। वही एनएसएस पीओ के द्वारा बच्चों को लगातार चिन्हित कर एनएसएस में शामिल होने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है । इस विषय पर भी अभावित ने कुलपति को जानकारी दी।

### पलामू चेंबर ने चलाया सदस्यता अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा गुरूवार को पलामू जिला अध्यक्ष आनंद शंकर के आदेशानुसार चेंबर कमेटी के अध्यक्ष दीपू चौरसिया के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। चेंबर अध्यक्ष दीपू चौरसिया ने कहा कि चेंबर की लोकप्रियता के चलते सभी व्यवसायी चेंबर में जुड़ना चाहते हैं। इसी कड़ी में व्यवसायी भाइयों को चेंबर सदस्य बनाते हुए श्री चौरसिया ने कहा कि 1 सप्ताह तक चेंबर की सदस्यता अभियान चलेगी । मुझे खुशी हो रही है कि सभी व्यवसायी भाइयों ने बढ़-चढ़कर चेंबर सदस्य बन रहे हैं । जिसके लिए सभी व्यवसायी भाइयों का आभार व्यक्त किया है। चेंबर सदस्य बनने वालों में राजू हलाल ,पंकज जैन, राजेश भगत, रोमी, कलाम ,राजेश गोस्वामी सभी को सदस्य बनाया गया।

# पलामू में लगातार 19 तक हल्की बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का असर पहले से काफी कम हो गया है। लेकिन पलामू में दो दिन से लगातार रुक - रुक बारिश हो रही है। जिले और आसपास के क्षेत्रों में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। वहीं, मौसम विभाग केंद्र ने आगामी 19 सितंबर तक राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है। पलामू में झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। गर्मी के थपेड़ों से जूझते लोगों को यह बारिश काफी खुशी दे गयी । लेकिन, लगातार बारिश से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया। कार्यालय में काम का दिन होने के कारण लोगों को अपने अपने कार्यालय पहुंचने में काफी

मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। बाजार खुली रही लेकिन, बाजार करने वालों की भीड़ अन्य दिनों की तुलना में काफी कम रह रही है। शाम में घंटों लगातार झमाझम बारिश होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। मिट्टी के घरों में रहने वाले परिवारों के घर मे पानी के घुसने से इलेक्ट्रोनिक्स व इलेक्ट्रिक सामानों की बबार्दी के साथ घर में पानी पानी हो गया। शहर के प्रमुख हिस्सों में सड़कों पर जल जमाव होने से लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है।

**मौसम में विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं :** मौसम के अनुसार 15 सितंबर को भी कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। 19 सितंबर तक मौसम में विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 15 से 17 सितंबर तक राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी गयी है।

**किसानों को मिल रही खुशी :** पलामू में वैसे तो इस वर्ष सुखाड़ की मार पड़ी है। लेकिन लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी आ गई है। धान के फसल अब पूरे होने को है । लेकिन अन्य फसलों के लिए किसानों को पानी की कमी नहीं हो रही है। महुगावां के किसानों को अपनी धान की खेती में सुधार की उम्मीद है। वहीं, इस बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मना हिन्दी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात हिंदी के प्रख्यात रचनाकार मुंशी प्रेमचन्द जी के छायाचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किये। विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के द्वारा भी पुष्प अर्पित किये गये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ एके सिंह ने कहा कि भारत दुनियां में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। हिन्दी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। 1949 में हिंदी को देश में सर्वोच्च भाषा मानकर राजभाषा का दर्जा दिया गया। प्रत्येक भारतीय को अपनी मातृभाषा बोलने पर गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में

कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हिंदी दिवस के इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिकाओं के द्वारा हिंदी की महत्ता प्रतिपादित करती हुई सामूहिक गान प्रस्तुत किए गये। योग शिक्षिका रागिनी द्वारा हिन्दी प्रयोग को प्रेरित करती हुई चम्पू काव्य का प्रस्तुतिकरण हुआ। गणित शिक्षक दिलीप कुमार मिश्र के द्वारा पंत जी की रचना रश्मिरथी का काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। मौके पर मंच संचालन हिन्दी शिक्षक भरत लाल वर्मा द्वारा किया गया तथा हिन्दी शिक्षिका रश्मि सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सोलह से निगम करेगा भारतीय स्वच्छता लीग का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा मुक्त शहर बनाने एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय स्वच्छता लीग का आयोजन किया जाना है। बुधवार को इस आलोक में नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। इस बैठक में एनसीसी पलामू , सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पलामू, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, नेहरू युवा केंद्र, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधिगण एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर अविनाश देव एवं सैकेत चटर्जी उपस्थित हुए । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर से कोयल नदी के किनारे विशेष सफाई अभियान का आयोजन कर भारतीय स्वच्छता लीग की शुरूआत की किया जायेगा । ताकि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके एवं लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता लाई जा सके। यह जागरूकता अभियान रेड़मा तालाब , गांधी मैदान , रेलवे स्टेशन रोड, विवेकानंद चौक, पुलिस लाइन रोड , मेन मार्केट, बैरिया चौक आदि जगहों पर अलग-अलग दिन चलाया जायेगा।

# पलामू समाहरणालय भवन परिसर में शौचालय की स्थिति बदहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला समाहरणालय भवन बाहर से दिखने में जितना सुंदर है। अंदर से उतना ही खोखला। कहने को तो करोड़ों की लागत से बने इस बिल्डिंग में तमाम वे अधिकारी बैठते हैं ,जो पलामू के विकास की बात करते हैं। लेकिन हैरानी की बात ये है कि इनका अपना समाहरणालय भवन का सभी शौचालय की बदहाल स्थिती है। यहां साफ सुथरे शौचालय की व्यवस्था नही है। इन सबके बीच यहां साफ सफाई की बात बेमायने लगती है। ए ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर पर डीसी परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं,लेकिन यहां शौचालय की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

नियमित साफ सफाई के अभाव में लोगो को शौचालय जाना दुर्बल हो गया है। शौचालय की वर्तमान स्थिति को देखकर लग रहा है कि काफी समय से इसकी सफाई नहीं की गई है। अब सवाल यह उठता है कि शौचालय का रख-रखाव कौन कर रहा है और सफाई करने के लिए कितने व्यक्ति कार्यरत हैं। चाहे वह किसी सफाई एजेंसी को आउटसोर्स किया गया हो या डीसी कार्यालय भवन के कर्मचारी सफाई के शीर्ष पर हों।अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज शौचालय की उपेक्षा की जा रही है। ये गंदे शौचालय बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल हैं जो संक्रमण का कारण बन सकते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, शौचालयों को जितना हो सके, साफ और सूखा रखना चाहिए। शौचालय की सीटों में भी कीटाणु होते हैं और बीमारियों के किसी भी अवसर को रोकने के लिए हर उपयोग से पहले मिटा दिया जाना चाहिए। जहां जिला प्रशासन के अधिकारी अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए जनता में जागरूकता फैला रहे हैं, साथ ही कोविड-19 आदि से संबंधित प्रोटोकॉल का पालन भी करा रहे हैं। लेकिन उन्होंने शौचालय सहित अपने भवन के आसपास की स्वच्छता के प्रति पूरी तरह से लापरवाही दिखाई है। पलामू समाहरणालय का भवन जिसमें दर्जन से ज्यादा अधिकारियों के दफ्तर हैं। जहां से पलामू के विकास से जुड़े फैसले लिए जाते हैं। वही बिल्डिंग अपनी बने हुए शौचालय बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

# डीसी ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित रहे कर्मियों पर हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को तरहसी व नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले तरहसी पहुंचे। यहां उन्होंने अंचल कार्यालय से संबंधित विभिन्न रेजिस्टरों की जांच की। इस दौरान उन्होंने अंचल से जारी होने वाले जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र, मोटेशन से संबंधित विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अंचलाधिकारी को म्यूटेशन हेतु आये सभी आवेदनों का ससमय निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। वहीं परिशोधन की समीक्षा के दौरान अंचलाधिकारी केदारनाथ सिंह ने बताया कि निर्धारित ओटीपी के अनुसार प्रतिदिन 30 परिशोधन किया जाता है । एक दिन में तीस से अधिक ओटीपी नहीं आने के कारण इससे अधिक परिशोधन नहीं हो पाता है । इसपर उपायुक्त श्री दोड्डे ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वरीय पदाधिकारियों से ऑन स्पॉट कॉल कर इस समस्या का समाधान करने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक जनता दरबार में प्राप्त जन शिकायतों को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाना चाहिए । ताकि आवश्यक छोटे-मोटे कामों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़े। संबंधित पदाधिकारी आम जनता के प्रति पूरे संवेदनशील रहें। तरहसी अंचल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेषकर नरेगा एवं आवास की समीक्षा की। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र की समीक्षा के दौरान तरहसी बीडीओ सच्चिदानंद महतो ने डीसी को बताया कि प्रखंड कार्यालय की ओर से डीएमएफटी के माध्यम से 11 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। समीक्षा के पश्चात उपायुक्त ने तरहसी प्रखंड में आये आम लोगों से सीधे मुखातिब होकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। तरहसी कार्यालय का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में अनुपस्थित रहे ,भीएलडब्लू विनय कुमार व अमरेश कुमार और आवास के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार की हाजरी काट दी। उपायुक्त निरीक्षण के दौरान बीडीओ अनिल कुमार प्रखंड के नौडीहा पंचायत में आम बागवानी व आवास का निरीक्षण करने के कारण प्रखंड में अनुपस्थित रहे।

# आजसू केंद्रीय अध्यक्ष के साथ पलामू के केंद्रीय नेतृत्व की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पलामू के केन्द्रीय नेतृत्व के साथ बैठक की । बैठक के दौरान बताया गया कि आजसू पार्टी लगातार 1932 खतियान या आखिरी सर्वे को आधार मान कर स्थानीय व नियोजन नीति बनाने की मांग को लेकर आन्दोलन करते रही है। साथ ही पिछड़ा वर्ग को जनगणना कराकर हिस्से के अनुसार आरक्षण की मांग

सदन से सड़क तक करती रही है। सरकार के 33 माह बिताने पर भी न खतियान और न आरक्षण पर ही कैबिनेट तक मे चर्चा की। आदिवासी समुदाय के लिए सरना धर्म कोड पर केवल गुमराह करने के लिए बयान बाजी सीएम करते रहे। अध्यक्ष ने कहा कि पलामू के मुख्य प्रभारी हसन अंसारी बबलू गुप्ता के निलंबन को पुनः निलम्बन वापस कराकर कार्य सौपेंगे। पूरे राज्य के 81 विधान सभा से पद यात्रा कर राजभवन में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने की तैयारी पर विस्तार से चर्चा हुई। सरकार केवल जनता को गुमराह व बरगलाने के लिए तरह-तरह के बयान जारी कर रहे हैं। झारखण्डी जनता इनके मनसूबे को समझ गया है। आगामी चुनावों में झारखंड में यूपीए सरकार को सबक सिखाने के लिए अभी से कमर कस ली हैं। बैठक मे केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार केन्द्रीय सचिव विजय मेहता, इम्तियाज अहमद नजमी, विकेश शुक्ला ,तुलसी शुक्ला शामिल थे । गुरूवार को पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पलामू जिला अध्यक्ष आनंद शंकर के आदेशानुसार डाल्टनगंज महानगर चेंबर कमेटी के अध्यक्ष दीपू चौरसिया के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। चेंबर अध्यक्ष दीपू चौरसिया ने कहा कि चेंबर के लोकप्रियता के चलते चेंबर के काम के चलते सभी व्यवसाय चेंबर में जुड़ना चाहते हैं । इसी कड़ी में व्यवसाय भाइयों को चेंबर सदस्य बनाते हुए श्री चौरसिया ने कहा कि एक सप्ताह तक चेंबर की सदस्यता अभियान चलेगी। मुझे खुशी हो रही है कि सभी व्यवसायी भाइयों ने इसमें बढ़-चढ़कर चेंबर सदस्य बन रहे हैं । जिसके लिए सभी व्यवसायी भाइयों का आभार व्यक्त किया। चेंबर सदस्य बनने वाले में राजू हलाल का पंकज जैन, राजेश भगत, रोमी , कलाम, राजेश गोस्वामी, सभी को सदस्य बनाया गया । साथ में हमारे चेंबर के सम्मानित पदाधिकारी पंकज शर्मा ,कुंदन गुप्ता, कमल जयसवाल,अमित महाजन उपस्थित थे।

# आयुक्त ने उच्च पथ के निर्माण व भू-अर्जन प्रगति की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल क्षेत्र में बन रहे राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 75 एवं 98 के निर्माण एवं भू-अर्जन कार्य में आ रहे गतिरोधों को दूर करने से कार्य में सहुलियत होगी और कार्य कराने में अनावश्यक विलंब भी नहीं होगा। पदाधिकारी, राष्ट्रीय उच्च पथ के प्रतिनिधि एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि आपसी समन्वय रखते हुए कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करें। आवागमन में सुविधा हो और पलामू प्रमंडल विकास के पथ पर आगे बढ़ें। सितंबर माह के अंत तक समस्या का समाधान कर गतिरोध दूर करें, ताकि सड़क निर्माण की प्रगति बनी रहे और शीघ्र सड़क बन जाये। जिससे लोगों का आवागमन सुलभ हो सके। उक्त बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज आयुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 75 एवं 98 के निर्माण एवं भू-अर्जन कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने फेज वन एवं टू के सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कराने एवं

कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उच्च पथ के निर्माण कार्य में शिथिलता नहीं बरतें। उन्होंने छूटे हुए सभी प्लॉटों का थ्री जी अवार्ड प्रदान करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 75 के गढ़वा-बाईपास में गढ़वा अंचल के खजुरी ग्राम में गैरमजरूआ एवं जंगल झाड़ी की प्रवृत्ति का होने के कारण जो भूमि एनएचएआई को स्थानांतरित नहीं किया जा सका है। उसे 15 दिनों के अंदर भू- स्थानांतरण संबंधित कार्रवाई पूरी करने का निदेश दिया, ताकि कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने पलामू जिले में हरिहरगंज-पंडवा मोड़ सड़क निर्माण के लिए कैंप लगाकर रैयतों को एलपीसी निर्गत करने एवं भू-अर्जन की अवशेष राशि को विशेष ध्यान देकर वितरण कराने का निदेश संबंधित अंचल अधिकारियों को दिया। उन्होंने भू-अर्जन के बचे मामलों के निष्पादन में संबंधित अंचल पदाधिकारी को सहयोग करने का निदेश एनएचएआई की कार्यकारी एजेंसी को दिया। बैठक में आयुक्त के अलावा आयुक्त के सचिव अनिल कुमार, पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, गढ़वा के अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, पलामू के नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, गढ़वा के अंचल अधिकारी कुमार मयंक भूषण, पलामू जिले के हरिहरगंज, छतरपुर, पिपरा के अंचल अधिकारी सहित एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज कुमार टोप्पो, कार्यकारी एजेंसी शिवाल्या कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि सुबोध कुमार आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय दुगार्पूजा समिति ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने मुख्यमंत्री से पलामू के सभी पूजा समितियों को 51 हजार रुपये सहयोग राशि देने की मांग की है। समिति के सदस्यों के द्वारा उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कोरोना के कारण पूरा देश आर्थिक समस्या से जूझ रहा है। वहीं पलामू प्रमंडल इस वर्ष सुखाड़ से प्रभावित होने के कारण यहां की व्यवसायिक गतिविधियों भी प्रभावित हूई है। उपायुक्त के माध्यम से दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि दुर्गोत्सव पूरे झारखंड का अतिमहत्वपूर्ण पर्व है । ऐसे में

सरकार को पहल करते हुए सभी पूजा समिति को आर्थिक सहयोग करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, उपाध्यक्ष ललन सिन्हा, वीएम पांडेय, हरिशंकर सिंह, प्रदीप जायसवालकमल गुप्ता, मंत्री सतीश तिवारी, मनीष भिवानियां व मोनू सिंह शामिल, संजय राज, व जितेन्द्र सोनी शामिल थे।

सम्पादक की कलम से...

## खेल नीति व झारखंड

**झारखंड के लिए खुशी की बात है कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही राज्य में खेल गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। आने वाले 5 वर्षों के लिए सरकार ने नई खेल नीति बनायी है जिसका विधिवत रूप से लोकार्पण हो चुका है। सरकार द्वारा बनायी गई यह खेल नीति राज्य के खिलाड़ियों, कोच तथा प्रशिक्षकों के लिए एक अच्छी बात है। यहां के नौजवानों में खेल के प्रति रुचि, जागरूकता हाल के दिनों में काफी बढ़ी है। इस ओर झुकाव के कारण ही देश और विदेश में यहां के खिलाड़ी बड़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। बस जरूरत है यहां के खिलाड़ियों को प्लेटफार्म की। राज्य सरकार द्वारा बनायी गई नई स्पोर्ट्स पॉलिसी हमारे खिलाड़ियों को बिना रुकावट खेल की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए मदद करेगी। पिछले दिनों देश के दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों ने झारखंड में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है तथा यहां के प्रशिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण भी लेने का काम किया है। आज यहां के खिलाड़ी पूरी दुनिया में खेल के क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रहे हैं, साथ ही सीमित संसाधनों में अपनी तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि यह क्षण हम-सब के लिए गौरव का है। सरकार की पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद की दिशा में किये गये प्रयास आज समय की मांग थी। एक बात बहुत जरूरी है कि राज्य में स्टेडियम की भारी कमी है। कुछ स्टेडियम के काम जो चल रहे हैं वह संतोषजनक नहीं हैं। जैसे उदाहरण के रूप में देखा जाये तो पलामू में बन रहा स्टेडियम आज भी अधूरा है। ऐसे में खिलाड़ियों के सामने कई प्रकार की परेशानियां सामने खड़ी हो गई हैं। इस दिशा में सरकार का ध्यान होना नितांत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि खेल नीति बन जाने से खिलाड़ियों को काफी सहूलियत होगी,लेकिन उसे जारी रखने की जरूरत है। विगत 20 वर्षों में झारखंड में विकास की गति थम सी गई है, वर्तमान सरकार ने राज्य की आंतरिक संसाधनों को बढ़ाने पर बल दिया है। एक-एक राज्य वासियों को सरकार का अंग बनाकर उनकी मदद से विकास की लंबी लकीर खींचने का प्रयास करने की जरूरत है। झारखंड में पर्याप्त संसाधनों के अनुरूप ही हमारी सरकार हर वर्ग को कुछ न कुछ, किसी न किसी तरीके से सहायता प्रदान करने का काम कर रही है। बुजुर्ग, नौजवान, महिला, बच्चे सभी की चिंता इस सरकार में की जा रही है। सभी का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। यहां के आदिवासी मूलवासी बच्चों की प्रतिभा को निखारने की दिशा में यहां की प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। नई खेल नीति पांच साल के लिए लागू होगी। इससे पहले राज्य में वर्ष 2007 में लागू हुई थी। नई नीति में खिलाड़ियों को 6 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति, पूर्व खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये तक मासिक पेंशन, खेल प्रशिक्षकों को 10 लाख रुपये तक की सम्मान राशि का प्रावधान किया गया है। योजनाबद्ध तरीके से राज्य के खिलाड़ियों के लिए डे-बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय केंद्र, आवासीय खेल विकास केंद्र व एकलव्य खेल अकादमी को बेहतर करने से खेल नीति को और बढ़ावा मिलने की संभावना है।**

## आज का इतिहास

**1630 :** बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया।
**1689 :** रायगढ़ किले में संभाजी की विधवा और उसके बच्चे ने औरंगजेब के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
**1722 :** फ्रांस के सी. होफर ने अग्निशामक यंत्र का पेटेंट कराया।
**1774 :** इंग्लैंड से सुप्रीम कोर्ट के जज ईस्ट इंडिया कंपनी प्रबंधन में सुधार के लिए कलकत्ता पहुंचे।
**1853 :** अमेरिका के हवाई प्रांत में पहली आटा चक्की शुरू की गयी।
**1872 :** न्यू साउथ वेल्स में विश्व का सबसे बड़ा सोने का टुकड़ा (215 किग्रा) पाया गया।
**1963 :** दक्षिण अफ्रिका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफ के खिलाफ मामला शुरू।
**1964 :** भारत के क्रांतिकारियों में से एक एचसी दासप्पा का निधन।
**1970 :** सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया।
**1973 :** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में ओपेरा हाउस को पहली बार जनता के लिए खोला गया।
**1978 :** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का जन्म।
**1982 :** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा केरल और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल निरंजन नाथ वांचू का निधन।
**1988 :** भारतीय प्रथम श्रेणी के क्रिकेट खिलाड़ी कृष्णप्पा गौतम का जन्म।
**1991 :** उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत।
**1995 :** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजाह कप फाइनल ट्रॉफी अपने नाम किया।
**2007 :** अली लारीजानी के त्यागपत्र के बाद ईरान के विदेश उपमंत्री सईद जलाली नये प्रमुख परमाणु वातार्कार बने।
**2008 :** आरबीआई ने रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की थी।
**2011 :** लीबिया पर 40 साल तक राज करने वाला तानाशाह मोहम्?मद गद्दाफी गृहयुद्ध में मारा गया।

# उन्हें महंगाई व बेरोजगारी से प्यार है

> कम आर्थिक वृद्धि या मंदी के दौर में औसत परिवार की स्थिति और खराब हो जाती है। सरकारी भर्ती निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेरोजगारी अच्छी लगती है। जब कुछ सौ निम्न-श्रेणी की रिक्तियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर सहित हजारों आवेदक होते हैं, तो नियुक्ति करने वाले अधिकारियों को भारी शक्ति और विवेक प्राप्त होता है। दलाल फलते-फूलते हैं, पैसा हाथ बदलता है, घोटाले होते हैं। नौकरी चाहने वालों की संख्या चूंकि नौकरियों से अधिक है- निजी, सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्रों में नौकरियों में अस्थायीकरण और अनौपचारीकरण बढ़ रहा है। श्रम कल्याण कानूनों को दरकिनार कर दिया गया है।

पिछले रविवार को कांग्रेस पार्टी ने बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ 'हल्ला बोल' रैली की। ऐसा माना जाता है कि बेरोजगारी और महंगाई से हर कोई आहत है और यह भी कि हर कोई बेरोजगारी और महंगाई को कम करने के लिए दृढ़संकल्प है। खेद है कि मुझे इन व्यापक रूप से अपनाये गये (गलत) विश्वासों की हवा निकालनी पड़ रही है। आबादी का एक वर्ग और- अपनी सांस रोके रखिए- सरकार के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जो बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से खुश हैं और वे बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के झंडे को ऊंचा रखने के लिए वह सब कुछ गुप्त रूप से करेंगे, जो करना संभव है। आइये, बात शुरू करते हैं कि 'बेरोजगारी किसे पसंद है?' **व्यापार और सरकार :** व्यापार को बेरोजगारी अच्छी लगती है। क्योंकि, नौकरियां कम हैं और उन्हें चाहने वालों की तादाद ज्यादा है, इसलिए बढ़ती बेरोजगारी में नौकरी देने वालों के लिए सौदेबाजी करना आसान रहता है। नतीजतन, मेहनताना कम देना पड़ता है। वेतन वृद्धि नगण्य होती है। उदाहरण के लिए, मुद्रास्फीति की दर अधिक होने के बावजूद वर्ष 2021-22 में कृषि मजदूरी में तीन प्रतिशत से भी कम की वृद्धि हुई। वर्ष 2019 में भारत में एक कृषक परिवार की औसत मासिक आय 10,213 रुपए थी (स्रोतः ईएस 2021-22) जो भोजन, आश्रय, कपड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, अवकाश के लिए परिवार के चार-पांच सदस्यों के लिए शायद ही पर्याप्त हो।चूंकि नौकरी-पेशा लोगों या यहां तक कि स्वरोजगार करने वालों की सौदेबाजी की शक्ति कमजोर है, इसलिए परिवार की औसत आय में मामूली वृद्धि होती है। कम आर्थिक वृद्धि या मंदी के दौर में औसत परिवार की स्थिति और खराब हो जाती है। सरकारी भर्ती निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेरोजगारी अच्छी लगती है। जब कुछ सौ निम्न-श्रेणी की रिक्तियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर सहित हजारों आवेदक होते हैं, तो नियुक्ति करने वाले अधिकारियों को भारी शक्ति और विवेक प्राप्त होता है। दलाल फलते-फूलते हैं, पैसा हाथ बदलता है, घोटाले होते हैं। नौकरी चाहने वालों की संख्या चूंकि नौकरियों से अधिक है- निजी, सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्रों में नौकरियों में अस्थायीकरण और अनौपचारीकरण बढ़ रहा है। श्रम कल्याण कानूनों को दरकिनार कर दिया गया है। मजदूर संगठन के आंदोलन काफी कमजोर पड़ गये हैं आपराधिक गठबंधनों को भी बेरोजगारी पसंद है। मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब व्यापार, अवैध सट्टेबाजी और जुआ, मानव तस्करी और इसी तरह की अवैध गतिविधियों के लिए लोगों की भर्ती करने का यह एक बड़ा अच्छा अवसर होता है। आइए देखते हैं कि 'महंगाई किसे पसंद है?' **कर संग्राहक और विक्रेता :** राजस्व विभाग और कर संग्रहकर्ता महंगाई से प्यार करते हैं। महीने-दर-महीने, कर संग्रहकर्ता कर संग्रह में एक 'नई उच्चता' दर्ज करते हैं, उदाहरण के लिए जीएसटी संग्रह। वे कभी भी मुद्रास्फीति-समायोजित संख्या को दर्ज नहीं करते हैं। अगस्त, 2022 में, जीएसटी संग्रह 1,43,612 करोड़ रुपए था (अगस्त 2021 में यह 1,12,020 करोड़ रुपए था), लेकिन पिछले बारह महीनों में औसत मुद्रास्फीति के लिए समायोजित, जीएसटी प्राप्तियों का वास्तविक मूल्य केवल 1,33,559 करोड़ रुपए था। यथामूल्य करों के मामले में, कर दरों को स्थिर रखते हुए भी, कर संग्रहकर्ता एक बोनस प्राप्त कर सकता है। बजट निमार्ताओं को महंगाई पसंद आती है। बजट दस्तावेजों में संख्या मौजूदा कीमतों में होती है। आबंटन मौजूदा कीमतों में होते हैं। इसलिए, बजट निर्माता दावा कर सकता है कि उसने पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष में अधिक धन आबंटित किया है। मगर कुछ नागरिक इसे मुद्रास्फीति समायोजन के आधार पर देखेंगे, तो हकीकत समझ आयेगी। मसलन, मुद्रास्फीति समायोजन के आधार पर देखें तो वर्ष 2022-23 के बजट में रक्षा, उर्वरक, खाद्य, कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और शहरी विकास के लिए आबंटन वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमानों से कम था। सरकारी ऋण प्रबंधकों को मुद्रास्फीति पसंद है। चूंकि कर्ज उधार लिया जाता है और मौजूदा कीमतों में चुकाया जाता है, इसलिए मुद्रास्फीति की दर कर्ज के मूल्य को कम करती है। विक्रेताओं को मुद्रास्फीति पसंद है। न्यूनतम खुदरा मूल्य में काफी वृद्धि हुई है, भले ही इनपुट लागत में मामूली वृद्धि हुई हो। विशेष रूप से आवश्यक वस्तुओं के मामले में यह बात लागू होती है।

■ पी. चिदंबरम

## दोहरी जिंदगी

कल मैंने एक वीडियो देखा। दो-तीन युवक मिलकर एक लड़की को बेरहमी से पीट रहे थे। कहते हैं जब समाज की आँखें नीचीं हो जाएँ तब ऐसी ओछी हरकतें परवान चढ़ती हैं। वीडियो देखने के बाद मुझे उन युवकों पर गुस्सा तो आया लेकिन कर भी क्या सकता था? अरे-अरे, पाप बिचारी जैसे अमूल्य शब्दों का प्रयोग कर उसके प्रति अपनी सहानुभूति जताई। मेरा मानना है कि मानवता की बुझती अग्नि में ऐसे शब्द घी सा काम करते हैं। वरना एक हाथ में चाय का कप, दूसरे में मोबाइल धरे किसके पास सहायता के लिए हाथ बढ़ाने का यहाँ समय है? चाय को होंठों पर और उंगलियों को मोबाइल पर नचाने जैसे बहुत जरूरी काम भी तो होते हैं। इतने जरूरी काम छोड़कर भला कोई अपना समय क्यों खोटी करेगा? फिर भी मैंने समय खोटी किया और कोरे कागज को काला कर डाला। मैंने ध्यान दिया कि सामने वाले कमरे में मेरी बिटिया भी कुछ लिख रही थी। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसके पास महंगा फोन था, फिर लिखने की क्या जरूरत थी। ध्यान से देखा तो फर्श पर दो-तीन पेपर पड़े हुए थे। उठाकर देखने पर सब में पापा लिखा हुआ था, लेकिन बाकी का मैटर काटम-कूटी की भेंट चढ़ चुका था। उत्सुकता बढ़ी। चुपके से पीछे जाकर खड़ा हो गया। वह लिख रही थी, पापा! मैं केवल पंद्रह बरस की हूँ। ठीक से चलना तो दूर खड़ा होना तक नहीं जानती। ऐसी बिटिया को जमाने की दौड़ में ठेलते हुए आपको मुझ पर तनिक भी दया नहीं आई। जिन हाथों को कलम पकड़ना चाहिए था, उन्हें रसोईघर में कलछुल, पल्टा, सड़सी पकड़ना पड़ रहा है। खिलखिलाता चेहरा जबरन ब्याह से मुरझा गया है। बेशर्म आँखें दुख और सुख दोनों में सजल हो उठती हैं। कभी मेरी आँखों में आँसू की एक बूँद भी आपको बेचैन कर देती थी। अब वहीं मेरी सजलता आपको खुशी के आँसू लगते हैं। सहेलियों के संग कॉलेज जाने की उम्र में मुझे ससुराल भेज दिया। अब मैं नलकूप से पानी लाती हूँ। मैं समझती थी कि पढ़ने से आदमी कुछ बनता है। आपने तो शादी को ही एक उपलब्धि बना डाला। माँ के आँचल और पापा की उंगली से सुरक्षित वस्तु इस दुनिया में कुछ और नहीं हो सकती। लेकिन मैं ही आदान-प्रदान की वस्तु बन जाऊँगी, ऐसा सपने में भी नहीं सोचा था। प्यारी गुड़िया कहकर मेरे माथे पर दी हुई आपकी चुम्मी की नमी अभी सूखी भी नहीं थी कि आपने मुझे पराया बना दिया। गिरगिट जितनी तेजी से रंग नहीं बदलता, उतनी तेजी से आपको रंग बदलते हुए देखा है। पापा आप सच में महान लेखक बन गये हो। जैसा लिखते हो वैसा दिखते नहीं हो। पापा आप दोहरी जिंदगी जीने के आदि हो चुके हो। आपकी कथनी की जिंदगी करनी की जिंदगी से एकदम जुदा है। आँखें आँसुओं से तर थी। सोचा रानी बिटिया पत्र मुझे देगी। यदि ऐसा होता तो मैं खुशी मनाता। दुर्भाग्य से वह सुख भी प्राप्त न हो सका। अंत में उसने लिखा, सेवा में संपादक जी, एक्सवाईजेड समाचार पत्र, भोपाल। प्रेषकः अनामिका।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## नीतीश कितने कारगर होंगे

पिछले हफ्ते की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं पर नजर डाल देखिये। ये सियासी पहलकदमियां 2024 में होने वाले आम चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। हफ्ते की शुरूआत में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में तमाम विपक्षी नेताओं से लंबी मुलाकातें कीं। वह अगर राहुल गांधी से मिले, तो उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी अरविंद केजरीवाल के साथ भोजन किया। केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध में स्वघोषित जेहादी हैं, पर नीतीश सजायाफ्ता ओमप्रकाश चौटाला से भी मिले। उन्होंने वामपंथियों के विभिन्न धड़ों से भेंट की और मेदांता में स्वास्थ्य लाभ कर रहे मुलायम सिंह का भी हालचाल लेना वह नहीं भूले। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। आखिरी दिन उन्होंने वरिष्ठतम विपक्षी नेता शरद पवार से लंबी बातचीत की। नीतीश इससे पहले पटना में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के साथ लंबी मुलाकात कर चुके हैं। आने वाले दिनों में गैर-भाजपा शासित क्षेत्रों के मुख्यमंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से उनका संवाद तय है। इस मैराथन मशक्कत से क्या नीतीश कुमार विभाजनग्रस्त विपक्ष को एकजुट कर भाजपा को पछाड़ने का पराक्रम कर सकेंगे? नीतीश और उनके सहयोगियों को लगता है कि भाजपा उत्तर और पश्चिम भारत में मौजूद 250 में से 200 सीटें जीतकर सत्ता में आई। अगर इनमें से 40 भी कम हो जाएं, तो तस्वीर का रुख बदल सकता है। उनका तर्क है कि 2019 में एनडीए दस राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों- अरुणाचल, गुजरात, हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, त्रिपुरा, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और दमन-दीव में संपूर्ण सीटें जीतने में कामयाब रहा। इस बड़े भूभाग से 83 सांसद चुनकर आते हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, असम, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुल 264 लोकसभा क्षेत्रों से भगवा दल को 184 सीटें हासिल हुई थीं। इनमें से महाराष्ट्र और बिहार में एनडीए के प्रमुखतम घटक दलों ने दूसरा रास्ता चुन लिया है। इसी आधार पर उनका मानना है कि भाजपा अपने और अन्य छोटे दलों के बूते यह चमत्कार दोहराने में अब शायद ही कामयाब हो। इसके साथ ही उनकी नजर उन 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों पर है, जहां से भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। इनमें से अधिकांश में भगवा दल अपने दम पर कोई बड़ा करिश्मा करने की स्थिति में उन्हें नजर नहीं आता। यह तर्क लुभावना लगता है, पर इसमें कई पेच हैं। पश्चिम बंगाल का उदाहरण लें। 2019 के सीधे मुकाबले में भाजपा ने प्रदेश की 42 सीटों में से 18 हासिल की थीं। इसके बरक्स पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने अभूतपूर्व जीत हासिल की। यहां गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को शून्य और वाम दलों को महज एक सीट मिली। 'दीदी', कांग्रेस और वाम दलों को लोकसभा चुनाव में भी दूर रखने की हामी हैं। गये गुरुवार को उन्होंने विपक्षी एकता की वकालत करते हुए कहा कि हम सोरेन, नीतीश और अखिलेश के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस का नाम वह गोल कर गईं। कुछ ऐसा ही रवैया तेलंगाना के सत्तापति के चंद्रशेखर राव रखते हैं। जेडी-यू के एक आशान्वित नेता का दावा है कि नीतीश कुमार ने जैसे ही भाजपा से अलग होने की घोषणा की, उन्हें सबसे पहला फोन ममता बनर्जी ने किया। नीतीश आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल का दौरा करने जा रहे हैं। क्या बिहार के मुख्यमंत्री तीसरा मोर्चा बनाने की समर्थक ममता और केसीआर को 'मुख्य मोर्चा' गठित करने के लिए मना पायेंगे? यही नहीं, अरविंद केजरीवाल भी 'जोड़-तोड़' की राजनीति के खिलाफ हैं। यही वह मुकाम है, जो नीतीश कुमार की मंशा को पूरा करने में रोड़ा पैदा करता है। इन तीनों के अलावा दो अन्य नेता विपक्षी एकता की राह का रोड़ा बन सकते हैं। वे हैं, अखिलेश यादव और मायावती। इन दोनों को साथ लाय बिना उत्तर प्रदेश का रण जीतना नामुमकिन है। बताने की जरूरत नहीं कि यह सूबा लोकसभा में 80 सदस्यों का योगदान करता है। इनमें से 64 पर भाजपा का कब्जा है। अगले चुनाव के लिए पार्टी ने 75 सीटों पर दांव लगा रखा है। अब दो अन्य घटनाओं की बात। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से बुधवार को 'भारत जोड़ो' यात्रा की शुरूआत की। वह इस दौरान कश्मीर तक जायेंगे। कन्याकुमारी से इस सफर की शुरूआत के पीछे उनका मकसद साफ है। कांग्रेस की अगुवाई वाला तथाकथित यूपीए दक्षिण भारत में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विंध्य के उस पार स्थित तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस को 129 में से 27 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा ने 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की। कांग्रेस को लगता है कि यदि विपक्षी एकता का माहौल पुरगर्म हुआ, तो दक्षिण से भाजपा को पहले जितनी सीटें मिलनी असंभव हैं।

■ शशि शेखर

धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे महाभाग! आपने अभी कहा है कि वे तुरंत अन्तर्धान हो गयीं। स्वर्गलोक अथवा मृत्युलोक किस जगह वे भगवती भुनेश्वरी प्रतिष्ठित हुई? वे वहींपर विलीन हो गयीं या वैकुण्ठधाममें विराजने लगीं अथवा वे सुमेरूपर्वत विराजमान हुई, अब आप मुझे यह सब यथार्थरूपमें बतायें।।14-15।।

व्यासजी बोले- [हे राजन्] इसके पहले मैं आपसे रमणीय मणिद्वीपका वर्णन कर चुका हूं। वह भगवतीका क्रिडास्थल है तथा उनके लिये सदा परम प्रिय बतलाया गया है। जहां ब्रह्मा, विष्णु और महेश स्त्रीरूपमें परिणत हो गये थे और पुनः पुरूषत्व पाकर वे अपने -अपने कार्योमें संलग्न हो गये। वह परम सुन्दर द्वीप सुधासागरके मध्यमें विराजमान है। भगवती जगदम्बा वहां अनेक रूपोंमें सदा विहार करती रहती हैं।।16-18।।

[महिषासुरके वधके पश्चात्] देवताओंसे स्तुत तथा भलीभांति पूजित होकर वे सनातनी मायाशक्ति भगवती शिवा उसी मणिद्वीपमें चली गयीं, जहां वे निरन्तर विहार करती रहती हैं।।19 ।।

उन सर्वेश्वरी भगवतीको अन्तर्हित देखकर देवताओंने सूर्यवंशमें उत्पन्न, महाबली एवं सभी शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न अयोध्याधिपति शत्रुघ्न नामक पराक्रमी राजाको महिषासुरके सुन्दर आसनपर अभिषिक्त किया। इस प्रकार इन्द्र आदि सभी प्रधान देवता शत्रुघ्नको राज्य प्रदान करके अपने-अपने वाहनोंसे अपने-अपने स्थानोंको चले गये।।20-22।।

हे भूपते! उन देवताओंके चले जानेपर पृथ्वीपर धर्मराज्य स्थापित हो गया और प्रजाएं सुखी हो गयीं। मेघ उचित समयपर जल बरसाते थे और पृथ्वीपर उत्तम धान्य उत्पन्न होते थे। वृक्ष फलों तथा फूलोंसे सदा लदे रहते थे और वे लोगोंके लिये बड़े सुखदायक हो गये।।23-24।।

घड़ेके समान थनवाली दुधारू गौएं मनुष्योंको उनकी इच्छाके अनुसार दूध दिया करती थीं। स्वच्छ एवं शीतल जलवाली नदियां सुगमतापूर्वक बहती थीं और पक्षियोंसे सुशोभित रहती थीं।।25।।

ब्राह्मण वेदतत्त्वोंके ज्ञाता हो गये और यज्ञकर्ममें प्रवृत्त रहने लगे। क्षत्रिय धर्मभावनासे ओतप्रोत हो गये और सदा दान तथा अध्ययनमें तत्पर रहने लगे। सभी राजा शस्त्रविद्या प्राप्त करनेमें संलग्न हो गये, वे सदा प्रजाओंकी रक्षा करने लगे, उनका दण्ड-विधान न्यायके अनुसार चलने लगा और वे शान्तिगुणसे सम्पन्न हो गये।।26-27।।

सभी प्राणियोंमें परस्पर मेल-जोल रहने लगा, खानोंसे मनुष्योंको अपार धन प्राप्त होने लगा और गोशालाएं गोसमुदायसे सम्पन्न हो गयीं।।28।।

हे नृपश्रेष्ठ! उस समय धरातलपर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र-ये सब-के-सब देवीकी भक्तिमें सलग्न हो गये।।29।।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगे रोक

सिंगल यूज प्लास्टि पर प्रतिबंध आज-कल का एक ज्वलंत विषय है। क्योंकि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टि का उपयोग बंद करने और पर्यावरण के अनुकूल कैरी बैग का उपयोग करने के लिए अभियान शुरू किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का हर साल लाखों टन उत्पादन होता है। जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, पॉलीथिन, प्लास्टिक के सोडा और पानी की बोतलें और खाद्य पैकेजिंग आइटम आदि शामिल हैं। ये सिंगल यूज प्लास्टि केवल एक बार उपयोग किए जाते हैं और फिर रीसायकल के लिए कचरे के रूप में फेंक दिए जाते हैं। प्लास्टिक बैग या प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं और आमतौर पर ये जमीन के अंदर चले जाते हैं । जहां यह दब जाता है और धीरे-धीरे पानी में चला जाता है। कुछ दिनों के बाद विभिन्न तरीकों से यह समुद्र में चला जाता है। वे मिट्टी और जल निकायों में प्रवेश करते हैं और छोटे कणों में टूट जाते हैं, लेकिन वे विघटित नहीं होते हैं। सिंगल यूज प्लास्टि सौ से अधिक वर्षों तक मिट्टी और पानी में रहते हैं और विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं । इस तरह हमारे सुंदर ग्रह और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक की थैलियां प्लास्टिक बैग जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं और इस प्रकार हमारे पर्यावरण को हर संभव तरीके से खराब कर रही हैं। सरकार द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाद प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। मैं लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से अपील करता हूँ कि सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल पर रोक लगाये,और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में का हिस्सा बनें।

■ अनुराग तिवारी मेदिनीनगर।

# भारत की सांस्कृतिक व आर्थिक प्रगति का रोडमैप

स्वामी विवेकानंद जी ने भारत को व भारतत्व को कितना आत्मसात कर लिया था, यह कविवर रविन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा था कि - यदि आप भारत को समझना चाहते हैं तो एक व्यक्ति को पूरा पढ़ लीजिये, और वो व्यक्ति हैं स्वामी विवेकानंद। नोबेल से सम्मानित फ्रांसीसी लेखक रोमां रोलां ने स्वामी जी के विषय में कहा था - उनके द्वितीय होने की कल्पना करना भी असंभव है, वे जहां भी गये, सर्वप्रथम ही रहे। निर्धनजन की सेवाभावना को उन्होंने प्रबल शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा था - भले ही मुझे बार-बार जन्म लेना पड़े और जन्म-मरण की अनेक यातनाओं से गुजरना पड़े, लेकिन मैं चाहूंगा कि मैं, उस एकमात्र ईश्वर की सेवा कर सकूं, जो भारत के ग्रामों में बसता है, जो असंख्य आत्माओं का विस्तार है। वह जो सभी जातियों, वर्गों और धर्मों के निर्धनों में बसता है, उनकी सेवा ही मेरा अभीष्ट है। प्रश्न यह है कि स्वामी विवेकानंद में राष्ट्र और इसके पीड़ित जनों की सेवा की भावना का उद्गम क्या था? क्यों उन्होंने निजी मुक्ति से भी बढ़कर राष्ट्रसेवा को ही अपना लक्ष्य बनाया। अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से प्रेरित स्वामी विवेकानंद ने साधना प्रारंभ की और परमहंस के जीवनकाल में ही समाधि प्राप्त कर ली थी, किंतु, विवेकानंद का प्रारब्ध कुछ और ही था। इसलिए जब स्वामी विवेकानंद ने दीर्घकाल तक समाधि अवस्था में रहने की इच्छा प्रकट की तो उनके गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस ने उन्हें एक महान लक्ष्य की ओर प्रेरित करते हुए कहा -मैंने सोचा था कि तुम जीवन के एक प्रखर प्रकाश पुंज बनोगे और तुम हो कि एक साधारण मनुष्य की तरह व्यक्तिगत आनंद में ही डूब जाना चाहते हो, तुम्हें संसार में महान कार्य करने हैं, तुम्हें मानवता में आध्यात्मिक चेतना उत्पन्न करनी है और दीन-हीन मानवों के दुःखों का निवारण करना है। 1893 में शिकागो भाषण के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को भारत के विश्वगुरु होने का दृढ़ सन्देश दे चुके स्वामी जी को पश्चिमी मीडिया जगत साइक्लोनिक हिन्दू के नाम से पुकारने लगा था। इन महान कार्यों के स्थापना के बाद स्वामी जी केवल पांच वर्ष ही जीवित रह पाय और मात्र चालीस वर्ष की अल्पायु उनका दुःखद निधन हो गया, किंतु, इस अल्पायु जीवन में उन्होंने सदियों के जीवन को क्रियान्वित कर दिया था। इस कार्ययज्ञ हेतु उन्होंने सात बार सम्पूर्ण भारत का भ्रमण किया और पाया कि जनता गहन अंधकार में भटकी हुई है। उन्होंने भारत में व्याप्त दो महान बुराइयों की ओर संकेत किया, पहली महिलाओं पर अत्याचार व दूसरी जातिवादी विषयों की चक्की में गरीबों का शोषण। उन्होंने देखा कि कोई नियति के चक्र से एक बार निम्न जाति में पैदा हो गया तो उसके उत्थान की कोई आशा नहीं दिखती थी। उस समय तो निम्न जाति के लोग उस सडक से गुजरने भी नहीं सकते थे जिससे उच्च जाति के लोग आते-जाते थे। स्वामी जी ने जाति प्रथा कि देन इस भीषण दुर्दशा को देखकर आर्त स्वर में कहा था - आह! यह कैसा धर्म है, जो गरीबों के दुःख दूर न कर सके। उन्होंने कहा कि पेड़ों और पौधों तक को जल देने वाले धर्म में जाति भेद का कोई स्थान नहीं हो सकता; ये विकृति धर्म की नहीं, हमारे स्वार्थों की देन है। स्वामीजी ने उच्च स्वर में कहा झ जाति प्रथा की आड़ में शोषण चक्र चलाने वाले धर्म को बदनाम न करें। स्वामी विवेकानंद ने आर्तनाद करते हुए कहा था कि -अज्ञान, विषमता और आकांक्षा ही वे तीन बुराइयां हैं, जो मानवता के दुःखों की कारक हैं और इनमें से हर एक बुराई, दूसरे की घनिष्ठ मित्र है। आज कल बहुधा नहीं बल्कि सदैव ही यह कहा जाने लगा है कि शासन और प्रशासन को धर्म, संस्कृति और परम्पराओं के सन्दर्भों में धर्म निरपेक्ष होकर विचार और निर्णय करने चाहिएं। यहाँ पर यह प्रश्न, यक्ष प्रश्न बन कर उभरता है कि धर्मनिरपेक्षता आखिर है किस चिड़िया का नाम? आज हमारे देश का तथाकथित बुद्धिजीवी और प्रगतिशील कहलाने वाला वर्ग धर्म निरपेक्षता के जो मायने निकाल रहा है, क्या वह सही हैं? क्या धर्मनिरपेक्षता शब्द के जो अर्थ चलन में उतार दिये गये हैं, वे रत्ती मात्र भी प्रासंगिक और उचित हैं? इस वैचारिक सन्दर्भ में विश्व में जो अर्थशास्त्र का बुरी मुद्रा - अच्छी मुद्रा सिद्धांत लागू है।

■ प्रवीण गुगनानी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बेगूसराय में हुई गोलीबारी के बाद छह जिलों की सीमा सील

- पुलिस मुख्यालय ने भेजी चार स्पेशल टीम
- प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद
- पांच संदिग्ध हिरासत में
- संबंधित थानों के सात पुलिसकर्मी निलंबित
- गहमागहमी के बीच मृतक का अंतिम संस्कार

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बिहार के बेगूसराय में आतंकवादी गतिविधि की तरह मंगलवार की शाम हुई गोलीबारी के बाद बिहार पुलिस मुख्यालय ने बेगूसराय और पटना सहित छह जिलों में अलर्ट जारी किया है।बेगूसराय, पटना, समस्तीपुर, खगड़िया, नालंदा और लखीसराय जिले की सीमाओं पर नाकाबंदी की गई है। इन जिलों की पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है। एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि शूटर्स द्वारा अंधाधुंध फायरिंग के बाद बेगूसराय में बिहार स्पेशल ऑग्जीलरी पुलिस की तीन कंपनी एवं एक यूनिट एसटीएफ भेज दी गई है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से जिले भर में छापेमारी कर रही है।

एसपी योगेन्द्र कुमार ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घटना के बाद एसआईटी की चार विशेष टीम मामले की जांच कर रही हैं। एफएसएल की टीम भी जांच में जुटी है। 12 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया है। दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गश्ती में लापरवाही के कारण फुलवड़िया थाना के पुअनि शशिभूषण सिंह, जीरोमाइल ओपी के मुकरू हेम्ब्रम, चकिया ओपी के विनोद प्रसाद, तेघड़ा थाना के कृष्ण कुमार, एफसीआई ओपी के रमेन्द्र कुमार यादव, बरौनी थाना के संजय कुमार एवं बछवाड़ा थाना के रामकिशोर सिंह को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर इलाज कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल भरत यादव को पीएमसीएच भेजा गया है। शेष आठ घायलों की स्थिति नियंत्रण में है। घायलों के हालत की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन द्वारा छापेमारी भी चल रही है। 22 जगहों पर अगले आदेश तक मजिस्ट्रेट के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं पुलिस कर्मियों को तैनात किया है।

उन्होंने बताया कि सभी सीमाओं को सील कर गहन जांच चल रही है। पल-पल पर नजर रखी जा रही है। अगले आदेश तक प्रशासनिक सतर्कता, निगरानी एवं सुरक्षात्मक कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय एवं राष्ट्रीय उच्च पथ के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के सभी अस्पताल एवं अग्निशमन केंद्र को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है।

## बेगूसराय घटना की जांच चल रही है, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी : नीतीश

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बेगूसराय में हुई गोलीबारी की घटना पर बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी चीजों को देखा जाएगा लेकिन अभी कहना उचित नहीं है। एक-एक चीज को देखना बहुत जरूरी है कि ऐसा क्यों हुआ? सीएम नीतीश ने कहा कि बेगूसराय के एसपी सभी चीजों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। ऐसा पहली बार हुआ है। क्या मंशा है पता लगाया जा रहा है। कुछ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।कृषि मंत्री के इस्तीफे देने के बात और आरोप पर नीतीश कुमार ने कहा कि जिस कृषि सचिव पर आरोप लगा रहे हैं उससे अच्छा व्यक्ति नहीं मिलेगा। प्रशांत किशोर से मिलने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि शामिल होने की ऐसी बात नहीं है अभी। पवन वर्मा आए थे। पुराने संबंध है। उनके साथ ही प्रशांत किशोर मिले हैं।

## बेगूसराय की घटना पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा

**बिहार** के बेगूसराय जिले में मंगलवार रात हुई फायरिंग की घटना पर अब भाजपा लगातार नीतीश सरकार पर हावी है। इस बीच केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि बेगूसराय की घटना के बाद महिलाओं में दहशत व्याप्त है। नीतीश कुमार ने सत्ता की लालच में बिहार की जनता को जंगलराज में धकेल दिया है। जनता ने उनपर भरोसा दिखाकर उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी दिलायी लेकिन अब वे लोगों की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं। अश्विनी चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिए और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिहार में ये पहली घटना नहीं है। ऐसी कई घटना लगातार सामने आ रही है लेकिन मुख्यमंत्री इसपर कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। बेगूसराय में जो घटना घटी है, उसके बाद से लोग सहमे हुए हैं। खासकर महिलाओं में सबसे ज्यादा दहशत देखा जा रहा है।

## कोयला तस्करी : ईडी ने मलय घटक को फिर दिल्ली तलब किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोयला तस्करी की जांच के सिलसिले में राज्य के कानून मंत्री मलय घटक को ईडी की ओर से फिर तलब किया गया है। उन्हें नई दिल्ली कार्यालय में आज शाम तलब किया गया है। हालांकि, मंत्री ने दावा किया कि उन्हें नोटिस नहीं मिला है। इसलिए, उपस्थिति का कोई सवाल ही नहीं है। कोयला तस्करी के मामले में मंत्री मलय घटक को केंद्रीय खुफिया एजेंसी पहले भी कई बार तलब कर चुकी है। लेकिन उन्हें ईडी का सामना नहीं करना पड़ा है। मलय घटक को इससे पहले सात फरवरी को तलब किया गया था। इससे पहले ईडी ने दो फरवरी को भी पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि वह कोरोना के कारण उपस्थित नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय से नोटिस मिलने के बाद भी वह पेश नहीं हुए थे। इसके पहले सीबीआई ने साच सितंबर को कोलकाता और आसनसोल में मलय घटक के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। मंत्री से पूछताछ कोलकाता के डलहौजी सरकारी आवास पर करीब साढ़े आठ घंटे तक चली थी। कई ईसीएल अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद भी सीबीआई ने मलय घटक के खिलाफ कोयला तस्करी की जांच शुरू की थी।

## दंतेवाड़ा में बीस किलो वजन के दो बम बरामद, किये गये डिफ्यूज

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बुधवार की सुबह नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बलों ने 20 किलोग्राम वजन के दो पाइप बम बरामद किए। जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों ने इसे प्लांट किया था। बम को बीडीएस की टीम ने डिफ्यूज कर दिया है। पुलिस के अधिकारियों सूत्रों के अनुसार जिले के कमारगुड़ा गांव के करीब सुरक्षा बलों की टीम ने 20 किलोग्राम वजन के दो पाइप बम बरामद किए। सीआरपीएफ, डीआरजी की टीम सुबह एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। जवान जब कमारगुड़ा शिविर से जगरगुंडा की ओर जा रहे थे, तब उन्हें सड़क के किनारे बम होने की जानकारी मिली। जवानों ने बम की सूचना बीडीएस टीम को दी। बीडीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो पाइप बम बरामद कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। फोर्स से आमने-सामने की लड़ाई की अपेक्षा माओवादी आईईडी का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा प्लांट किए गए बम को जवान लगातार निष्क्रिय करते रहे हैं।

## शराबी पति से अजीज पत्नी ने थाने में करायी प्राथमिकी, शराबी पति गिरफ्तार

**गया (एजेंसी)।** जिले के डोभी थाना क्षेत्र के अछमा गांव निवासी मदन मिस्त्री अपनी पत्नी उषा देवी के साथ शराब के नशे में मारपीट की घटना को अंजाम देता था। शराबी पति से अजीज पत्नी उषा देवी ने बीते मंगलवार के दिन स्थानीय थाने में अपने पति मदन मिस्त्री के विरुद्ध मारपीट के मामले को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया था। स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए अविलंब कारवाई किया। पुलिस की कार्रवाई में बुधवार को शराबी पति के व्यवहार से अजीज पत्नी ने पुलिस को सूचना देकर पति को गिरफ्तार करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार डोभी थाना क्षेत्र के अछमा गांव निवासी मदन मिस्त्री अक्सर शराब के नशे में घर में हो हंगामा करता एवं अपनी पत्नी उषा देवी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देता था। मंगलवार को हंगामा एवं मारपीट से अजीज होकर मदन मिस्त्री की पत्नी उषा देवी ने इसकी लिखित शिकायत करते हुए डोभी थाने में थानाध्यक्ष अजय कुमार को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया था। थानाध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर पुलिस उक्त गांव पहुंच कर शराबी को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराया। पुलिस ने दर्ज एफआईआर के आधार पर मदन मिस्त्री को गिरफ्तार कर मेडिकल चेकअप के बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### 32लीटर देशी शराब के साथ चार महिला गिरफ्तार

**जिले** की मुफस्सिल थाना अंतर्गत भुसंडा मोड़ पर 32लीटर महुआ शराब के साथ चार महिला को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार महिलाओं को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार महिलाए बुनियादगंज थाना क्षेत्र के बताई जा रही हैं। एसआई पारस साह ने बताया कि गश्ती के दौरान भुसंडा मोड़ पर पुलिस को देखते ही ऑटो चालक भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद तलाशी लेने पर ऑटो के पीछे डब्बे में शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि ऑटो को जब्त किया गया है वही ऑटो सवार महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भाजपा को बिहार में एक-एक सीट के लिए तरसना पड़ेगा : तेजस्वी यादव

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा को कड़ी चुनौती दे डाली है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा को बिहार में एक-एक सीट के लिए तरसना पड़ेगा। भाजपा को देश की सत्ता से उखाड़ फेंकना सभी विपक्षी दलों का लक्ष्य बन चुका है। राजद के दिवंगत नेता रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर पटना के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद पूरे देश के विपक्षी दलों को बड़ा संदेश गया है। पूरे देश में विपक्षी दलों में जो ठहराव आ गया था लेकिन बिहार का संदेश मिलने के बाद उसमें ऊर्जा आ गई है। 2024 में भाजपा को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकना सभी विपक्षी दलों को लक्ष्य है और यह लक्ष्य पूरा होकर रहेगा। अगर सभी एकजुट हो जाएं तो बीजेपी को बिहार में एक सीट के लिए भी तरसना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिर्फ एक ही काम है कि जो उसके विरोध में बोले उसके पीछे ईडी और सीबीआई लगा दो। जिस दिन विधानसभा में फ्लोर टेस्ट था उसी दिन छापा मरवा दिया। भाजपा ये सब करती रहेगी लेकिन इसकी चिंता छोड़ हमें बस अपने लक्ष्य को लेकर काम करना है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए ही हमलोग एकजुट हुए हैं।

## बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ जिला मुख्यालयों पर भाजपा का धरना

**पटना/लखीसराय (एजेंसी)।** प्रदेश में लगातार हो रही अपराध की घटना के विरोध में बुधवार को भाजपा ने पटना सहित पूरे जिला मुख्यालयों पर धरना दिया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने नीतीश सरकार और लखीसराय एसपी पर जमकर निशाना साधा। धरना में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी, मुंगेर विधायक प्रणव यादव, बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना में शामिल होने लखीसराय पहुंचे राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लखीसराय में महिला से गैंगरेप और बेगूसराय में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना की निंदा करते हुए नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लखीसराय में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और मेदनी चौकी में किराना व्यवसाई के घर भीषण डकैती मामले में अपराधी अब भी फरार है।

सुशील मोदी ने कहा कि यहां के एसपी का मन इतना बढ़ चुका है कि वे नेता प्रतिपक्ष का फोन तक नहीं उठाते हैं। लगता है फिर बिहार लालू के दौर में पहुंचता जा रहा है। बिहार सरकार के कई मंत्री अपराध में संलिप्त हैं। यही वजह है कि अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अपराध नियंत्रण को लेकर सीएम लगातार बैठक कर रहे हैं लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकलता दिख रहा है। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि लखीसराय जिले को अपराधियों के हवाले नहीं होने देंगे। एसपी यदि फोन नहीं उठाएगा तो जनता इसका जवाब देगी। सिन्हा ने कहा कि गैंगरेप की घटना हुए पांच दिन हो गये हैं लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पायी है। लखीसराय एसपी बालू और दारू के चक्कर में कानून व्यवस्था का धता बता रहे हैं। सभी थानों की बोली लगती है। जो ज्यादा बोली लगाता है उसे यहां थाना प्रभारी बनाकर सुरक्षित कर दिया जाता है।

## सुधाकर ने मंत्री पद से इस्तीफे की खबरों को किया खारिज, कहा- 'विभाग की गड़बड़ियों को सुधारेंगे'

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में अपने ही विभाग के अंदर भ्रष्टाचार पर हल्ला बोलने वाले कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने इस्तीफे की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह विभाग की गड़बड़ियों को सुधारेंगे और खूंटा ठोक कर काम करेंगे। श्री सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह न तो इस्तीफा दे रहे हैं और न ही किसी ने उनसे इस्तीफा मांगा है। वह अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के समर्पित सिपाही हैं और उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर सिर्फ और सिर्फ राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ही फैसला कर सकते हैं। उन्होंने कहा,₹ मैंने जो कुछ भी कहा है उस पर अब भी कायम हूं। उसमें किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए। विभाग की गड़बड़ी को सुधारूंगा और कृषि विभाग को खूंटा ठोंक कर चलाऊंगा।

मंत्री ने मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बहस की खबर को सिरे से खारिज किया और कहा है कि उनका मुख्यमंत्री से कोई झगड़ा नहीं है। उनसे उनकी कोई बहस भी नहीं हुई है और न ही वह मंत्रिमंडल की बैठक बीच में छोड़ कर बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार भी बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहते है और वे भी बिहार का विकास चाहते हैं, इसमें किसी तरह का विवाद नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने व्यवस्था सुधारने की पहल की है और मुख्यमंत्री को भी अपने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने इसपर कार्रवाई का आश्वासन दिया है । हालांकि उन्होंने यह भी कहा,₹ सरकारों की मार से कोई भी नहीं बचा है। आनंद मोहन, दिग्विजय सिंह, जार्ज फर्नांडिस समेत कइयों ने परेशानी झेली है, मैं भी झेला हूं। चार माह मुझे भी जेल रहना पड़ा है। मंत्री ने कहा कि वह मुद्दा आधारित राजनीति करते हैं। उनकी मांग है कि व्यवस्था सुधरनी चाहिए। उन्होंने किसानों से जुड़े सवाल को उठाया था। उनके भाषण के संदर्भ को समझना चाहिए, लेकिन कई मीडिया ने बात का बतंगड़ बना दिया। उन्होंने कहा कि उनके दो मुद्दे हैं। पहला यह कि बिहार में मंडी कानून चाहिए। 2006 में यह कानून निरस्त कर दिया गया था। दूसरा धान-चावल खरीद में गड़बड़ी ठीक करने के लिए सिंगल एजेंसी की मोनोपॉली को खत्म कर मल्टीपल एजेंसी को लाना होगा । इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को लाभ होगा। कृषि रोड मैप का फायदा भी तभी होगा।

गौरतलब है कि रविवार को कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने कैमूर जिले के चांद प्रखंड में किसानों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग को रद्दी विभाग बताया था और कहा था कि कृषि विभाग के लोग चोर हैं और वह उन चोरों के सरदार हैं। उनके ऊपर भी और कई सरदार मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार भले ही नई है लेकिन इसके चाल चलन अब भी पुराने हैं। इसके बाद सोमवार को भी उन्होंने विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में खेती के आधे हिस्से में भी सिंचाई का साधन नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि विभाग आंकड़ों की बाजीगरी करता है। वह अपने विभाग को 100 में से जीरो नंबर देंगे।

बताया जाता है कि मंगलवार को जब राज्य मंत्रिमंडल की बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री सुधाकर सिंह से उनके बयान के बारे में पूछा तब श्री सिंह ने तमाम पुरानी बातें दोहराईं और कहा जो गलत है वे उसे बोलते रहेंगे। मंत्रिमंडल से हटाना है तो हटा दें। जिस वक्त यह वाकया हुआ उस वक्त उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौके पर मौजूद थे।

## बेकाबू ट्रक चाय की दुकान पर पलटा, 03 की मौत, 07 घायल

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर बुधवार को एक बेकाबू ट्रक चाय की दुकान पर पलट गया जिसकी चपेट में आकर 03 लोगों की मौत हो गयी और 07 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार जिले के थाना कूरेभार अंतर्गत तेज रफ्तार दो ट्रकों की भिड़ंत होने पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित चाय की दुकान पर पलट गया। उसके नीचे एक ऑटो रिक्शा भी आ गया। इस दौरान दुकान पर मौजूद तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हुये हैं।

राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार योगी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन से घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश देते हुए जिले के जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने को कहा।

घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा सुबह करीब 5:00 बजे उस समय हुआ, जब प्रयागराज से अयोध्या की तरफ जा रहे ट्रक ने बेलवाई मार्ग से हलियापुर की तरफ जा रहे ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह अनियंत्रित होकर चौक पर स्थित चाय की दुकान पर पलट गया। इससे दुकान पर चाय पी रहे ऑटो चालक चमुरखा निवासी राजन तिवारी, कूरेभार निवासी राजेश अग्रहरि और राकेश कसौंधन की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। इस हादसे में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में ट्रक का चालक, परिचालक और चाय दुकानदार शामिल हैं।

हादसे के बाद तत्काल स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि वाहन के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया।

पुलिस ने क्रेन व खोदाई मशीन मंगवाकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया। एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दो थानों की पुलिस फोर्स स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य में जुटी रही। वहीं हादसे के बाद जाम लग गया है। इस कारण वाहनों की लंबी कतार लग से लोगों को खासी परेशानी हुयी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात सुचारु कराया।

## न्यूज गैलरी

### आजम खान को हृदयरोग की समस्या उभरी, दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**रामपुर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को हृदयरोग की समस्या होने पर दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया, जहां उनके हृदय की धमनियों में रुकावट होने का पता चलने पर स्टंट डाला गया। आजम खान के परिजनों ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रामपुर में दो दिन पहले उन्हें सीने में दर्द होने पर दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल लाया गया था। डाक्टरों ने सभी जरूरी परीक्षण कर धमनियों में रुकावट होने का पता चलने पर स्टंट डाला। गंगाराम अस्पताल के प्रवक्ता डा अजय कुमार ने बताया कि आजम खान की तबियत अब स्थिर है। उनकी तबियत में सुधार हो रहा है। गौरतलब है कि रामपुर शहर से सपा विधायक आजम खान की तबियत सोमवार को अचानक नासाज हो गई थी। उनके परिजनों ने बताया कि दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी कराने पर हृदय की धमनियों में रुकावट होने का पता चला। धमनियों की रुकावट दूर करने के लिये 'हार्ट स्टंट' डाला गया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सफल रही। स्वास्थ्य लाभ होने पर जल्द ही आजम खान की अस्पताल से छुट्टी होने की संभावना है।

### बिहार की नौ राजनीतिक पार्टियां डी-लिस्ट

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की नौ पार्टियों को चुनाव आयोग ने डी-लिस्ट यानी गैर सूचीबद्ध कर दिया है। ये दल अब चुनाव चिह्न आवंटन की सुविधा का फायदा नहीं उठा पाएंगे। डी-लिस्ट किए गई पार्टियों ने चुनाव आयोग को चंदा, इनकम टैक्स समेत कोई भी ब्योरा चुनाव आयोग को नहीं दिया था। इस वजह से आयोग ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, कुछ दिन पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर सीबीआई ने उन राजनीतिक दलों के खिलाफ कार्रवाई की थी जो पंजीकृत होने के बावजूद न तो सक्रिय थे और न ही उनकी पार्टी का कोई स्थायी ठिकाना था, फिर भी यह पार्टियां चंदे के रूप में करोड़ों रुपये ले रहे थे। इसमें बिहार के नौ राजनीतिक दल शामिल थे, जिनके खिलाफ अब चुनाव आयोग ने यह कार्रवाई की है। चुनाव आयोग की ओर से बिहार की जिन नौ पार्टियों को डी-लिस्ट यानी गैर सूचीबद्ध घोषित किया गया है उनमें एआईएमएस, अखिल भारतीय अत्यंत पिछड़ा संघर्ष, अति पिछड़ा पार्टी, अखिल भारतीय देशभक्त मोर्चा समेत अन्य पार्टियां शामिल हैं।

### मधुबन में गैस भरा टैंकर पलटा, होने लगा रिसाव, टला बड़ा हादसा

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के मछहां चौक के समीप रूपनी गांव में उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। जब गैस से भरा एक टैंकर सड़क किनारे पलट गया। जिस कारण एक बड़ा हादसा होते होते टला है। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार टैंकर के पलटते ही उससे गैस का रिसाव होने लगा। जिस कारण आस पास के लोगो में दहशत का माहौल कायम हो गया।हालांकि घटना की सूचना पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुनील कुमार मधुबन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने मौके पर पहुंच इसकी सूचना एसपी को दी। जिसके बाद एसपी ने तत्काल रेस्क्यू टीम भेजकर रिसाव पर काबू पा लिया गया।वही पलटी टैंकर को क्रेन के सहारे उठाने का काम किया जा रहा है। घटना स्थल पर फायर बिग्रेड की टीम दमकल गाड़ी के साथ मौजूद है।

### पहाड़पुर स्टेशन पर मालगाड़ी से कटकर युवक ने दे दी जान

**गया (एजेंसी)।** गया-कोडरमा रेलखंड के बीच स्थित पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने पारिवारिक कलह के कारण मालगाड़ी से कटकर अपनी जान दे दी। मृतक युवक 35 वर्षीय रूपेश कुमार फतेहपुर थाना क्षेत्र के शब्दो गांव निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद का पुत्र था। यह घटना बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे है। बताया गया है कि युवक पहाड़पुर स्टेशन के अप प्लेटफॉर्म पर खड़ा था। इसी समय मालगाड़ी कोडरमा से गया की ओर जा रही थी। मालगाड़ी पहाड़पुर स्टेशन से गुजर रही थी कि इतने में युवक प्लेटफॉर्म पर से चलती मालगाड़ी के आगे कूद गया। इसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पहाड़पुर आरपीएफ आउट पोस्ट में तैनात आरपीएफ जवान स्ट्रेचर के साथ तत्काल घटना स्थल के पास पहुंचे। आरपीएफ जवानों ने युवा समाजसेवी नवीन कुमार सिंहा के सहयोग से चिंताजनक हालत में रहे युवक को रेल लाइन से स्ट्रेचर पर उठाकर बाहर लाया और ऑटो पर लादकर उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में लाकर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की चिंताजनक स्थिति को देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गया रेफर कर दिया।

# स्मृति के अर्धशतक से दूसरा टी-20 जीता भारत, श्रृंखला बराबर

**डर्बी (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के नाबाद अर्धशतक और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के तीन विकेट से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंगलवार को यहां इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। इंग्लैंड का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ जब भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर के अंदर मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 54 रन कर दिया। इंग्लैंड की बल्लेबाजों को शुरूआत में रन बनाने में परेशानी हुई और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। फ्रेया केंप (37 गेंद पर नाबाद 51) और माइया बाउचियर (26 गेंद पर 34 ने) ने छठे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर पारी को संभाला और इंग्लैंड को छह विकेट पर 142 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। 17 वर्षीय फ्रेया ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए जबकि माइया ने चार बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। स्नेह (24 रन पर तीन विकेट) ने खतरनाक दिख रही इस साझेदारी को 18वें ओवर में माइया को विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों स्टंप कराके तोड़ा। फ्रेया ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और सोफी एक्लेस्टोन (नाबाद 07) के साथ मिलकर बाकी बची 15 गेंद पर 23 रन बटोरे। भारत की ओर से रेणुका सिंह (30 रन एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (21 रन पर दो विकेट) ने स्नेह का अच्छा साथ निभाया। भारत ने इसके जवाब में स्मृति (53 गेंद पर नाबाद 79 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 29) और शेफाली वर्मा (20) की पारियों की बदौलत 3.2 ओवर शेष रहते दो विकेट पर 146 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति और शेफाली ने पावरप्ले के छह ओवर में 55 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरूआत दिलाई।

सोफी ने आखिरकार इंग्लैंड को सफलता दिलाई जब उन्होंने अपनी ही गेंद पर गोता लगाते हुए शेफाली का कैच लपका। डायलन हेमलता (09) ने एक बार फिर निराश किया।

## एमी जोंस ने बताया हार का कारण, भारतीय बल्लेबाजी की तारीफ की

**इंग्लैंड** की कार्यवाहक कप्तान एमी जोन्स को लगा कि उनकी टीम गेंद का फायदा नहीं उठा पा रही है और उन्होंने डर्बी में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 143 रन का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने का श्रेय भारत को दिया। डरहम में शुरूआती टी20आई में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी नौ विकेट की हार के बाद भारत ने उप-कप्तान स्मृति मंधाना नाबाद 79 की पारी की बदौलत आठ विकेट से जीत के साथ श्रृंखला को बराबर कर दिया। एमी ने मैच खत्म होने के बाद कहा, मुझे लगता है कि संभावित रूप से हम बराबर (143 का लक्ष्य निर्धारित करने में) थे। शुरूआत के बाद यह केम्प और (मैया) बाउचियर से शानदार था, हमें पता था कि हमारे पास कुल मिलाकर बचाव के लिए अच्छा कुल था, एक बार जब हमें शुरूआती विकेट नहीं मिला तो यह कठिन हो गया, लेकिन भारत ने शानदार बल्लेबाजी की।

# मुंबई इंडियंस ने जयवर्धने, जहीर खान को सौंपी नयी जिम्मेदारी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने वैश्विक क्रिकेट में अपनी पहचान को और मजबूत करने के लिए एक केंद्रीय टीम का गठन किया है जिसमें दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने और जहीर खान को नयी जिम्मेदारियों के साथ शामिल किया गया है। मुंबई इंडियंस ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एमआई अमीरात और एमआई केप टाउन की टीमों के जुड़ने से 'एमआई परिवार' बड़ा हो गया है। मुंबई इंडियंस के विस्तार के साथ टीम प्रबंधन ने एक ऐसे केंद्रीय टीम की आवश्यकता महसूस की जो व्यवहार, मूल्यों और सीखने-सिखाने में निरंतरता को सुनिश्चित कर सके।

फ्रेंचाइजी ने बताया कि महेला जयवर्धने को केंद्रीय टीम में 'ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस' बनाया गया है। वह दुनिया भर में मुंबई इंडियन्स समूह के क्रिकेट कार्यों की देख-रेख करेंगे। इसमें समग्र रणनीतिक योजना बनाना, एक एकीकृत वैश्विक 'हाई परफॉर्मेंस ईको-सिस्टम' का निर्माण करना और प्रत्येक टीम की कोचिंग एवं सपोर्ट स्टाफ की जिम्मेदारी शामिल है। साथ ही वह टीम के मुख्य कोचों के साथ मिलकर टीमों में तालमेल को भी सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञप्ति के अनुसार जहीर खान को एमआई का 'ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट' नियुक्त किया गया है। उनपर खिलाड़ियों के खेल में निखार लाने के जिम्मेदारी होगी। दुनिया भर में प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें संवार कर आगे बढ़ाना जहीर काम का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस मौके पर कहा, मैं महेला जयवर्धने और जहीर खान को हमारी वैश्विक कोर टीम के हिस्से के रूप में पाकर बेहद खुश हूं। दोनों एमआई परिवार का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और क्रिकेट एमआई की भावना का प्रतीक हैं। मुझे विश्वास है कि वे विश्व स्तर पर हमारी सभी टीमों के माध्यम से समान प्रवाह सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे और दुनिया भर में क्रिकेट के ईको-सिस्टम में बदलाव लाएंगे। जयवर्धने ने कहा, एमआई के वैश्विक क्रिकेट संचालन का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। श्रीमती अंबानी और आकाश के नेतृत्व और मार्गदर्शन ने एमआई को दुनिया की सबसे मूल्यवान क्रिकेट फ्रैंचाइजी बना दिया है और मैं एमआई को विश्व स्तर पर बढ़ते हुए देखकर बहुत खुश हूं। मैं क्रिकेट के एक मजबूत एकजुट वैश्विक ब्रांड के निर्माण के लिए इस नयी जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं।

## सचिन बनाम लारा : एक बार फिर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में होंगे आमने-सामने

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के तहत दुनिया के मशहूर बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा एक बार फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों दिग्गज बुधवार को इंडिया लीजेंड्स और वेस्टइंडीज लीजेंड्स के मैच में एक्शन में नजर आएंगे। वेस्टइंडीज लीजेंड्स ने बांग्लादेश को हराकर टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की थी। वही, इंडियन लीजेंड्स ने पहले ही मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स को हराया था। सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में इंडिया लीजेंड्स दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स पर भारी रहे थे। इंडिया ने ऑलराउंडर स्टुअर्ट बिन्नी के महज 42 गेंदों में 82 रनों की बदौलत 218 रन बनाए थे। बाद में मुनाफ पटेल और प्रज्ञान ओझा ने कसी हुई गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया था। वेस्टइंडीज ने भी अपने मुकाबले में बांग्लादेश को रौंदा था। लेकिन भारत उनके लिए बड़ी चुनौती हो सकता है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**इंडिया लीजेंड्स :** नमन ओझा, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना, स्टुअर्ट बिन्नी, युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान, गोनी, मुनाफ पटेल, राहुल शर्मा, प्रज्ञान ओझा

**वेस्टइंडीज लीजेंड्स :** ड्वेन स्मिथ, डी मोहम्मद, देवनारिन, के एडवर्ड्स, डी हयात, डब्ल्यू पर्किन्स, सुलेमान बेन, देवेंद्र बिशू, मार्लन ब्लैक, क्रिशमार सैंटोकी, डैरेन पॉवेल

## न्यूज गैलरी

### श्री अरविंदो कॉलेज ने आईजीआई प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी मैच जीता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित प्री इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बुधवार को श्री अरविंदो कॉलेज ने माता सुंदरी कॉलेज को 52-20 से हराया। दिन के दूसरे मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 53-33 से मात दी। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काउंसिल के निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने उद्घाटन मैच में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### कड़ी मेहनत के जरिये मिली पहचान हमेशा अच्छी लगती है : संजय

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा डिफेंडर संजय को हाल ही में एफआईएच स्टार अवार्ड्स में राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर (पुरुष) 2021-2022 के लिए नामित किया गया है। संजय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान थे, जो ओडिशा के भुवनेश्वर में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप में चौथे स्थान पर रही थी, उन्होंने टीम के लिए सबसे अधिक 8 गोल किए थे। पुरस्कार के लिए नामित होने पर संजय ने कहा, मैं एफआईएच राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर (पुरुष) पुरस्कार के लिए नामांकित होने के लिए उत्साहित हूं। लेकिन मुझसे ज्यादा, यह नामांकन पूरी टीम के प्रयास के कारण है क्योंकि हम सभी एक साथ काम कर रहे हैं और सभी की भागीदारी के बिना, यह मुश्किल होता। ड्रैग फ्लिकर के लिए जाने जाने वाले संजय ने यह भी कहा कि कड़ी मेहनत के जरिए मिली पहचान हमेशा अच्छी लगती है।

### मोहम्मद सिराज का काउंटी में शानदार प्रदर्शन, पदार्पण पर लिये पांच विकेट

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने वारविकशायर के लिए अपने काउंटी पदार्पण में शानदार प्रदर्शन करते हुए समरसेट के खिलाफ पांच विकेट हासिल किये। धीमी गेंदबाजी के अनुकूल पिच पर वार्विकशायर और समरसेट दोनों टीमों के बल्लेबाज विफल रहे। समरसेट की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 रनों पर सिमट गई। सिराज ने 24 ओवर में 6 मेडन देते हुए 82 रन दिये। सिराज ने मैच में इमाम उल हक (05), जॉर्ज ब्रैटलेट (12), जेम्स रीव (00), लेविस ग्रेगोरी (60) और जोस डावे (21) का विकेट लिया। हालांकि वार्विकशायर की बल्लेबाजी भी खराब रही। वार्विकशायर की टीम केवल 196 रनों पर सिमट गई। सिराज ने बल्ले से भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नाबाद 21 रनों की पारी खेली। समरसेट की टीम दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर 13 रनों पर दो विकेट गंवा चुकी है। सिराज ने दूसरी पारी में भी इमाम उल हक को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया।

## पीसीबी ने भ्रष्टाचार रोधी संहिता का उल्लंघन करने पर स्पिनर आसिफ अफरीदी को किया निलंबित

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बाएं हाथ के स्पिनर आसिफ अफरीदी को भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत निलंबित कर दिया है। अफरीदी पर चार्ज आर्टिकल 2.4 के तहत लगाया गया है, जिसका मतलब उन्होंने करप्शन अप्रोच की जानकारी एंटी करप्शन यूनिट को नहीं दी है। पीसीबी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेद 4.71 के तहत खैबर पख्तूनख्वा के स्पिनर को मामले के समाप्त होने तक किसी भी क्रिकेट गतिविधि में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो वर्तमान में पीसीबी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के अधीन है।

पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 12 सितंबर 2022 को खैबर पख्तूनख्वा के बाएं हाथ के स्पिनर आसिफ अफरीदी को पीसीबी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 4.7.1 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जिसका अर्थ है कि वह पीसीबी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई द्वारा की जा रही जांच के समाप्त होने तक क्रिकेट से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लेंगे। पीसीबी ने कहा, आसिफ अफरीदी को संहिता के अनुच्छेद 2.4 के तहत दो उल्लंघनों के लिए चार्ज का नोटिस जारी किया गया है और आरोपों का जवाब देने के लिए उनके पास चौदह (14) दिन हैं। आसिफ ने अपना आखिरी मैच 31 अगस्त को मध्य पंजाब के खिलाफ रावलपिंडी में राष्ट्रीय टी20 कप में खेला था। उस मैच में उन्होंने 24 रन देकर दो विकेट झटके थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम से भी कॉल-अप मिला था, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था। पीएसएल 2022 में, उन्होंने मुल्तान सुल्तांस के लिए पांच मैचों में आठ विकेट झटके।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के लिए नये किट का किया अनावरण

**कैनबरा (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए अपने नए क्रिकेट किट का अनावरण किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल से उक्त जानकारी दी। नई जर्सी के चारों ओर शानदार कलाकृति है, जिसमें काली आस्तीन है और ट्रंक पर हरे और गोल्डन कलर की ढाल है। काली ट्राउजर और काली टोपी के किनारों पर आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर झंडे के रंग होंगे। ये किट आंटी फियोना क्लार्क और कोर्टनी हेगन ने डिजाइन की है। इससे पहले इस जोड़ी ने पहले ऑस्ट्रेलिया द्वारा पहने गए अन्य स्वदेशी डिजाइनों पर एक साथ काम किया है। पिछले डिजाइनों की तरह, वॉकबाउट विकेट्स कलाकृति जो एक प्रमुख रूप बन गई है, फिर से शर्ट के सामने की तरफ केंद्रीय है। बता दें कि आईसीसी टी20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में 16 अक्टूबर 2022 से 13 नवंबर 2022 तक खेली जाएगी।

## भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से बाहर हुए स्टार्क, मार्श और स्टोइनिस

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क, हरफनमौला मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस महीने के अंत में तीन मैचों के टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत के दौरे पर आ रही है। स्टार्क जहां घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं मार्श टखने की चोट और स्टोइनिस मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, चोटें मामूली हैं लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने घर में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को जोखिम में नहीं डालने का फैसला किया है। इन तीन खिलाड़ियों के बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा है, क्योंकि डेविड वार्नर को दौरे के लिए पहले ही आराम दिया जा चुका है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने स्टार्क, मार्श और स्टोइनिस के स्थान पर नाथन एलिस, डेनियल सैम्स और सीन एबॉट को शामिल किया है। जहां मार्श और स्टोइनिस को जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी, वहीं बुधवार को स्टार्क के घुटने का स्कैन किया किया, जिसके बाद उन्हें आराम करने की सलाह दी गई। ऑस्ट्रेलिया, 20 सितंबर को मोहाली, 23 सितंबर को नागपुर और 25 सितंबर को हैदराबाद में मेजबान भारत के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। भारत दौरे के बाद, ऑस्ट्रेलियाई टीम टी 20 विश्व कप की तैयारियों के लिए वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ टी 20 श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है।

# साइकिल चालक आदिल ने लेह-मनाली के बीच विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक साइकिल चालक आदिल तेली ने लेह से मनाली तक 475 किलोमीटर की दूरी 29.18 घंटे 21 सेकेंड में तय कर एक और रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही पुराने रिकॉर्ड 35.32 घंटे के रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला है। आदिल रविवार सुबह 5.41 बजे लेह से रवाना हुआ और रास्ते में पांच ऊंचे दर्रे पार कर सोमवार को सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर मनाली पहुंचा और भारतीय सेना के भरत पन्नू के पुराने विश्व रिकार्ड को करीब 6.16 घंटे कम समय लेकर तोड़ा। आदिल ने यूनीवार्ता को बताया, इस पूरे 29 घंटों के दौरान मुझे नींद नहीं आई और सड़क अपेक्षा से अधिक दुरूह थी। उसने कहा कि यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा पांच उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी दर्रों को पार करना था, जिनमें से तंगलांगला दर्रा जो समुद्र तल से 5,300 मीटर की ऊंचाई पर है, सबसे चुनौतीपूर्ण था।

सड़क पर अन्य उच्च दर्रे नकीला पास, लाचुंग ला पास, बारालाचा ला पास समुद्र तल से 4,000 मीटर से ऊपर थे, जबकि रोहतांग ला दर्रा समुद्र तल से 3,800 मीटर ऊपर है, जो रात के समय और ठंड के बीच पार करना भी चुनौतीपूर्ण था। हिमालय की ऊंची चोटियों पर बर्फ जमा होने के कारण हवाएं चाकू की तरह चुभती हैं।

आदिल मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के नरबल के रहने वाले हैं और पहले ही कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल चलकर 2021 में केवल आठ दिनों में 3,600 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है। लेह से मनाली की यात्रा के बारे में उसने कहा, कई जगहों पर बहुत ठंड थी और कई बार मेरे हाथ और पैर जम रहे थे। लेकिन मैं घुड़सवारी करता रहा और एक ठोस मानसिकता के साथ जारी रहा कि मुझे एक नया गिनीज रिकॉर्ड बनाना है और पुराने को अच्छे अंतर से हराना है। आदिल ने कहा, मैं अपने लक्ष्य - सोमवार को सफलता और खुशी प्राप्त करने से पहले नहीं सोया।

उसने बंगलौर के अपने फिजियोथेरेपिस्ट मूर्ति से मिली मदद के बारे में भी बात की, ताकि वह अपने कारनामों को हासिल कर सकें। आदिल ने कहा, मैं रात के दौरान खुद को फिट रखने के लिए फिजियो के तीन से चार सत्रों से गुजरता था क्योंकि ऊंची चोटियों पर बर्फ के कारण रास्ते में तापमान कम हो रहा था और ठंडी हवाएं मेरे हाथ और पैर जम रही थीं। आदिल को इन छोटे-छोटे ब्रेक के दौरान हल्का भोजन करना पड़ता था और रास्ते में बहुत सारे तरल पदार्थ और जूस लेते हुए साइकिल पर सवार होकर अपने शरीर को हाइड्रेट रखना पड़ता था। उसने कहा,यह एक बहुत कठिन यात्रा थी, लेकिन मैंने इसे जम्मू-कश्मीर के अपने लोगों और अपने माता-पिता के आशीर्वाद से किया, जिन्होंने मुझे विश्व रिकॉर्ड को अच्छे अंतर से हराने के लिए मेरा साथ दिया।

अपना दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के बाद, आदिल ने कहा, मेरी निकट भविष्य में और रिकॉर्ड तोड़ने की योजना है। उसने कहा कि लेह से मनाली तक इतनी ऊंची और उबड़-खाबड़ चोटियों के बीच कम ऑक्सीजन स्तर के बीच यात्रा करके रिकॉर्ड तोड़ना आसान नहीं था। उसने कहा कि कई जगहों पर कीचड़ भरी और पत्थरों से भरी सड़कें थीं और कुछ जगहों पर सड़क पर पानी बह रहा था जो उनके आगे बढ़ने के लिए चुनौतीपूर्ण है।

उसने कहा, मैं अल्लाह को धन्यवाद देता हूं कि मैंने इसे सफलतापूर्वक बनाया और अपने माता-पिता और मूल लोगों को गौरवान्वित किया। आदिल के राष्ट्रीय साइकिलिंग स्पर्धाओं और दुबई ओपन चैंपियनशिप में भाग लेने की संभावना है।

उन्होंने अपने प्रायोजकों जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग और सह-प्रायोजक एडिडास, संजा, सिंटेक्स सीमेंट और बहुमुखी को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने उसे रिकॉर्ड तोड़ने में मदद की।

## न्यूज गैलरी

### शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-जून में 1.1 अरब डॉलर के भूमि सौदे हुए

नई दिल्ली। देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-जून के दौरान 1.1 अरब डॉलर से अधिक के लिए भूमि सौदे हुए। सीआईआई-सीबीआरई की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सौदों के तहत लगभग 700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इन जमीनों पर आवास, कार्यालय, खुदरा, लॉजिस्टिक और डेटा सेंटर जैसी परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और संपत्ति सलाहकार सीबीआरई इंडिया ने बुधवार को यहां एक रियल एस्टेट सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की। सीबीआरई के चेयरमैन और सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्वी एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, हम रियल एस्टेट क्षेत्र को लेकर काफी आशान्वित हैं। हालांकि, हमें वैश्विक कारकों को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2022 में रियल एस्टेट के सभी खंड पिछले साल की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस समय अपार्टमेंट के साथ ही वाणिज्यिक, डेटा सेंटर और भंडारण क्षेत्र की मांग काफी अधिक है। मैगजीन ने हालांकि कहा कि बढ़ती ब्याज दरों, जिंसों की ऊंची कीमतों और अमेरिका तथा यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आशंका को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि कई इलाकों में जमीन की कीमतें थोड़ी बढ़ी हैं और अगर दरों में तेजी से वृद्धि हुई, तो कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

### डीएचएल सप्लाई चेन अगले पांच वर्षों में भारत में 4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

मुंबई। डीएचएल सप्लाई चेन अगले पांच वर्षों में भारत में अपनी भंडारण क्षमता, कार्यबल आदि का विस्तार करने के लिए 50 करोड़ यूरो (लगभग 4,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस विस्तार के अलावा, डीएचएल की वर्ष 2026 तक अपनी कुल क्षमता को बढ़ाकर लगभग 2.2 करोड़ वर्गफुट करने के लिए अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में 1.2 करोड़ वर्ग फुट गोदाम स्थल जोड़ने की योजना है। कंपनी ई-कॉमर्स, खुदरा, उपभोक्ता, विनिर्माण के साथ-साथ मोटर वाहन जैसे बढ़ते क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, एनसीआर और पुणे जैसे प्रमुख महानगरों में पूर्ण स्वामित्व वाले डीएचएल बहु-ग्राहक स्थलों में इस 1.2 करोड़ वर्गफुट की क्षमता को जोड़ेगी। इसके अलावा, राज्यों की राजधानियों और दूसरे श्रेणी के शहरों जैसे कि बद्दी, कोचीन, कोयंबटूर, गुवाहाटी, साणंद, इंदौर, लखनऊ, भुवनेश्वर, होसुर और विशाखापत्तनम में बहु-ग्राहक साइटें बनाई जा रही हैं। कंपनी ने कहा कि उसकी 2026 तक भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या को दोगुना करके लगभग 25,000 तक पहुंचाने की योजना है। इसके अलावा यह 2025 तक अपने पूरे अंतर-शहरी बेड़े को हरित परिवहन में बदल देगी। डीएचएल सप्लाई चेन के एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेरी रयान ने कहा, "हम भारत में दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखते हैं क्योंकि यहां पर व्यवसायों के पास आशावादी होने की अनेक वजह है। डीएचएल सप्लाई चेन, जर्मनी के डीपीडीएचएल समूह का एक हिस्सा है।

### एलन मस्क ने 1 दिन में गंवाए 70 हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली। अमेरिका में कल महंगाई के आंकड़े सामने आने के बाद अमेरिका का शेयर बाजार धराशाही हो गया है। महंगाई दर अगस्त में जुलाई की तुलना में 0.1 फीसदी बढ़ी है। इससे अमेरिकी शेयर बाजार के तीनों प्रमुख इंडेक्सेज में भारी गिरावट आई. बाजार में आए इस भूचाल का असर अमेरिकी अमीरों की पूंजी पर भी पड़ा है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजॉस को एक ही दिन में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये (980 करोड़ डॉलर) का घाटा झेलना पड़ा है। इसी तरह दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की दौलत 70 हजार करोड़ रुपये (840 करोड़ डॉलर) घट गई. मनीकंट्रोलकी एक रिपोर्ट के अनुसार, जेफ बेजॉस दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के फाउंडर हैं। इसके अलावा स्पेस एक्स्प्लोरेशन कंपनी ब्लू ओरिजिन के भी मालिक हैं। एलन मस्क इलेक्ट्रिक व्हीकल और होम सोलर बैटरी बनाने वाली कंपनी टेस्ला के सीईओ हैं. मस्क स्पेसएक्स के मालिक भी हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप 25 में 17 अमेरिकी अरबपति शामिल हैं. अमेरिकी शेयर बाजारों में आई गिरावट से सभी अमेरिकी अरबपतियों को भारी नुकसान हुआ है। हजारों करोड़ का नुकसान झेलने वालों में मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, गूगल के फाउंडर सर्गेई ब्रेन और माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बॉमर भी शामिल हैं।

## गुजरात में बनेगी पहली चिप फैक्ट्री:1.54 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट करेंगी वेदांता-फॉक्सकॉन

# एक लाख लोगों को रोजगार मिलने का दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेदांता ग्रुप और ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन साथ मिलकर सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन के लिए गुजरात में प्लांट लगाएंगे। ये भारत का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट होगा। इसके लिए ग्रुप ने गुजरात सरकार के साथ दो मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किए हैं। ग्रुप सेमीकंडक्टर फेब्रिकेशन यूनिट, डिसप्ले फेब्रिकेशन यूनिट और सेमीकंडक्टर असेम्बलिंग एंड टेस्टिंग यूनिट लगाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए दोनों कंपनी 1.54 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। अहमदाबाद में 1000 एकड़ जमीन पर ये प्लांट लगाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट से लगभग 1 लाख लोगों को रोजगार भी मिलेगा। प्रस्तावित सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फेब्रिकेशन यूनिट 28ल्ले टेक्नोलॉजी नोड्स पर काम करेगी। वहीं डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्माल, मिडियम और लार्ज एप्लिकेशंस के लिए जनरेशन 8 डिस्प्ले बनाएगी। हालांकि, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मिनिस्ट्री और क्रट ने अभी तक ऐप्लीकेशन के पहले राउंड को मंजूरी नहीं दी है। बता दें कि वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के साथ केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव टङ्कव पर साइन करने के लिए उपस्थित थे। इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'यह एमओयू भारत की सेमी-कंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग महत्वाकांक्षाओं को गति देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। 1.54 लाख करोड़ रुपए का निवेश अर्थव्यवस्था और नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करेगा। यह सहायक इंडस्ट्रीज के लिए एक बड़ा इकोसिस्टम भी बनाएगा और हमारे एमएसएमईएस की मदद करेगा।'

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, अब तेजस ट्रेनों में कर सकेंगे मुफ्त और सस्ता सफर

**नई दिल्ली।** अगर आप भी केंद्रीय कर्मचारी हैं तो आपके के लिए अच्छी खबर है। अब केंद्रीय कर्मचारी तेजस ट्रेनों में फ्री या कम कीमत यानी रियायती दरों पर सफर कर सकेंगे। ये छूट उनके आधिकारिक यानी ऑफिशियल दौरों के लिए मिलेगी। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने एक नोटिस जारी किया है, जिसमें यह जानकारी दी गई है कि सरकारी केंद्रीय कर्मचारी अब तेजस ट्रेनों में फ्री या कम कीमत पर सफर कर पाएंगे। मंत्रालय के नोटिस के मुताबिक, अधिकारियों ने ऑफिशियल टूर के लिए तेजस एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा में रियायत देने को लेकर विचार किया। इसके बाद सरकार ने इसकी इजाजत दे दी। ऑफिस मेमोरेंडम के मुताबिक ये छूट दी गई ट्रेनों के अलावा टूर, ट्रेनिंग, ट्रांसफर और रिटायरमेंट यात्रा के लिए भी लागू होगी।

## 23 सितंबर से शुरू होगा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन का 23 सितंबर से द अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल शुरू होगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसमें प्राइम मेंबर्स को अर्ली एक्सेस मिलेगा तथा 2लाख से अधिक लोकल स्टोर्स की भागीदारी होगी। पूरे भारत में सभी सेवा योग्य पिन कोड पर डिलीवरी की सुविधा ग्रेट डील, बचत, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट, टॉप ब्रांड और छोटे एवं मध्यम बिजनेस के नए लॉन्च भी होंगे। उसने कहा कि टॉप ब्रांडों के ग्रॉसरी, फैशन व ब्यूटी, स्मार्टफोन, बड़े एप्लांयसेस और टीवी, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स सहित 2000 से अधिक नए प्रोडक्ट लॉन्च और ऑफर का फायदा उठाने का भी इसमें अवसर मिलेगा। उपभोक्ता अपनी पसंदीदा भाषा में खरीदारी करे सकते हैं जो अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बांग्ला और मराठी सहित कई अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में खरीददारी का विकल्प मिलेगा। अमेजॅन इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, हम एक शानदार फेस्टिव सीजन की उम्मीद कर रहे हैं । इस फेस्टिव सीजन में हमारे सेलर्स और पार्टनर्स पूरे भारत में कस्टमर्स की सेवा करने के लिए बेताब हैं। अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल कस्टमर्स को इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन और ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं में भारत के सबसे बड़े सलेक्शन से खरीदारी करने की पेशकश करेगा। इस साल, हम लाखों सेलर्स की मदद से अपने कस्टमर्स की सेवा करने के लिए उत्साहित हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों, 2 लाख स्टोर्स शॉप्स के प्रोडक्ट, पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों के प्रोडक्ट और विभिन्न स्टार्टअप के नवीन प्रोडक्ट ऑफर करते हैं।

## अगस्त में कुछ नरम पड़ी थोक महंगाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई इस वर्ष अगस्त में घटकर 12.41 प्रतिशत पर आ गयी जबकि जुलाई 2022 में यह 13.93 प्रतिशत पर रही थी। जुलाई की तुलना में अगस्त में इसमें 0.46 प्रतिशत की कमी आयी है। आज जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अगस्त में मिनरल तेल, खाद्य पदार्थ, कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस, बेसिक धातु, रसायन एवं रसायन उत्पादा, बिजली, खाद्य उत्पादा आदि की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बढोतरी होने के कारण थोक महंगाई अधिक रही है। अगस्त में इसमें कुछ नरमी दिखने के बावजूद यह पिछले 17 महीने से दो अंकों में बनी हुयी है। जुलाई 2022 की तुलना में अगस्त में प्राथमिक वस्तुओं की थोक महंगाई 15.04 प्रतिशत से घटकर 14.93 प्रतिशत पर आ गयी। इसी तरह से ईंधन एवं पावर का सूचकांक भी 43.75 प्रतिशत घटकर 33.67 प्रतिशत पर आ गयी। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में जुलाई की तुलना में अगस्त में कुछ नरमी रही और यह 8.16 प्रतिशत की तुलना में गिरकर 7.51 प्रतिशत पर आ गयी। अगस्त में हालांकि खाद्य सूचकांक में तेजी रही और यह जुलाई के 9.41 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में बढ़कर 9.93 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इस वर्ष में जून में थोक महंगाई 16.23 प्रतिशत पर रही थी।

## अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी के कोई आसार नहीं, फेडरल रिजर्व उठा सकता है सख्त कदम

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मुद्रास्फीति कम होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे और इससे निपटने के लिए केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व' के आक्रामक कदम उठाने के अनुमान हैं। ऐसे में वित्तीय बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है और मंदी की आशंका बढ़ गई है। लंबे समय से मुद्रास्फीति का कारण रहे कुछ कारक मसलन गैस दाम, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आदि में नरमी आई है लेकिन कुछ अन्य कारण मुद्रास्फीति की स्थिति को और भी चिंताजनक बना रहे हैं। अब दाम नहीं बढ़ रहे क्योंकि वे पहले ही आसमान छू चुके हैं। बल्कि मुद्रास्फीति अब अर्थव्यवस्था में और व्यापक पैठ बना चुकी है और इसके पीछे वजह है मजबूत रोजगार बाजार। वेतन बढ़ने से कंपनियों को दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं ताकि उच्च श्रम लागत की पूर्ति की जा सके, वहीं इससे उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है।

## शॉपिंग मॉल्स में खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2027-28 तक हो सकती है 39 अरब डॉलर : नाइट फ्रैंक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रियल एस्टेट क्षेत्र में परामर्श प्रदान करने वाली एजेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2027-28 में शॉपिंग मॉल्स में खुदरा बिक्री के 39 अरब डॉलर पहुंच जाने का अनुमान है। इस क्षेत्र ने कोविड महामारी से प्रभावित होने के बाद दोबारा रफ्तार पकड़ ली है। नाइट फ्रैंक ने विगत मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट थिंक इंडिया, थिंक रिटेल 2022 - रीइन्वेंटिंग इंडियन शॉपिंग मॉल्स में बताया कि भारत के प्रमुख आठ शहरों में व्यवस्थित खुदरा बिक्री की मात्रा 17 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर वित्त वर्ष 2027-28 तक 136 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 52 अरब डॉलर थी। एजेंसी ने कहा, इसी अवधि में भारतीय शॉपिंग मॉल्स में संभावित खुदरा बिक्री के 29 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2027-28 तक 39 अरब डॉलर हो सकती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि खुदरा अचल संपत्ति क्षेत्र परिपक्वता के एक नए स्तर पर पहुंच गया है जहां छोटे आकार और निम्न ग्रेड में विकास, ग्रेड ए मॉल को रास्ता दे रहे हैं। श्री बैजल ने कहा, मौजूदा ग्रेड ए मॉल की 95 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति है जो इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण रियल एस्टेट की मांग का संकेत है। यह देखते हुए कि खुदरा मॉल अनुभवात्मक हैं, भविष्य में इसमें और अधिक विकास का हिस्सा बनाना चाहेंगे।

> नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि खुदरा अचल संपत्ति क्षेत्र परिपक्वता के एक नए स्तर पर पहुंच गया है जहां छोटे आकार और निम्न ग्रेड में विकास, ग्रेड ए मॉल को रास्ता दे रहे हैं।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और कू ऐप ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए मिलाया हाथ

**नयी दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने आज भारत के अपने बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप के साथ एक समझौता किया। इस समझौते का मकसद टियर 2, टियर 3, दूरदराज के शहरों और इलाकों में यूजरों के बीच वित्तीय साक्षरता और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए कू ऐप और आईपीपीबी दोनों के तालमेल को एक साथ लाना है। इस समझौते पर आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और सीईओ जे वेंकटरामु और कू ऐप के सह-संस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता कू ऐप के विशिष्ट भाषाई समुदायों के माध्यम से एमएलके फीचर का इस्तेमाल करके देश भर में संवाद करेगा ग्राहकों के एक बड़े आधार तक पहुंचने में मदद करेगा। संचार मंत्रालय के अंतर्गत डाक विभाग द्वारा स्थापित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक भारत के सबसे बड़े भुगतान बैंकों में से एक है और देश के दूर-दराज के हिस्सों में इसकी गहरी पैठ है। भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के साथ इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल और स्मार्टफोन की आसान उपलब्धता ने लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद करने और डिजिटल क्रांति को अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

## सोने और चांदी में गिरावट जारी, 692 रुपये गिरा चांदी का भाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज बुधवार 14 सितंबर को सोने और चांदी के भावों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज दोनों ही कीमती धातुओं में कारोबार गिरावट के साथ शुरू हुआ है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 0.13 फीसदी लुढ़क गया है। चांदी में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट देखी जा रही है और भाव 1.20 फीसदी नीचे आया है। टउ पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 9 : 05 बजे 64 रुपये घटकर 50,0074 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने में बुधवार को ट्रेडिंग 50,069 रुपये से शुरू हुई थी। कुछ समय बाद भाव 50,112 रुपये पर पहुंच गया। लेकिन, बाद में यह थोड़ा गिरकर 50,0074 रुपये पर आ गया। चांदी 692 रुपये गिरी- मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी के भाव भी नरमी लिए हुए हैं। चांदी का रेट बुधवार को 692 रुपये गिर गया है और यह प्रति किलो 56,799 रुपये हो गया है। चांदी में आज ट्रेडिंग 57,099 रुपये से शुरू हुई थी। कुछ देर बाद भाव में तेजी आई और यह 57,649 रुपये हो गया। लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और चांदी गिरकर 56,799 रुपये पर ट्रेड करने लगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को सोने और चांदी के भावों में तेज गिरावट आई है। आज सोने का भाव 1.43 फीसदी लुढ़क गया है तो चांदी का रेट भी बुधवार को 2.73 फीसदी गिरा है। सोने का हाजिर भाव आज 1700.08 डॉलर प्रति औंस हो गया है। इसी तरह, आज चांदी का हाजिर भाव भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरकर 19.03 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

> चांदी में आज ट्रेडिंग 57,099 रुपये से शुरू हुई थी। कुछ देर बाद भाव में तेजी आई और यह 57,649 रुपये हो गया। लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और चांदी गिरकर 56,799 रुपये पर ट्रेड करने लगी।

## एनसीएमएल ने संजय गुप्ता को एमडी और सीईओ नियुक्त किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** निजी क्षेत्र की पोस्ट हार्वेस्ट कृषि प्रबंधन कंपनी नेशनल कमोडिटीज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एनसीएमएल) इंडिया के निदेशक मंडल ने एनसीएमएल के अध्यक्ष संजय गुप्ता को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर दिया। कंपनी ने यहां बताया कि एनसीएमएल के गैर कार्यकारी निदेशक रहे सिराज चौधरी अब अध्यक्ष बनाये गये गए हैं। तीन दशक के अनुभव वाले श्री गुप्ता ने कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में जेके एग्री जेनेटिक्स, गोदरेज एग्रोवेट जैसे संगठनों में लीडरशिप भूमिकाओं में काम किया है। एनसीएमएल के साथ जुड़ने से पहले वह जे के एग्री जेनेटिक्स लिमिटेड में अध्यक्ष और सीईओ थे। उन्हें बाजार विकास, बिक्री और विपणन, आपूर्ति, कमोडिटी ट्रेडिंग, परिचालन, चैनल प्रबंधन, उत्पादन प्रबंधन, एसीएम, वितरण और लॉजिस्टिक्स सहित कई कार्यों में व्यापक अनुभव है। अपनी नियुक्ति पर श्री गुप्ता ने कहा, एनसीएमएल एक समृद्ध विरासत वाला एक महान संगठन है और मेरा प्रयास होगा कि हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं देते रहें। अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ काम करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है और हम सर्वोच्च स्तर की ग्राहक संतुष्टि देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। मैं एनसीएमएल में अगला अध्याय लिखने और उसके कॉर्पोरेट विजन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए अपने सभी साथियों के साथ सहयोग करने को उत्साहित हूं।

## पेज एक के शेष

### अधिवक्ता राजीव कुमार...

डिसमिल भूमि 1959 में जिसका डीड संख्या 5252 है। उसके परदादा द्वारा खतियान रैयत के उत्तराधिकारी मोहम्मद इब्राहिम अली से खरीदा गया। भूमि की खरीद के तुरंत बाद से अपना मकान बनाकर उस जमीन पर किसी तरह कार्य करके पूरा परिवार जीवन-यापन करता आ रहा है। दीपक के द्वारा दर्ज कराये गये मामले में बताया गया था कि खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी द्वारा गैरकानूनी तरीके से दोबारा जमीन की बिक्री कर दी गयी और इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। खतियानी रैयत के कुछ उत्तराधिकारी और भू-माफिया अली असगर, अनिल कुमार, राजीव कुमार, अली इरफान और मोहम्मद इस्लाम के द्वारा पूर्व में बिक्री हुई जमीन को साजिश के तहत जालसाजी करके गलत तरीके से जाली कागज और कुर्सीनामा बनाकर हमारी पूरी जमीन बेच दी। जमीन पर आकर इन लोगों के द्वारा हमारे जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर हमारे साथ जाति सूचक शब्द से गाली-गलौज करके अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

### पंकज मिश्रा के...

साहिबगंज में दबिश भी दी, लेकिन वह एजेंसी के हाथ नहीं आया। ऐसे में ईडी ने दाहू के भाई, बेटे व पत्नी को भी समन दिया है। वहीं, ईडी सूत्रों के मुताबिक, आखिरी बार दाहू यादव को पिरपैंती के मुधबन में देखे जाने की बात सामने आयी है। गुरुवार को ईडी के समक्ष हाजिर नहीं होने पर एजेंसी आगे सख्त कार्रवाई करेगी।

### हिंदी हमारी सभ्यता...

आप को स्थापित करने के लिए भाषायी आघात को बर्दाश्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले समय में हिंदी भाषा में हो रहे अतिक्रमण को रोकना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया होने के नाते भरोसा दिलाते हैं कि हिंदी भाषा पर अतिक्रमण नहीं होने देंगे। हमारा प्रयास है कि राज्य सरकार की पूरी व्यवस्था हिंदी भाषा को अपनाते हुए कार्य करें। मुख्यमंत्री बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**राज्य के कई क्षेत्रों में भाषा की जानकारी का फायदा उठाते हैं बिचौलिया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां आज भी लोग हिंदी भाषा नहीं समझ पाते हैं। राज्य सरकार जब भी कोई कार्ययोजना बनाती है तब मैं पदाधिकारियों से इस बात की चर्चा करता हूं कि जिन क्षेत्रों में लोग हिंदी नहीं बोल-समझ पाते हैं वहां के लोगों को क्षेत्रीय भाषाओं में समझाकर योजनाओं को गति दी जा सकती है। जिन क्षेत्रों में लोग हिंदी भाषा को नहीं समझ पाते हैं वहां बिचौलिया सक्रिय हो जाते हैं। परिणाम यह होता है कि सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत फायदा लाभुकों को नहीं मिल पाता है। वहीं, भाषा का फायदा उठाकर सरकार का एक बहुत बड़ा हिस्सा बिचौलिया मार लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस का विषय बहुत बड़ा विषय है। मैं आज के दिवस को भाषा को बढ़ाने का विषय, उसे अपनाने का विषय, भाषा को जीवित रखने के संकल्प दिवस के रूप में देखता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसा कि आज इस मंच पर अपने वक्तव्य में साहित्यकारों ने कहा है कि अगर कोई भाषा खत्म होता है तो न सिर्फ भाषा बल्कि एक सभ्यता एक इतिहास की समाप्ति होती है। असुर जनजाति इसका एक उदाहरण है। जिसने दुनिया को लोहा बनाने का तकनीक दिया आज वो ही विलुप्त होने के कगार पर है। मौके पर मुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले प्रतिभागियों में पवन कुमार, सुमित नीरज, मधुप्रिया हेंब्रम उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित कई गणमान्य साहित्यकार, लेखक एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिलों की बिक्री को सालाना 10 लाख युनिट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है

# होंडा 2025 में भारत में पेश करेगी एथेनॉल से चलने वाली मोटरसाइकिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दोपहिया वाहन बनाने वाली जापानी कंपनी होंडा ने वर्ष 2025 तक 10 या इससे अधिक नयी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें पेश करेंगी। इसके साथ ही कंपनी भारत में वर्ष 2025 में सिर्फ एथेनॉल से चलने वाली मोटरसाइकिल भी पेश करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े मोटरसाइकिल निमार्ता के रूप में अपनी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के साथ राइडिंग के आनंद को बढ़ाते हुए कार्बन न्युट्रेलिटी में अग्रणी बने रहने के लिए काम करेगी और साथ ही सॉफ्टवेयर तकनीकों एवं इलेक्ट्रिक मॉडलों को कम्पेटिबल बनाकर अपने उत्पादों को बेहतर बनाने के प्रयास जारी रखेगी। उसने कहा कि कंपनी ने अगले पांच सालों में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों की बिक्री को सालाना 10 लाख युनिट तक पहुंचाने और 2030 तक इसे 35 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जो उसके कुल बिक्री का लगभग 15 फीसदी होगी। कंपनी ने वर्ष 2040 तक अपने सभी मोटरसाइकिलों में कार्बन न्युट्रेलिटी को सुनिश्चित करते हुए तथा मोटरसाइकिल कारोबार में पर्यावरणी रणनीतियों पर ध्यान केन्द्रित कर इलेक्ट्रिकरण को प्रोत्साहित करने के साथ ही आईसीई की प्रगति (इंटरनल कम्बशन इंजन- आईसीई) पर भी काम जारी रखेगी। उसने कहा कि इसके लिए कार्बन न्यूट्रल ईंधन जैसे गैसोलीन-एथेनॉल ब्लेंड के लिए कम्पेटिबल मॉडल विकसित किए जा रहे हैं। होंडा ने भारत में फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल पेश करने की योजना बनाई है, जो मोटरसाइकिल के प्रमुख बाजारों में से एक है। योजना के तहत सबसे पहले 2023 की शुरूआत में फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल ई 20 और इसके बाद 2025 में फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल ई 100 पेश किए जाएंगे। ई 20 मॉडल मोटरसाइकिल 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल चालित होगी जबकि ई 100 सिर्फ एथेनॉल चालित होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए 17 से 19 सितम्बर तक ब्रिटेन जायेंगी और उन्हें भारत सरकार की ओर से शोक संवेदनाएं प्रकट करेंगी। राष्ट्रमंडल देशों की प्रमुख एवं ब्रिटेन की राष्ट्राध्यक्ष रहीं महारानी एलिजाबेथ का आठ सितम्बर को निधन हुआ था। राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ब्रिटिश उच्चायोग में जाकर औपचारिक रूप से भारत की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की। भारत ने दिवंगत महारानी के सम्मान में 11 सितम्बर को एक दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया था। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा कि महारानी एलिजाबेथ के 70 वर्ष के लंबे शासनकाल में भारत एवं ब्रिटेन के बीच संबंध खूब फले-फूले एवं मजबूत हुए। उन्होंने राष्ट्रमंडल के अध्यक्ष के रूप में लाखों करोड़ों लोगों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया।

### गुजरात तट पर 200 करोड़ की हेरोइन बरामद

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते ने बुधवार को भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक संयुक्त अभियान के दौरान राज्य के तट पर अरब सागर में मछली पकड़ने वाली एक पाकिस्तानी नौका से 200 करोड़ रुपये मूल्य की 40 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नौका चालक दल के सदस्य छह पाकिस्तानी नागरिकों को भी हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के पास तटरक्षक बल और एटीएस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ ले जा रही मछली पकड़ने वाली नौका को समुद्र में रोक लिया। उन्होंने कहा कि हेरोइन को गुजरात तट पर उतारे जाने के बाद सड़क मार्ग के जरिये पंजाब ले जाया जाना था। गुप्त सूचना के आधार पर हमने पाकिस्तान से चली नौका को रोका और छह पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ लिया, जिनके पास से 40 किलोग्राम हेरोइन मिली है। उन्होंने कहा कि जब्त नौका के साथ एटीएस और तटरक्षक बल के अधिकारियों के जखाऊ तट पर पहुंचने की उम्मीद है।

एक और जंग के मुहाने पर दुनिया

# अरमेनिया और अजरबैजान की झड़प में मरे 100 सैनिक, पुतिन ने दिया दखल

**येरेवन (एजेंसी)।** यूक्रेन और रूस के बीच जंग अभी चल ही रही है कि इस बीच अरमेनिया और अजरबैजान के बीच भी भीषण युद्ध का खतरा पैदा हो गया। दोनों देशों के सैनिकों की मंगलवार को सीमा पर झड़प हो गयी, जिसमें दोनों तरफ के मिलाकर करीब 100 सैनिक मारे गये हैं। अरमेनिया का कहना है कि इस खूनी झड़प में उसके 49 सैनिकों की मौत हुई है, जबकि अजरबैजान ने भी 50 सैनिकों के मारे जाने की बात कबूल की है। यह संघर्ष तब छिड़ा, जब अजरबैजान की सेना ने अरमेनियाई इलाके को निशाना बनाते हुए ड्रोन अटैक किये और फायरिंग शुरू कर दी। अरमेनिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि फायरिंग ज्यादा तेज नहीं थी, लेकिन पीछे से अजरबैजान के सैनिक उनके इलाके में बढ़ते आ रहे थे। ऐसे में उनके ऐक्शन के जवाब में अरमेनियाई सैनिकों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। वहीं, अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि उकसावे की कार्रवाई अरमेनिया की ओर से की गयी थी। अरमेनियाई सैनिकों ने सोमवार रात और फिर मंगलवार की सुबह हमले बोले थे। अजरबैजान ने कहा कि अरमेनियाई सैनिकों ने माइंस प्लांट की हुई थीं और अजरबैजान की सीमा चौकियों पर हमले भी किये थे। दोनों देशों के बीच कई दशकों से नागोरनो-कराबाख पर टकराव रहा है। इस इलाके पर अजरबैजान भी अपना दावा करता है, लेकिन 1994 में हुए अलगाववादी युद्ध के बाद से ही यह अरमेनिया के कब्जे में है।

**2020 में भी हुआ था भीषण युद्ध, छह हजार की हुई थी मौत :** दोनों देशों के बीच 2020 में भी भीषण युद्ध हुआ था, जो छह सप्ताह तक चला था। इस युद्ध में करीबी छह हजार लोगों की मौत हुई थी और रूस के दखल के बाद ही विवाद समाप्त हुआ था। मॉस्को की ओर से इलाके में शांति-व्यवस्था की बहाली के लिए दो हजार सैनिकों को पीसकीपिंग मिशन के तहत तैनात किया गया था। इस बीच अमेरिका और रूस दोनों ने ही अजरबैजान और अरमेनिया से शांति बहाली की अपील की है। दरअसल, रूस के अरमेनिया के साथ गहरे सैन्य ताल्लुक हैं। रूस का अरमेनिया में मिलिट्री बेस भी है। इसके अलावा तेल के मामले में समृद्ध अजरबैजान से भी रूस के अच्छे रिश्ते हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच रूस अच्छे रिश्तों का पक्षधर रहा है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी दिया दखल

**अंतरराष्ट्रीय** समुदाय ने भी शांति की अपील की है। इस बीच अरमेनिया के पीएम निकोल पाशिनयान ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की है। इसके अलावा उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से भी बात की है। इस पूरी जंग में यूरोपियन काउंसिल और ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का भी दखल देखने को मिल सकता है। दोनों से ही निकोल पाशनियान ने बात की है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी दोनों देशों से बात की है। ब्लिंकन ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों देश वार्ता की मेज पर आयेंगे और बातचीत से हल निकालेंगे।

अहमदाबाद में बड़ा हादसा

# 7वीं मंजिल पर लिफ्ट टूटने से सात मजदूरों की मौत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद शहर से एक बड़े हादसे की खबर सामने आयी है। जहां एक निर्माणाधीन बहुमंजिला बिल्डिंग के सातवीं मंजिल से अचानक लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गयी। जिसमें सात लोगों के दबने से मौत हो गयी। वहीं, एक युवक गंभीर रुप से घायल भी हुआ है। हादसे की खबर लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस-प्रशासन पहुंचा, ताकि समय पर इमारत में फंसे मजदूरों को रेस्क्यू किया जा सके।

**सांतवी मंजिल से नीचे जमीन में गिर गये मजदूर :** दरअसल, यह दर्दनाक एक्सीडेंट बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। जहां निर्माणाधीन नौवीं मंजिल पर काम चल रहा था और मजदूर लिफ्ट के जरिये सामान ऊपर ले जा रहे थे। जिसमें टोटल आठ लोग सवार थे। जैसे ही लिफ्ट सांतवी मंजिल पर पहुंची तो वह टूट गयी और लिफ्ट में सवार सभी मजदूर नीचे जमीन पर आकर गिर गये। हादसे के तुरंत बाद सभी मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया।

**गुजरात यूनिवर्सिटी के पास बन रही है ये बिल्डिंग :** बता दें कि जिस इमारत में यह हादसा हुआ वह बिल्डिंग गुजरात यूनिवर्सिटी के पास है। इसका नाम एस्पायर-2 है और कंस्ट्रक्शन नौंवी मंजिल तक चल रहा है। इमारत में काम करनेवाले मजदूर एलीवेटर यानि लोहे की लिफ्ट से सामान ऊपर ले जाते हैं। वहीं, हादसे के समय इमारत की पार्किंग में कई वाहन खड़े हुए थे। हालांकि, यहां किसी में कोई टूट-फूट नहीं हुई है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भीषण सड़क हादसा

# बस के खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत, कई यात्री बुरी तरह घायल

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** घाटी में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। पुंछ जिले के सावजियान इलाके में बुधवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने लोकल मीडिया को बताया कि बस गहरी खाई में लुढ़क गयी। उन्होंने कहा कि इस घटना में 12 लोगों के मारे जाने की खबर है जबकि कई अन्य घायल हो गये हैं। हादसे में 27 लोग घायल हुए। इनमें से कइयों की हालत गंभीर है। घटना के तुरंत बाद, पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान शुरू किया गया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि कई घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुःख जताया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर दुःख जताते हुए मरनेवालों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। सिन्हा ने कहा कि पुंछ के सावजियान में सड़क दुर्घटना में हुई मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये दिये जायेंगे। पुलिस और नागरिक अधिकारियों को घायलों को हरसंभव इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

### मरनेवालों में बच्चे भी शामिल

**अधिकारियों** ने बताया कि बस मंडी से सावजियान जा रही थी। बस में 24-30 यात्रियों के बैठे थे। बस का रजिस्ट्रेशन नंबर-जेके12-1419 है। बस बुधवार सुबह बरेली नाले में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गयी। हादसे की सूचना के बाद सेना, पुलिस और स्थानीय लोगों ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि मौतों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई यात्रियों को जानलेवा चोटें आयी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरनेवालों में 5 और 14 साल के दो लड़कों के अलावा तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

## उड़ान भरने से पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से उठा धुआं

**मस्कट (एजेंसी)।** मस्कट एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में अचानक धुंआ निकलने से हडकंप मच गया। आनन-फानन में विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सभी यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। विमान में कुल 145 यात्री सवार थे। विमान मस्कट से कोच्चि के लिए रवाना होनेवाला था, लेकिन उससे पहले विमान से धुआं निकलने लगा। वहीं, इंजीनियर्स की टीम विमान की जांच कर रही है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अपने बयान में कहा कि, 'मस्कट हवाई अड्डे के रनवे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (कोचीन के लिए) के इंजन नंबर दो में धुआं दिखने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यात्रियों के लिए राहत उड़ान की व्यवस्था की जा रहे रही है। हम घटना की जांच करेंगे और उचित कार्रवाई भी करेंगे।' बता दें कि दो महीने पहले, कालीकट से दुबई जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान से जलने की गंध आने के बाद मस्कट की ओर मोड़ना पड़ा था।

# मसूद अजहर पर पाकिस्तान की जहरीली चाल, तालिबान ने लगायी कड़ी फटकार

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की कमान संभाले तालिबान ने पाकिस्तान की उस चाल को फेल कर दिया है जिसमें उसने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी। अफगान विदेश मंत्रालय की तरफ से आधिकारिक बयान जारी कर पाकिस्तान को फटकार लगायी गयी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अफगानिस्तान किसी भी आतंकी को किसी दूसरे देश के खिलाफ साजिश करने की मंजूरी नहीं देता है। पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर की गिरफ्तारी के लिए अफगानिस्तान को चिट्ठी लिखी गयी है।

**तालिबान ने कहा बेकार की बातें :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बाल्खी ने कहा है कि सरकार ऐसी सभी रिपोर्ट्स को खारिज करती है जिसमें कहा गया है कि मसूद



अजहर ने अफगानिस्तान में शरण लेनी चाही है। उन्होंने यह भी कहा कि तालिबान सभी पक्षों से बिना किसी सुबूत के इस तरह के दावे न करने के लिए करती है। बाल्खी की मानें तो इस तरह की बातें द्विपक्षीय संबंधों को खराब करती हैं। पाकिस्तान ने अपनी चिट्ठी में कहा था कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात मसूद अजहर का पता लगाने, रिपोर्ट करने और गिरफ्तारी में पाकिस्तान की मदद करे। मसूद अजहर को 31 दिसम्बर, 1999 को इंडियन एयरलाइंस की उड़ान आईसी 814 के अपहरण के बाद एक भारतीय जेल से रिहा कर दिया गया था। मसूद अजहर संयुक्त राष्ट्र का नामित आतंकी और भारत का मोस्ट वांडेट भी है।

**पाकिस्तान की सोची समझी चाल :** पाकिस्तान का यह कदम अपने देश को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से निकालने से जुड़ा हुआ लग रहा है। भारत के सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान सिर्फ दिखावा कर रहा है और कुछ नहीं। उसकी कोशिश ग्रे लिस्ट से बचने के लिए यह जताने की है कि उसने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की तरफ से बतायी गयीं सभी शर्तों को माना है। वह ऐसा करके खुद को एक सुधरे हुए देश के तौर पर दिखाना चाहता है।

# नयी स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन में मिलेंगी लग्जरी सुविधाएं

माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए अच्छी खबर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए एक अच्छी खबर है। नवरात्रि के मौके पर मां के भक्तों के लिए दो नयी स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने वैष्णो देवी के लिए दो नयी स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन लॉन्च करने की घोषणा की है।

**नवरात्रि स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन :** आईआरसीटीसी के अनुसार, वैष्णो देवी मंदिर के लिए नवरात्रि स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन को इसी महीने से लॉन्च किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन नए लॉन्च किए भारत गौरव रेक के साथ आएगी। यह ट्रेन 30 सितम्बर, 2022 से चलेगी। इस स्पेशल टूरिस्ट ट्रेनों में बैठने, उतरने की सुविधा दिल्ली के सफदरगंज से उपलब्ध होगी। वहीं एक अन्य ट्रेन 25 से 29 सितम्बर के लिए होगी। इस ट्रेन में श्रद्धालुओं

को कन्फर्म सीट के साथ यात्रा के दौरान होटल में ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। दूसरी स्पेशन ट्रेन में रेल यात्रा 30 सितम्बर से चार अक्टूबर तक चार रात एवं पांच दिन की होगी।

**ट्रेन यात्रा का टिकट और मिलेंगी ये सुविधाएं :** वैष्णो देवी के लिए शुरू हो रहे पैकेज में ट्रेन यात्रा का टिकट, यात्रा के दौरान नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि में शाकाहारी भोजन, रेलवे स्टेशन से होटल की यात्रा आटो द्वारा और होटल में ठहरने की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इसके अलावा ट्रेन में एक व्यक्ति का किराया 13,790 रुपये है। साथ ही दो या तीन लोगों के एक साथ ठहरने पर 11,990 रुपये प्रति व्यक्ति किराया लगेगा। यात्री ट्रेन के लिए रिजर्वेशन आइआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन कराया जा सकता है।

# चीन के साथ कारोबार में अब सरल नहीं कठोर होगा जर्मनी

**बर्लिन (एजेंसी)।** जर्मनी के आर्थिक मामलों के मंत्री का तो यहां तक कहना है कि चीन के साथ कारोबारी रिश्तों में अब सरलता नहीं होगी। जर्मनी उद्योगों के लिए कच्चा माल, बैट्री और सेमीकंडक्टरों के लिए चीन पर बहुत ज्यादा निर्भर है। इसी निर्भरता को घटाने की तैयारी चल रही है। आर्थिक मामलों के मंत्रालय का कहना है कि कई नये कदमों पर विचार किया जा रहा है जिनका मकसद चीन के साथ कारोबार को कम आकर्षक बनाना है। बीते सालों में यह पहली बार है जब आर्थिक मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि चीन के साथ कारोबारी नीतियों में सख्त रुख अपनाया जायेगा। आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हाबेक ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से कहा कि चीन का कारोबारी सहयोगी के रूप में स्वागत है, लेकिन अब जर्मनी चीन के संरक्षणवाद और प्रतियोगिता को ध्वस्त करने के तरीकों को मंजूरी नहीं देगा। इसके साथ ही कारोबार छिन जाने के डर से मानवाधिकारों के उल्लंघन की आलोचना भी नहीं छोड़ी जायेगी। एक इंटरव्यू में हाबेक ने कहा कि हम खुद को ब्लैकमेल करने की मंजूरी नहीं देंगे। हाबेक ने इसका ब्यौरा नहीं दिया कि ये उपाय क्या होंगे लेकिन कहा कि यूरोप के बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में चीन के निवेश की बारीकी से पड़ताल भी इसमें शामिल होगी। चीन, जर्मनी का पिछले छह साल से सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है। 2021 में यह कारोबार 246 अरब डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, जर्मनी की मध्य वामपंथी सरकार चीन के प्रति अपनी पूर्ववर्ती मध्य दक्षिणपंथी सरकार की तुलना में कठोर रुख अपना रही है।